रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 11 मई 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 259 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### सुवेंदु अधिकारी बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता बने

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में नंदीग्राम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक सुवेंदु अधिकारी को सोमवार को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। वह राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता बनेंगे। विधानसभा चुनाव में उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हराया था। केन्द्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने आज यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि नंदीग्राम सीट से विधायक चुने गये सुवेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता होंगे क्योंकि पार्टी विधायकों ने उन्हें अपना नेता चुना है।

### वाहनों की खुदरा बिक्री अप्रैल में 28 प्रतिशत घटी

**नयी दिल्ली।** घरेलू बाजार में वाहनों की खुदरा बिक्री में वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान 30 प्रतिशत और गत अप्रैल में माह-दर-माह आधार पर 28 प्रतिशत की गिरावट आई है। ऑटोमोबाइल डीलर संगठनों के महासंघ (फाडा) द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि अप्रैल में देश में कुल 16,49,678 वाहनों का पंजीकरण हुआ जो मार्च 2021 के मुकाबले 28.15 फीसदी कम है। दुपहिया वाहनों का पंजीकरण 27.63 प्रतिशत घटकर 11,95,445 पर आ गया। तिपहिया वाहनों के पंजीकरण में 43 प्रतिशत की गिरावट रही और यह 38,034 इकाई रहा। यात्री वाहनों, टैक्टरों और वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री क्रमशः 25 प्रतिशत, 45 प्रतिशत और 24 प्रतिशत की गिरावट आई। अप्रैल में कुल 2,79,745 यात्री वाहन पंजीकृत हुये।

### अफगानिस्तान में बम विस्फोट में 11 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के दक्षिणी जाबुल प्रांत में प्रांतीय राजमार्ग पर एक यात्री बम में बम विस्फोट से 11 नागरिकों की मौत हो गयी तथा 25 अन्य घायल हो गये। स्थानीय सरकार ने सोमवार को बताया कि यह हादसा रविवार देर रात में हुआ। सरकार की ओर से जारी वक्तव्य के मुताबिक यह घटना शाहर-ए-शफा जिले में कल देर रात हुई। घटना के बाद प्रांतीय पुलिस और बचाव दल ने घायलों को कंधार के क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया। हताहतों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

# गलतियों के लिए प्रायश्चित करें पीएम

## कोरोना संकट पर कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने पारित किया प्रस्ताव

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में कोरोना वायरस की दूसरी लहर पर चर्चा की गई। यह बैठक हाल में संपन्न हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर बुलाई गई थी। बैठक के बाद पारित प्रस्ताव में, सीडब्ल्यूसी ने कोविड -19 महामारी की दूसरी लहर को मोदी सरकार की उदासीनता, असंवेदनशीलता और अक्षमता का प्रत्यक्ष परिणाम बताया। सीडब्ल्यूसी ने प्रस्ताव में कहा कि यह वैज्ञानिक सलाह की केंद्र सरकार की इच्छाशक्ति की अवहेलना, महामारी पर जीत की इसकी समयपूर्व घोषणा (जो कि सिर्फ पहली लहर थी) और चेतावनी के बावजूद पहले योजना बनाने में असमर्थता का प्रत्यक्ष परिणाम है। चेतावनी सिर्फ हेल्थ एक्सपर्ट्स ने ही नहीं, बल्कि संसद की स्थायी कमेटी ने दी थी। प्रस्ताव में कहा गया है कि पीएम को अपनी गलतियों के लिए प्रायश्चित करना चाहिए।

**कोरोना से होने वाली मौतों का आंकड़ा गलत** - कोरोना पर पारित प्रस्ताव में देश में वैक्सीन सप्लाई को लेकर भी केंद्र सरकार पर हमला बोला गया। प्रस्ताव में कहा गया है कि मोदी सरकार कठिन तथ्यों से इनकार करती रही। यह भी कहा गया कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने पिछले महीने पीएम मोदी को एक पत्र में टीके की सप्लाई और ज्यादा लोगों को टीका लगाने के तरीके सुझाए थे, लेकिन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन द्वारा अशोभनीय तरीके से जवाब दिया गया था। प्रस्ताव में कहा गया, सीडब्ल्यूसी इस बात पर चिंता व्यक्त करती है कि कोरोना से होने वाली मौतों का डेटा गलत है और कई मौतों को शामिल नहीं किया गया। यह समय चुनौती का सामना करने का है, नाकि मरने वालों की संख्या को कम करने और संक्रमण के आंकड़ों को गलत दिखाने का है। प्रस्ताव में आगे कहा गया है कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी का मानना है कि यह राष्ट्रीय एकता, उद्देश्य और संकल्प की एक अटूट भावना दिखाने का समय है। प्रधानमंत्री को अपनी गलतियों के लिए प्रायश्चित करना चाहिए और लोगों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

**सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट को लेकर भी कांग्रेस का हमला-** कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने दिल्ली के सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट को लेकर भी केंद्र सरकार पर हमला बोला। सीडब्ल्यूसी ने इसे प्रधानमंत्री की व्यक्तिगत घमंड परियोजना बताते हुए कहा कि आपराधिक रूप से पैसे की बर्बादी की जा रही है। सीडब्ल्यूसी ने कहा कि यह देश के लोगों का अपमान है और असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा है। इससे पहले, सीडब्ल्यूसी को संबोधित करते हुए, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्र ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं किया और राज्यों पर कोरोना टीकाकरण छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अपनी जिम्मेदारी छोड़ दी है और राज्यों पर टीकाकरण छोड़ दिया है। केंद्र के लिए सभी को मुफ्त वैक्सीन प्रदान करने के लिए आर्थिक रूप से अधिक न्यायसंगत होगा।

### 2019 में राहुल ने इस्तीफा दिया, सोनिया कार्यकारी अध्यक्ष बनीं

इससे पहले 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद राहुल गांधी ने पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद सोनिया गांधी ने बतौर कार्यकारी अध्यक्ष फिर से पार्टी की कमान संभाली थी। इसके बाद से ही कांग्रेस नेताओं का एक गुट फुलटाइम और एक्टिव प्रेसिडेंट चुनने की मांग कर रहा है। वहीं, गांधी परिवार से अलग अध्यक्ष बनाने की मांग भी उठती रही है।


### चुनावों में हार पर सोनिया बोलीं- सच का सामना करना होगा

बैठक में 4 राज्यों के चुनाव में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन पर भी चर्चा हुई। अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने हार पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा- इस हार पर ध्यान देना होगा। अगर सच्चाई से मुंह फेरा तो सही सबक नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैं एक ग्रुप बनाना चाहती हूं, जो इस हार के हर पहलू पर विचार करेगा। हमें ये समझना होगा कि केरल और असम में क्यों हारे। बंगाल में हमारे हाथ कुछ भी क्यों नहीं लगा। ये कड़वे अध्याय हैं, लेकिन हम सच का सामना नहीं करेंगे और सही तथ्यों को नजरंदाज करेंगे तो सही सबक हासिल नहीं कर पाएंगे।

### मोदी सरकार पर भी नाराज हुईं सोनिया

सोनिया ने कहा कि महामारी बदतर होती जा रही है और सरकार लगातार विफल हो रही है। जनता मोदी सरकार की लापरवाहियों का खामियाजा भुगत रही है। मोदी सरकार ने वैज्ञानिक सलाह को नजरअंदाज किया है। सरकार ने अपने फायदे के लिए लगातार सुपर स्प्रेडर इवेंट्स को मंजूरी दी।

# प्रदेश की पॉजिटिविटी दर 19 प्रतिशत पहुंची पिछले 6 दिनों से इसमें लगातार गिरावट




**5 अप्रैल के बाद पहली बार पॉजिटिविटी दर 20 प्रतिशत से नीचे पहुंची**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश की पॉजिटिविटी दर पिछले छह दिनों से लगातार घट रही है। बीते 9 मई को प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 19% रही है। 9 मई को प्रदेश भर में हुए 48 हजार 732 सैंपलों की जांच में से 9120 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। प्रदेश में विगत 5 अप्रैल के बाद पहली बार पॉजिटिविटी दर 20 प्रतिशत से नीचे पहुंची है। पिछली बार 5 अप्रैल को यह दर 18 प्रतिशत थी। प्रदेश की पॉजिटिविटी दर में पिछले छह दिनों से लगातार गिरावट देखी गई है। विगत 4 मई को यह दर 28 प्रतिशत, 5 मई को 25 प्रतिशत, 6 मई को 23 प्रतिशत, 7 मई को 22 प्रतिशत, 8 मई को 20 प्रतिशत और 9 मई को 19 प्रतिशत रही है। पिछले एक सप्ताह में रायपुर जिले की पॉजिटिविटी दर में भी अच्छी गिरावट देखी गई है। विगत 2 मई को रायपुर जिले की पॉजिटिव दर 31 प्रतिशत थी जो घटते-घटते अब 15प्र पर आ गई है। पिछले एक सप्ताह के दौरान रायपुर में 3 मई और 4 मई को 25-25 प्रतिशत, 5 मई को 21 प्रतिशत, 6 मई को 18 प्रतिशत, 7 मई और 8 मई को 16-16 प्रतिशत और 9 मई को 15 प्रतिशत रही है।

## हिमंत बिस्वा सरमा ने असम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली



एजेंसी < गुवाहाटी
www.dailypioneer.com

असम के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को गुवाहाटी में एक समारोह में मुख्यमंत्री की शपथ ली। राज्यपाल जगदीश मुखी ने शंकरदेव कलाक्षेत्र में आयोजित एक समारोह में श्री सरमा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। कोरोना वायरस के कारण लागू दिशानिर्देशों का पालन करते हुए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में सीमित संख्या में ही अतिथि मौजूद रहे। श्री सरमा के साथ 14 कैबिनेट मंत्रियों को भी पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। श्री सरमा ने राज्य की पूर्ववर्ती भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में निवर्तमान मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल का स्थान लिया। भाजपा ने अपने गठबंधन सहयोगी यूपीपीएल और असम गण परिषद के साथ मिलकर 72 सीटों पर जीत हासिल की है जो 126 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के लिए बहुमत के लिए 64 के जादुई आंकड़े से आठ अधिक है।

## कोरोना पर स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई 13 मई तक स्थगित

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कोरोना पर स्वतः संज्ञान मामलों की उच्चतम न्यायालय में सुनवाई सोमवार को कंट्रोल रूम के सर्वर डाउन होने के कारण नहीं हो सकी और इसे 13 मई तक स्थगित कर दी गयी। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति एल. नागेश्वरा राव और न्यायमूर्ति एस. रवीन्द्र भट की खंडपीठ ने पूर्वाह्न 11 बजे जैसे ही सुनवाई शुरू हुई वैसे ही कनेक्टिविटी की दिक्कत शुरू हो गयी और अंततः न्यायालय ने मामले की सुनवाई अगले गुरुवार के लिए टाल दी। इस मामले के न्याय मित्र वरिष्ठ अधिवक्ता जयदीप गुप्ता ने 45 मिनट की मशक्कत के बाद वकीलों को सूचित किया कि तकनीकी समस्याओं के कारण मामले की सुनवाई टाली जाती है। इसी वक्त न्यायमूर्ति भट स्क्रीन पर पेश हुए और वकीलों को सूचित किया कि सुप्रीम कोर्ट कंट्रोल रूम का सर्वर डाउन होने के कारण मामला गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

### हाईकोर्ट सेंट्रल विस्टा परियोजना पर रोक लगाने संबंधी याचिका पर आज करेगा सुनवाई

दिल्ली उच्च न्यायालय सेंट्रल विस्टा परियोजना के निर्माण कार्य पर अंतरिम रोक लगाने संबंधी याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति जसमीत सिंह की अध्यक्षता वाली पीठ ने 11 मई को इस मामले पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की, जिसके बाद याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने उच्चतम न्यायालय के आदेश की जानकारी दी।




## श्रीलंका में तीन वनडे और तीन टी-20 खेलेगी भारतीय टीम : गांगुली

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com


भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने संकेत दिए हैं कि भारतीय टीम इस सीजन सीमित ओवर सीरीज के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी, हालांकि इस सीरीज की सटीक तारीख अभी तक अस्पष्ट है, लेकिन गांगुली ने यह स्पष्ट किया है कि इस दौरे पर भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे और तीन टी-20 मुकाबले खेलेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) के अनुसार भारत को जुलाई में श्रीलंका में तीन टी-20 मुकाबले खेलने हैं। जो मूल रूप से गत वर्ष जून में खेले जाने थे, लेकिन कोरोना महामारी कोरण दौरे को रद्द कर दिया गया था। अगर एफटीपी के मुताबिक श्रीलंका के खिलाफ यह सीरीज खेली जाती है तो अभी तक भारत की संभावित टीम भी स्पष्ट नहीं है। वहीं अगर जुलाई में यह दौरा होता है तो इसकी पूरी संभावना राष्ट्रीय चयन समिति अपने प्रमुख खिलाड़ियों के बजाय टीम में नए खिलाड़ियों को चुने। गांगुली ने स्पोर्टस्टार के साथ एक साक्षात्कार में भारत की टेस्ट श्रृंखला के साथ-साथ शेष आईपीएल 2021 के इंग्लैंड में आयोजित होने की संभावना के बारे में कहा, ÷ ऐसा नहीं है। भारत को तीन वनडे और तीन टी-20 के लिए श्रीलंका जाना है। इस दौरान 14 दिन के अनिवार्य क्वारंटीन जैसे कई खतरे हैं। आईपीएल भारत में भी नहीं हो सकता है। इसके लिए क्वारंटीन को संभालना मुश्किल है। इतना जल्दी यह नहीं कहा जा सकता कि हम आईपीएल को पूरा करने के लिए कैसे एक खिड़की और आयोजन स्थल ढूंढ़ सकते हैं। वर्तमान योजना अनुसार चार स्टैंड बाय खिलाड़ियों सहित 20 सदस्यीय भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए दो जून को इंग्लैंड के लिए रवाना होगी।



**महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों में सक्रिय मामलों में आई कमी**

# 24 घंटों में कोरोना के 3,66,161 नए मामले

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



देश के विभिन्न हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस (कोविड-19) के 3,66,161 नए मामले दर्ज किए गए तथा 3754 मरीजों की इसके कारण जान चली गयी, लेकिन राहत की बात यह है कि इस दौरान इस संक्रमण से 3,53,818 लोग ठीक हुए है। इस बीच देश में अब तक 17 करोड़ 01 लाख 76 हजार 603 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार की सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना 3,66,161 नये मामले आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर दो करोड़ 26 लाख 62 हजार 575 हो गया। वहीं इस दौरान 3,53,818 लोग इस महामारी से ठीक हुए, जिसके बाद कोविड-19 को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 1,86,71,222 हो गयी। देश में इस समय कोरोना के सक्रिय मामलों में की संख्या 37,45,237 है। इसी अवधि में 3,754 मरीज अपनी जान गंवा बैठे और इसके बाद इस महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,46,116 हो गयी है। देश में रिकवरी रेट बढ़कर 82.39 फीसदी और सक्रिय मामलों की दर घटकर 16.53 प्रतिशत हो गयी है, वहीं मृत्युदर अभी 1.09 फीसदी है। महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामले 12357 घटकर 6,18,070 पर आ गए हैं। इस दौरान राज्य में 60,226 और मरीजों के ठीक होने के बाद कोरोना को मात देने वालों की तादाद बढ़कर 4407818 हो गयी है जबकि 572 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 75,849 हो गया है।

### कोरोना से 32.93 लाख लोगों की मौत

विश्वभर में कोरोना के लगातार बढ़ते प्रकोप के बीच इसके संक्रमितों की संख्या 15.83 करोड़ से अधिक हो गई और 32.93 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केंद्र (सीएसएसई) की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार दुनिया के 192 देशों एवं क्षेत्रों में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 15 करोड़ 83 लाख 37 हजार 422 हो गयी है, जबकि 32 लाख 93 हजार 153 लोगों की मौत हो चुकी है। वैश्विक महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना वायरस का कहर तेजी से बढ़ता जा रहा है तथा यहां संक्रमितों की संख्या तीन करोड़ 27 लाख 07 हजार 797 हो गयी है जबकि करीब 5.82 लाख मरीजों की इस महामारी से मौत हो चुकी है। दुनिया में कोरोना संक्रमितों के मामले में भारत दूसरे स्थान पर और मृतकों के मामले में तीसरे स्थान पर है। पिछले 24 घंटों में कोरोना 3,66,161 नये मामले आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर दो करोड़ 26 लाख 62 हजार 575 हो गया। वहीं इस दौरान 3,53,818 लोग इस महामारी से ठीक हुए, जिसके बाद कोविड-19 को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 1,86,71,222 हो गयी। देश में इस समय कोरोना के सक्रिय मामलों में की संख्या 37,45,237 है। इसी अवधि में 3,754 मरीज अपनी जान गंवा बैठे और इसके बाद इस महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,46,116 हो गयी है। ब्राजील संक्रमितों के मामले में अब तीसरे स्थान पर है। देश में कोरोना संक्रमण के मामले फिर से बढ़ रहे हैं और अभी तक इससे करीब 1.52 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं जबकि 4.22 लाख लोगों की मौत हो चुकी है।

# पश्चिम बंगाल में मित्रा तथा 42 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

एजेंसी < कोलकाता
www.dailypioneer.com



पश्चिम बंगाल के पूर्व वित्त मंत्री अमित मित्रा तथा 42 नवनिर्वाचित विधायकों ने यहां राजभवन में कोविड दिशानिर्देशों के कारण आयोजित एक सादे समारोह में सोमवार को मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने इन मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। तीन कैबिनेट मंत्रियों मित्रा, ब्रात्या बसु और रतिन घोष ने वर्चुअल तरीके से शपथ ली। श्री घोष और श्री बसु कोरोना वायरस से संक्रमित हैं। वहीं बीमारी के कारण चुनाव नहीं लड़ने वाले मित्रा ने भी वर्चुअल तरीके से शपथ ली। तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी नीत सरकार के पहले दो कार्यकाल में वित्त मंत्री रहे मित्रा को फिर से वित्त मंत्री बनाये जाने के संकेत हैं। गत पांच मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाली सुश्री बनर्जी की ओर से नवनियुक्त मंत्रियों के विभागों का बंटवारा जल्द ही किये जाने की संभावना है। नये मंत्रिमंडल में अल्पसंख्यक समुदाय की सात मंत्रियों समेत कुल नौ महिलायएं शामिल हैं। इसके अलावा पूरे राज्य के 20 जिलों के विधायकों तथा अनुसूचित जाति और जनजाति समुदाय को भी उचित प्रतिनिधित्व दिया गया है।

# स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कोरोना जांच और टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा की

## सभी वर्गों के टीकाकरण में तेजी लाने के दिए निर्देश, नागरिकों के लिए सुविधाजनक जगहों पर बनाएं टीकाकरण केंद्र





पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रदेश में कोरोना जांच एवं टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सिविल लाइन स्थित नवीन विश्राम भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में सभी वर्गों के टीकाकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों के लिए सुविधाजनक जगहों और भवनों में टीकाकरण केंद्र स्थापित करने कहा। उन्होंने टीकाकरण केन्द्रों में सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि टीकाकरण के लिए पहुंचने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। सिंहदेव ने छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन को टीका बनाने वाली दोनों कंपनियों के साथ समन्वय कर 18 वर्ष से 44 वर्ष आयु वर्ग के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में टीकों की व्यवस्था करने कहा। उन्होंने टीकाकरण के लिए आवश्यक कन्ज्युमेबल्स भी पर्याप्त संख्या में भंडारित करने कहा। स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने बैठक में बताया कि 18 वर्ष से 44 वर्ष के लोगों के टीकाकरण के लिए भारत बायोटेक और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया को 75-75 लाख टीकों की आपूर्ति के लिए कहा गया है। उन्होंने नौ लाख टीके इसी महीने मिलने की उम्मीद जताई। कोरोना टीकाकरण की राज्य नोडल अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने जानकारी दी कि प्रदेश में 9 मई तक 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के एक लाख नौ हजार 869 व्यक्तियों को टीका लगाया जा चुका है। स्वास्थ्य कर्मियों, फ्रंटलाइन वर्कर्स, 45 वर्ष से अधिक के नागरिकों और 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग को मिलाकर प्रदेश में अब तक कोरोना से बचाव के कुल 59 लाख 36 हजार टीके लगाए गए हैं।

### मंत्री सिंहदेव अचानक पहुंचे दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम वैक्सीनेशन सेंटर

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम पहुंचे. यहां संचालित टीकाकरण केंद्र में उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों से चर्चा की। इस दौरान कोविड उपयुक्त व्यवहार के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा की। मंत्री ने क्रमबद्ध तरीके से व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने टीका लगवाने आये 18-44 आयु वर्ग से चर्चा कर उनकी प्रतिक्रिया भी ली. इसके बाद उन्होंने शंकरनगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में निर्मित वैक्सीनेशन केंद्र का औचक निरीक्षण किया, जहां उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों से चर्चा कर टीका लगवाने पहुंच रहे लोगों की संख्या व विभाग द्वारा की गई व्यवस्थाओं की जानकाली ली।इसके साथ ही उन्होंने टीकाकरण में जुड़े स्वास्थ्यकर्मियों के लिए भोजन व्यवस्था की भी जानकारी प्राप्त की. इस केंद्र में पहुंचे अंत्योदय वर्ग व अन्य लोगों से संवाद किया. इसके बाद मंत्री ने कर्मचारियों को व्यवस्था और बेहतर करने की दिशा में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### दवा विक्रेता संघ ने मेडिकल स्टॉफ को वैक्सीन की प्राथमिकता देने की मांग की

कोरोना महामारी से बचाव के लिए वैक्सीनेशन पर जोर दिया जा रहा है. इसी बीच रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ रायपुर ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव और सीएमएचओ डॉ. मीरा बघेल को पत्र लिखा है. पत्र के जरिए दवा विक्रेताओं, कर्मचारियों और परिवार को वैक्सीन की प्राथमिकता देने के मांग की है। रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ का कहना है कि जिनकी आयु 18 से 44 वर्ष के हैं, उनको वैक्सीन की प्राथमिकता दी जाए या फिर उन्हें जल्दी वैक्सीन लगाई जाए. क्योंकि दवा विक्रेता सबसे ज्यादा कोरोना संक्रमित मरीज और उनके रिश्तेदार के संपर्क में दवा देते समय आ रहे हैं।

# वैक्सीन की कमी सहित अन्य मुद्दों को लेकर भाजपा ने राज्यपाल से मुलाकात की

## मुख्यमंत्री ने आपदा को अवसर में बदलाकर शराब बेचना शुरू दिया



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना संक्रमण के बीच संक्रमण, वैक्सीनेशन और वैक्सीन की कमी सहित अन्य कई मुद्दों को लेकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल और राज्यपाल के बीच कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। राज्यपाल से मुलाकात के बाद पूर्व सीएम रमन सिंह ने मीडिया से बात करते हुए बड़ा बयान दिया है। रमन सिंह ने कहा है कि हमने राज्यपाल को जानकारी दी है कि सरकार विपक्ष को अपमानित कर रही है। वैक्सीनेशन में परेशानियों की बात राज्यपाल के सामने रखी है। भारत के अन्य राज्य वैक्सीन खरीद रहे हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ को क्या परेशानी है, क्यों पैसे बचा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आपदा को अवसर में बदला है, 10 लोग मरे तो सीएम ने शराब बेचना शुरू दिया है। वहीं, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने राज्यपाल से मुलाकात के बाद बताया कि सेंट्रल गवर्नमेंट की गाइडलाइन के अनुसार 18+ का वैक्सीनेशन होना चाहिए। लोगों के जीवन को बचाने के लिए हमें राजनीति करना पड़े तो करेंगे। उन्होंने बारिश से धान के नुकसान के संबंध में कहा कि लाखों का धान पिछले साल भी सड़ गया था और इस साल भी सड़ गया है। किसानों को इसका मुआवजा मिलना चाहिए और दोषियों पर कार्रवाई होना चाहिए।

### रमन सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की

राज्यपाल अनुसुईया उइके से राजभवन में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर विष्णुदेव साय, सांसद सुनील सोनी, पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री एवं विधायक अजय चंद्राकर, विधायक शिवरतन शर्मा सहित पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी उपस्थित थे।

# एम्स से अब तक 8205 रोगी डिस्चार्ज भर्ती मरीजों को ऑक्सीजन की जरूरत

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर से अब तक 8205 रोगी कोविड-19 ठीक होने के बाद डिस्चार्ज हो चुके हैं। वर्तमान में लगभग 400 रोगी उपचार प्राप्त कर रहे हैं। इनमें से अधिकांश को ऑक्सीजन और वेंटीलेटर की आवश्यकता पड़ रही है। निदेशक प्रो. डॉ. नितिन एम. नागरकर के अनुसार वर्तमान में 79 रोगी आईसीयू में उपचार प्राप्त कर रहे हैं। 46 रोगी वेंटीलेटर पर हैं।

148 रोगियों को ऑक्सीजन की आवश्यकता पड़ रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सभी गंभीर कोविड रोगियों को एडमिट करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए 500 बैड रिजर्व रखे गए हैं।



अधिकांश रोगियों को अब ऑक्सीजन या वेंटीलेटर की आवश्यकता पड़ रही है। एम्स की तैयारी इसी के अनुरूप की गई है।

इधर, प्रदेश में माह भर बाद कोरोना संक्रमण के मामले 10 हजार से नीचे गए हैं। रविवार को 9112 कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं। वहीं, 12,810 संक्रमित स्वस्थ और 189 लोगों की मौत हुई है। स्वस्थ होने वालों में 370 अस्पताल से डिस्चार्ज और 12440 लोगों ने होम आइसोलेशन की अवधि पूरी की है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक रायगढ़ में 687, बलौदाबाजार में 635, जांजगीर में 600, बिलासपुर में 572, कोरबा में 571, सरगुजा में 522, कोरिया में 463, 392, दुर्ग में 294 समेत अन्य जिलों में मरीज मिले हैं। राज्य में अब तक कुल 851476 संक्रमित मिले। इसमें 126547 सक्रिय, 714359 स्वस्थ और 10570 लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि 18-44 आयु के लोगों नौ मई तक 1,09,869 टीका लगा है। इसमें 50105 हितग्राही अंत्योदय के हैं। रविवार को राज्य के 483 केंद्रों में 18-44 वर्ष वालों को 30,071 टीका लगा। इसमें अंत्योदय के 4198, बीपीएल, 11594, एपीएल के 14279 हितग्राही शामिल हैं।

# कोरोना संक्रमण से रोकथाम के लिए महिला समूह कर रही जागरूकता लाने का कार्य

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश में कोरोना संक्रमण के रोकथाम एवं कोरोना मरीजों की स्वास्थ्य का अच्छा उपचार हो इसके लिए राज्य सरकार द्वारा निरंतर स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा किया जा रहा है। इसके साथ ही कोरोना संक्रमण से सुरक्षा के लिए वैक्सिनेशन को जरूरी बताते हुए सभी पात्र लोगों से टीका लगवाने की अपील की गई है। इसी क्रम में जिले में कोविड महामारी के रोकथाम एवं टीकाकरण हेतु सकारात्मक माहौल तैयार करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन सूरजपुर के पहल पर बिहान महिला समूह के जिला एवं जनपद स्तरीय अमले द्वारा 400 से अधिक सामुदायिक संवर्गों



को ऑनलाईन माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से मास्क का सही ढंग से उपयोग एवं अनिवार्यता, टीकाकरण की प्रक्रिया, टीकाकरण पश्चात् सावधानियां, व्यक्तिगत स्वच्छता, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता को ब?ाये जाने के उपाय, कोविड संक्रमण के दौरान ईलाज एवं आईसोलेशन, बाहर से आए लोगों के कोविड जांच आदि के विषय में जानकारी दिया गया।

जहां एक ओर लोग कोरोना संक्रमण से डरे हुए हैं वहीं दूसरी ओर महिला स्व-सहायता समूह के सदस्य एवं सामुदायिक कैडर स्वास्थ्य अमले, मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ मिल कर कोरोना के रोकथाम, टीकाकरण, होम आईसोलशन आदि के विषय में डोर टू डोर भ्रमण कर एवं दीवाल लेखन के माध्यम से जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं। इन सामुदायिक कैडरों के माध्यम से संकुल संगठन, ग्राम संगठन, स्व सहायता समूह सदस्यों एवं अन्य ग्रामीणों के बारे में विभिन्न माध्यमों से जानकारी साझा करते हुए प्रचार-प्रसार का कार्य किया जा रहा है। इन कैडरों द्वारा होम आईसोलशन में रहने वाले व्यक्तियों की निगरानी के कार्य में भी मितानित एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

# निःशुल्क टीके देने के बजाए केंद्र सरकार क्यों ले रही है टैक्स

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

संसाधनों से सम्पन्न केंद्र सरकार 18+ यूवाओ को मुफ्त टीका लगवाने के बजाए,राज्य सरकार के ख़रीदी पर टैक्स वसूल रही है।केंद्र सरकार से यह सवाल करने विनोद तिवारी ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, प्रदेश में मौजूद भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमन सिंह केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह समेत 8 भाजपा सांसदों 2 राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय एवं रामविचार नेताम को पत्र भेजा है।साथ ही टीकाकरण पर मुख्यमंत्री जी से चर्चा करने वाले प्रतिनिधि मंडल के सदस्य नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक विधायक



बृजमोहन अग्रवाल अजय चंद्राकर को भी पत्र भेजा है। दो पन्नों के इस पत्र में विनोद तिवारी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण के उस घोषणा को याद दिलाया है जिसमें उन्होंने कहा था कि वेक्सिनेशन के लिए 35 हजार करोड़ का प्रावधान का घोषणा कर वाहवाही लूटी गई, परन्तु जरूरत के समय सीरम इस्ट्यूट एव भारत बायोटेक कम्पनी को केवल 4700 करोड़ थमा कर वेक्सिन उत्पादन की पहली कड़ी में ही कमजोर साबित हो गई। आगे कहा कि तीसरी लहर की भयावहता की चेतावनी दी जा रही है। इस समय वेक्सीन ही एक मात्र विकल्प है, समय पर पर्याप्त संख्या में वैक्सिन की जरूरत है। ऐसे में क्या प्रदेश के भाजपा नेताओं की नैतिक जिम्मेदारी नहीं बनती की वे पीएम मोदी से इस विषय में बात कर पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन मांगा जाना चाहिए। निःशुल्क नहीं, रियायत दर पर भी नहीं मांग सकते तो, वेक्सीन पर लगाये जा रहे जीएसटी में छूट तो दिला सकते हैं। तिवारी ने कहा कि 15 साल सरकार चलाने वाली भाजपा छतीसगढ़ में मौजूद संसाधनों से वाकिफ हैं। इन हालातों में छतीसगढ़ की जनता के हित में पीएम मोदी से चर्चा करने की नसीहत दिया है।

# बाल संप्रेक्षण गृह माना के सभी बच्चे एवं स्टॉफ सुरक्षित एवं कोरोना के उपचार के उपरांत पूर्णतः स्वस्थ है

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

बाल संप्रेक्षण गृह एवं प्लेस ऑफ सेफ्टी, माना के सभी बच्चे एवं स्टॉफ सुरक्षित एवं कोरोना के उपचार के उपरांत पूर्णतः स्वस्थ है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर ने बताया कि इस संप्रेक्षण गृह में कुल 73 अपचारी बच्चे निवासरत है जिनका सुरक्षागत कारणों से 29 अप्रैल 2021 को रैपिड एंटीजन तथा आर.टी.पी.सी.आर. टेस्ट कराया गया था, इसके अतिरिक्त वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का भी टेस्ट कराया गया था। रिपोर्ट के अनुसार 45 बच्चों एवं 05 कर्मचारियों में कोरोना संक्रमण के प्रारंभिक लक्षण प्राप्त होते ही तत्काल सभी संक्रमित बच्चों को सामान्य बच्चों से पृथक करते हुए संस्था के अंदर ही आइसोलेशन सेंटर बनाकर उनके त्वरित एवं तत्काल उपचार की कार्यवाही आरंभ की गई। जिला कलेक्टर डॉ.एस.भारतीदासन के निर्देशानुसार तत्काल इस संप्रेक्षण गृह को कोविड सेंटर के रूप में विकसित कराते हुए शासन द्वारा निर्धारित कोविड प्रोटोकाल का पालन सुनिश्चित कराया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से यहां तत्काल 01 डॉक्टर एवं 06 नर्स की ड्यूटी लगाते हुए नगर पंचायत माना के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के माध्यम से सभी बच्चों एवं स्टॉफ के लिए दवाईयां उपलब्ध कराई गई। वर्तमान में सभी बच्चे कोरोना बीमारी से निजाद पाकर सामान्य हो चुके है। मुख्य नगर पालिक अधिकारी, माना के द्वारा प्रत्येक दिन संस्था का सेनेटाईजेशन भी किया जा रहा है तथा संस्था के माध्यम से बच्चों के लिए फल, दूध इत्यादी की व्यवस्था की गई है। संस्था में नवीन प्रवेशित अपचारी बालकों के लिए कोरोना टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है तथा ऐसे बच्चों के लिए संस्था में पृथक से आइसोलेशन सेंटर बनाया गया है। बाहरी व्यक्तियों एवं परिजनों के बच्चों से मिलने हेतु कोविड प्रोटोकाल का पालन अनिवार्य रूप से आवश्यकता आधारित सुनिश्चित कराया गया है। शेष बालकों को दूरभाष के माध्यम से परिवार से संपर्क एवं बातचीत कराया जा रहा है।

## बारिश होते ही खुल गई एक्सप्रेस-वे की पोल


# तेज बारिश होते ही एक्सप्रेस-वे का कांक्रीट ब्लॉक गिरे, हादसा टला

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

शंकरनगर स्थित एक्सप्रेस-वे की गुणवत्ता की पोल एक बार फिर से खुल गई है। बीती रात तेज बारिश से एक्सप्रेस-वे के कई कांक्रीट ब्लॉक जमीन पर गिर गए है। वहीं कुछ ब्लॉक तेज बहाव व बारिश से नीचे की ओर झुक गये।

मिली जानकारी के अनुसार राजधानी वासियों को भीड़ से निजात दिलाने एवं शहर की एक छोर से दूसरे छोर की ओर जाने के लिये 300 करोड़ रुपये की लागत से एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराया गया है। छत्तीसगढ़ सड़क विकास निगम द्वारा निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे का काम तेजी से चल रहा था। लेकिन लॉकडाउन के कारण कुछ दिनों से इसका काम धीमा हो गया है। ठेका एजेंसी ने सबसे पहले तेलीबांधा और शंकर नगर ओवरब्रिज का काम शुरू किया था।

लेकिन बीती रात हुई तेज बारिश में ही एक्सप्रेसवे में लगा कांक्रीट के कई ब्लॉक जमीन पर गिर गए व कुछ ब्लॉक नीचे की ओर झुक गया है। गनीमत यह रही कि ब्लॉक नीचे गिरने के दौरान कोई व्यक्ति उसकी चपेट में नही आया नही तो हो सकता था बड़ा हादसा। ज्ञात हो कि राजधानी स्थित छोटी लाइन पर 300 करोड़ की लागत से बने एक्सप्रेस-वे का तेलीबांधा ओवरब्रिज का हिस्सा 11 अगस्त 2019 को धसक गया था। इसमें शासन ने जांच के आदेश दिए थे। सीटीआई और एनआइटी के विशेषज्ञों ने एक्सप्रेस-वे की रोड,



एप्रोच रोड, ब्रिज, एलाइमेंट, ब्रिज में पानी की निकासी व्यवस्था, रोलिंग, गिट्टी की मिक्सिंग और ब्रिज के दोनों तरफकी रिटेनिंग वॉल की जांच की। शासन की रिपोर्ट में एप्रोच रोड का कॉम्पेक्शन फेल तथा रिटेनिंग वॉल खराब पाई गई। इसके बाद शासन ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई कर दोबारा एक्सप्रेस-वे का काम शुरू करवाया था, लेकिन लॉकडाउन के चलते काम बंद हो गया था। सड़क विकास निगम द्वारा रायपुर रेलवे स्टेशन से सददानी दरबार तक 12 किमी लंबे एक्सप्रेस-वे का काम चल रहा है।

एक्सप्रेस वे का काम पूरा होने में अभी छह महीने का समय लगेगा। छत्तीसगढ़ सड़क विकास निगम के अधिकारी का कहना है कि जून, 2021 तक निर्माण कार्य पूरा होने से शहरवासियों को सुविधा मिलने लगेगी। एक्सप्रेस-वे के पांचों फ्लाइओवर को बनाने का काम तेजी से चल रहा है। सड़क विकास निगम के अधिकारी का कहना है कि अभी मुझे इसकी जानकारी नहीं है पता करके ही कुछ बता पाऊंगा। ज्ञात हो कि राजधानी स्थित छोटी लाइन पर 300 करोड़ रुपये की लागत से बने एक्सप्रेस-वे का तेलीबांधा ओवरब्रिज का हिस्सा 11 अगस्त 2019 को धसक गया था। इसमें शासन ने जांच के आदेश दिए थे। सीटीआई और एनआइटी के विशेषज्ञों ने एक्सप्रेस-वे की रोड, एप्रोच रोड, ब्रिज, एलाइमेंट, ब्रिज में पानी की निकासी व्यवस्था, रोलिंग, गिट्टी की मिक्सिंग और ब्रिज के दोनों तरफ की रिटेनिंग वॉल की जांच की। शासन की रिपोर्ट में एप्रोच रोड का कॉम्पेक्शन फेल तथा रिटेनिंग वॉल खराब पाई गई। इसके बाद शासन ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई कर दोबारा एक्सप्रेस-वे का काम तेजी से शुरू करा दिया है। छत्तीसगढ़ सड़क विकास निगम के अधिकारियों के मुताबिक, शहर के विभिन्न हिस्सों के साथ ही नवा रायपुर को जोड़ने वाली इस सड़क को बेहतर ढंग से बनाया जा रहा है। एक्सप्रेस-वे को स्टेशन चौक से भी जोड़ने का काम शुरू किया जाएगा। फिलहाल स्टेशन में आरपीएफ पोस्ट के सामने तक एक्सप्रेस-वे को लाकर बंद कर दिया गया है। हालांकि, पहले इसे स्टेशन चौक से मिलाने की योजना थी, लेकिन बाद में रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा व ट्रैफिक दबाव का हवाला देकर सड़क को आगे बढ़ने से रोक दिया था। अब एक बार फिर स्टेशन चौक के स्वरूप को बदलकर एक्सप्रेस-वे को वहां से जोड़ने की पहल होगी। स्टेशन चौक से जुड़ने पर स्टेशन रोड से फाफाडीह चौक तक लगने वाली जाम से लाखों लोगों को राहत मिलेगी।

> एक्सप्रेस वे का स्लैब गिर गया है मुझे अभी इसकी जानकारी नहीं है। पता करके ही कुछ कह पाऊंगा।
> **- विलाश संदीपन भोस्कर,** एमडी सड़क विकास निगम छत्तीसगढ़

### विमान से पहुंचा 150 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, जिलों की मांग के अनुसार किए जाएंगे वितरित

**रायपुर।** दिल्ली से 150 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर छत्तीसगढ़ की राजधानी पहुंचे हैं। केंद्र सरकार द्वारा भारतीय वायुसेना के जरिए ये ऑक्सीजन कंसंट्रेटर पहुंचाए गए हैं।रायपुर में 300 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर पहुंचाए गए थे। छत्तीसगढ़ में जिलों की मांग के अनुसार कंसंट्रेटर बांटे जाएंगे । छत्तीसगढ़ प्रदेश की पॉजिटिविटी दर पिछले छह दिनों से लगातार घट रही है। बीते 9 मई को प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 19% रही है। 9 मई को प्रदेश भर में हुए 48 हजार 732 सैंपलों की जांच में से 9120 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। प्रदेश में विगत 5 अप्रैल के बाद पहली बार पॉजिटिविटी दर 20 प्रतिशत से नीचे पहुंची है। पिछली बार 5 अप्रैल को यह दर 18 प्रतिशत थी। प्रदेश की पॉजिटिविटी दर में पिछले छह दिनों से लगातार गिरावट देखी गई है। विगत 4 मई को यह दर 28 प्रतिशत, 5 मई को 25 प्रतिशत, 6 मई को 23 प्रतिशत, 7 मई को 22 प्रतिशत, 8 मई को 20 प्रतिशत और 9 मई को 19 प्रतिशत रही है।

# दूल्हे और बारातियों के ठुमके ने लगाई कोरोना गाइडलाइन की वॉट

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोरोना की दूसरी लहर में देश मे लाखों लोग संक्रमित हुए हैं और संक्रमण के चलते बहुत लोगों ने अपनी जान गवा दी, और कई ऐसे लोग जो वेंटिलेशन में कोरोना संक्रमण की लड़ाई में अपने जीवन के लिए संघर्षरत हैं। पर कुछ लोग अब भी नासमझी कर रहे हैं ओर लगातार कोरोना गाइडलाइन का पालन नही कर रहे और लगातार शादियों में भीड़ जमा कर कोरोना फैलाने का कार्य कर रहे हैं। ऐसा ही कुछ मामले पूर्व में कोंडागांव जिला में देखने को मिला जैसे ग्राम पंचायत कुम्हारापरा में भी 4 से 5 शादियां हुई और जिला प्रशासन की टीम जब कोरोना जांच में पहुंची तो दो दिनों में 80 से अधिक लोग कोरोना संक्रमण की चपेट में आ गए हैं। ऐसा मंद बुद्धि के लोगों के द्वारा ही किया जा रहा है पर एक सरकारी नौकरी वाला व्यक्ति अगर ऐसा करे तो उसे क्या कहंगे मंद बुद्धि या अनपढ़ गंवार? अनपढ़ तो नहीं कहा जा सकता। आपको बता दें कि कोंडागांव जिला में माकडी ब्लॉक अंतर्गत आने वाला ग्राम भिरागांव में एक सरकारी कर्मचारी की शादी के दौरान विवाह स्थल पर डीजे की धुन पर देर रात तक बड़ी तादाद में ग्रामीण युवक युवतीया थिरकते हुए का वीडियो वायरल हुआ है।

**किस विभाग में है कर्मचारी :** सूत्र बता रहे है कि वन विभाग कोंडागांव का कर्मचारी बताया जा रहा है। जिसकी शादी रस्म 4 मई से शुरू होकर आने वाले 6 मई गुरुवार ढलती शाम बिखरती चांदनी तक ग्राम भीरागांव में प्रतिभोज किया जाना बताया गया हैं।

**शादी के कार्ड में कोरोना का पालन की जानकारी :** शादी समारोह में शामिल होने वालों लोगों को कोरोना गाइडलाइन का पालन का ज्ञान बाटने वाला खुद कोरोना फैलाने के लिए मंड़वा की रात को डीजे की धुन में गाइडलाइन की वॉट लगा दी हैं। क्या ऐसे में कोरोना का संक्रमण रुकेगा या बढ़ेगा? यह तो शादी करने वाला दूल्हा ही बता सकता हैं।

**दूल्हे ने भी लगाया ठुमका :** वारयल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि अपने दोस्तों या रिस्तेदारों के साथ दूल्हा डीजे की धुन में डांस करते हुए दिखाई देता है। दूल्हा तो मुंह मे मास्क बांधकर नाच रहा है पर उसके साथ नाचने वाले के मुंह मे कोई मास्क नहीं । मतलब यह है कि तुम को हो जाए कोरोना हम रहे स्वस्थ।

**6 को होगा प्रतिभोज का आयोजन :** शादी करना और शादी के लडू खाना हर किसी को अच्छा लगता हैं पर कोरोना काल मे शादी के लडू खाने के लिए गाइडलाइन जिला प्रशासन ने जारी की है पर शादी के लडू के लिए ढलती शाम बिखरती चांदनी तक क्या लोगो को लडू खिलाओगे या कोरोना का कहर व्यक्तियों पर गिराएंगे।

**नहीं है कोई भय आखिर क्यों :** कोरोना काल में इस दूल्हे को जिला प्रशासन या कोरोना का भय गाइडलाइन का पालन क्यों नहीं। इसके बारे में सूत्र बताते हैं कि वन विभाग का कर्मचारी होने के साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व कोण्डागांव विधायक मोहन मरकाम का रिस्तेदार होना बताया जा रहा है। हो सकता है की दूल्हे के मन मे यह सोच घर कर गई होगी कि सैयां भए कोतवाल तो डर किस बात का मतलब यह कि जब जनप्रतिनिधि पावर फूल रिस्तेदार है तो डर किस बात का। तभी तो बेखोफ होकर बड़े धूमधाम से 5+5 के स्थान पर बड़ी तादात में कूद-कूद कर नाचते रहे पर जिला प्रशासन तक खबर नही पहुंची सोचनीय विचार हैं। आम लोगों का क्या कहना, इस वारयल वीडियो को देखकर नगर सहित जिले के लोगों का कहना हैं कि कोरोना काल मे इतनी धूमधाम से शादी करना मतलब कोरोना को बुलाना हैं पर जिला प्रशासन के द्वारा इसकी जानकारी अभी तक नही पहुंचाना यह तो हो ही नही सकता। कुछ अन्य लोगो का कहना है कि जिला प्रशासन मात्र गरीब तबके के लोगों की शादी में जाकर चलानी कार्रवही करती हैं इस पर अभी तक क्यों नही हुई कार्रवाही। बरहाल देखना होगा कि जिला प्रशासन की नींद कब टूटेगी ओर कार्रवाही करेंगी।

# झोलाछाप डॉक्टरों पर प्रशासन कर रहा लगातार कार्रवाई

## किबई बालेंगा में बिना कोविड जांच के लोगों के उपचार पर हुई दो झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्यवाही



पायनियर संवाददाता कोण्डागांव/केशकाल
www.dailypioneer.com

कोरोना महामारी के दौर में लोगों के जान को जोखिम में डालकर झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा घर पर ही मरीजो का उपचार करने की शिकायत जिला प्रशासन को प्राप्त हो रही थीं। जिसे गंभीरता से लेते हुये कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के आदेशानुसार सीएमएचओ डॉ टीआर कुंवर के मार्गदर्शन में गठित संयुक्त जाँच दल ने ग्राम किबईबालेंगा के कथित झोला छाप डॉक्टरों के यहां अचानक दबिश दी। जांच के दौरान दीपक हलधर पिता मनोरंजन हलधर के निवास में जांच करने पर बड़ी संख्या में दवाइयां भंडारित पाई गई। पहले तो पूछताछ में परिजनों ने दवाईयां खुद के इस्तेमाल की होने की बात कही लेकिन जब टीम ने सख्ती पूछताछ की तो उनके द्वारा इस संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहे। जिस पर टीम ने दवाइयों को जप्त कर कथित झोलाछाप डॉक्टर के विरुद्ध प्रकरण तैयार किया है। संदिग्ध डॉक्टर दीपक हलधर मौके पर नहीं पाये गए किंतु परिजनों के द्वारा दवाइयां छुपाने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों से पड़ताल करने पर दीपक द्वारा इलाज किये जाने के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई। एक अन्य व्यक्ति के यहां छापा मारने पर इलाज किये जाने संबंधी सामग्रियां नहीं प्राप्त हुई। ज्ञात हो कि कोरोना महामारी के दौर में सभी अस्वस्थ लोगों को कोविड-19 जांच उपरांत ही चिकित्सक की सलाह से दवाइयां लेने के निर्देश शासन प्रशासन द्वारा जारी किये गए थे एवं लगातार जागरुकता फैलाने की कोशिश की जा रही है। किंतु कुछ लोगों द्वारा आपदा को अवसर समझ ग्रामीणों को बहकाने का कार्य किया जा रहा है। इसे रोकने के लिये स्वास्थ्य, राजस्व, खाद्य औषधि विभाग की संयुक्त दल गठित कार्यवाही की गई। इस दल में तहसीलदार गौतमचन्द पाटिल, डॉ सूरज राठौर, खाद्य एवं औषधि अधिकारी डोमेंद्र ध्रुव, औषधि निरीक्षक सुखचैन धुर्वे सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

# लॉकडाउन के मद्देनजर असहाय एवं निराश्रित जनों तक पहुंचाया जा रहा है भोजन

पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com




नोवेल कोरोना वायरस से बचाव व संक्रमण की दर में कमी लाने हेतु दंतेवाड़ा जिला प्रसाशन द्वारा क्षेत्र में लॉकडाउन लगाया गया है।जिसमें जरूरी सेवाओं को छोड़ सारी व्यवसायिक प्रतिष्ठाने बंद है और इस बीच नगर के फुटपाथ पर अस्थायी रूप से बसे असहाय निराश्रित एवम मानसिक विक्षिप्त लोगों को भोजन के लिए असुविधा न हो एवं इस भंयकर महामारी में कोई भी भूखा न रहें इस उद्देश्य से किरंदुल के समाज सेवक दीपक गोस्वामी,एस एच अजहर, रवि दुर्गा, किशोर जाल, मोहम्मद शब्बीर, शेख आजाद के सहयोग से घर में ही पौष्टिक संतुलित भोजन बनाकर नगर के बंगाली कैम्प,रिंग रोड न. 04,तालाब पारा,रेल्वे कॉलोनी एवं मेन मार्केट में रह रहे असहाय जन को प्रतिदिन भोजन उपलब्ध करवा रहे है।

# कोरोना ने दिखाया पुलिस का अनदेखा चेहरा

- डीएसपी अभिनव की अभिनव पहल
- पुलिस की मुहिम का सभी नागरिकों ने किया स्वागत

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com



आमतौर पर पुलिस को हमेशा से ही हमारे समाज में संदेह की निगाह से देखा जाता है। लेकिन आज जब देश कोरोना से जंग लड़ रहा है। सभी लोग अपने घरों में रह रहे हैं। वहीं कुछ लोगों को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन को सख्त कदम भी उठाने पड़ रहे हैं। ऐसे में कुछ पुलिसकर्मी ऐसे भी हैं जो धारा से विपरित जाकर भी लोगों को समझाइश देने का काम कर रहे हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज चंद्राकर के नेतृत्व में पुलिस विभाग आज नगर के स?को पर उतर कर लॉक डाउन में बोर हो रहे छोटे बच्चों एवं उनके परिवार को दो पल की खुशी देने एवं उनका हाल चाल जानने सड़कों पर उतरा एएसपी चंद्राकर ने बच्चो से जनरल नॉलेज के प्रश्न जैसे पांच विटामिन सी देने वाले फलों के नाम बताओ ऐसे कई प्रश्न बच्चो से किया गया जिसमें वीर जैन और नव्या पाठक ने सभी प्रश्नों का बखूबी उत्तर दिया जिस पर एएसपी चंद्राकर द्वारा उत्साह वर्धन करते हुये बच्चो को पुरुस्कृत किया गया उपस्थित सभी परिजनों को जो 18 वर्ष से अधिक है उनको वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित किया गया मानो थो? ही देर में लॉक डाउन की यादों को लोग भूल गये और इस मनोरंजन कार्यक्रम में रम गये थे मानो पुलिसकर्मी अपनी दूसरी योग्यता प्रदर्शित कर रहे थे। जब माइक पर उप पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय ने एक प्यार का नगमा है इसका आज कोरोना को देखते हुये इस गाने को नये रूप में घर में ही रहना है बाहर नहीं जाना खुद की रक्षा करते हुए औरों को बचाना है गाना शुरू किया सभी परिवार के सदस्य अपने अपने छतों पर आ गये और इस गाने का लुत्त उठाने लगे। पिछले लॉक डाउन में ये गाना सोशल मीडिया में बहुत चर्चित हुआ था और डीएसपी अभिनव उपाध्याय भी इस गाने को लेकर सुर्खियों में थे।

लोग सोच भी नहीं सकते कि अपराधियों को पकड़ने वाले पुलिसकर्मी इतना अच्छा गा भी सकते हैं, लेकिन आजकल इसका नजारा हमें नारायणपुर में देखने को मिल रहा है। ऐसे में पुलिसकर्मियों के इस रुप को भी लोग पसंद कर रहे हैं। पुलिस की इस मुहिम को खुद अतरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज चंद्राकर उप पुलिस अधीक्षक अनुज गुप्ता उप पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा रक्षित निरीक्षक दीपक साव एवं प्रमुख अधिकारियों ने संभाला है।

# जिले में समस्त विवाह कार्यक्रमों पर 9 मई से जिला प्रशासन ने लगाया प्रतिबन्ध

- 8 मई को निर्धारित पाणिग्रहण एवं लग्न कार्यक्रम अधिकतम 10 लोगों के साथ किये जा सकेंगे संपादित

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिले में लगातार बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए जिले के सम्पूर्ण क्षेत्र में संक्रमण के कारणों का पता लगाने के लिए कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के आदेश पर एक्टिव सर्विलांस एवं कांटेक्ट ट्रेसिंग का कार्य सम्पूर्ण जिले में कराया गया था। जिसके रिपोर्ट के अध्ययन में पाया गया कि जिले में 15 दिनों में आये कोरोना संक्रमण के प्रकरणों में 31 प्रतिशत संक्रमण के मामले कहीं ना कहीं शादियों में जाने से फैले हैं। इन शादियों में पहले 20 एवं बाद में केवल 10 लोगों को सम्मिलित होने की अनुमति संबंधित तहसीलदारों द्वारा प्रदाय की गई थी।

परन्तु बार बार वैवाहिक कार्यक्रमों को लेकर समझाइश, जागरूकता अभियान एवं शादियों पर अधिक लोग होने पर कार्यवाही करने के बाद भी लोगों द्वारा शादियों में नियत संख्या से अधिक लोगों को सम्मिलित किया जा रहा था। अब तक कुल 645 अनुमति प्राप्त शादियों में से 490 विवाह स्थलों में प्रशासनिक दल द्वारा निरीक्षण कर 99 में अनुमति से अधिक लोग प्राप्त होने पर 3 लाख 41 हजार का जुर्माना भी लगाया गया था। इन शादियों में कोरोना जांच से कुल 258 व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव भी पाए गए। जिसके बाद भी लोगों द्वारा कोरोना दिशा निर्देशों का लगातार उल्लंघन किया जा रहा था।

इन परिस्थितियों को देखते हुए कलेक्टर द्वारा आदेश जारी कर 09 मई 2021 से आगामी आदेश पर्यन्त तक जिले में समस्त वैवाहिक कार्यक्रमों को पूर्णतः प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत जिन वैवाहिक कार्यक्रमों हेतु पूर्व में अनुमति दी गई है एवं जिनका पाणिग्रहण एवं लग्न कार्यक्रम 08 मई को निर्धारित था, वे 08 मई को वर पक्ष से 05 सदस्य एवं वधु पक्ष से 05 सदस्य, अधिकतम कुल 10 सदस्यों की उपस्थिति में पाणिग्रहण एवं लग्न कार्यक्रम संपादित कर सकेंगे। उसके पश्चात शेष समस्त वैवाहिक कार्यक्रमों हेतु जिले के संबंधित तहसीलदारों द्वारा जिन्हें अनुमति प्रदाय की गई है, उनको इस आदेश द्वारा निरस्त कर दिया गया है।

## कोरोना रोकथाम के लिए धनोरा पुलिस सड़क पर उतरे

**केसकाल।** पुलिस अधीक्षक कोडागांव के निर्देशानुसार एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन में 9 मई को जिले में संपूर्ण लॉक डॉऊन का पालन कराने थाना धनोरा का बल धनोरा एवं आस-पास के गांव मे लगातार गश्त किया गया इस दौरान दुकानदारों द्वारा उल्लंघन करते पाए जाने से दुकानदारों एवं बिना मास्क लगाए घूमने वाले राहगीरों को कुल 10 चालानी करवाई कर 1700 रू. शुल्क वसूल गया एवं कंटेनमेन्ट जोन करारमेटा धनोरा में जाकर कोविड 19 कोरोना से संक्रमित लोगों को बाहर न घुमने समझाइस दिया तथा रास्तों को सील किया गया । थाना क्षेत्र में लगातार गश्त जारी है।

# बोर खनन कर्मियों को सशर्त कार्य करने की कलेक्टर ने दी अनुमति

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले में कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण एवं आमजनों, कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने आदेश जारी कर पेयजल एवं कृषि कार्य हेतु बोर खनन की अनुमति लॉकडाउन जारी रहने की अवधि में 16 मई 2021 तक सशर्त अनुमति प्रदान कर दी है। जिसके अनुसार नियोजकों को बोर खनन हेतु सीमित संख्या में कर्मचारी एवं मजदूरों को नियोजित करना होगा। कोरोना से बचाव के दिशा निर्देशों जैसे सामाजिक दूरी (सोशल डिस्टेंसिंग), स्वच्छता तथा इस संबंध में भारत सरकार, राज्य शासन, स्वास्थ्य विभाग तथा समय-समय पर अन्य संस्थानों के द्वारा दिये जा रहे निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन कराना सुनिश्चित करना होगा। कार्य में नियोजित कर्मचारियों एवं मजदूरों को गुणवत्तायुक्त पूर्ण हैण्ड ग्लवस एवं मास्क का उपयोग कराना होगा। कार्यस्थल एवं वाहन पर सैनेटाईजर, हैण्डवाश रख कर कर्मचारियों, मजदूरों एवं कृषक को नियमित उपयोग करवाना अनिवार्य होगा। कार्यस्थल पर बोर खनन में नियोजित कर्मचारी, मजदूर के साथ संबंधित कृषक ही मौके पर रह सकेंगे। अन्य व्यक्तियों की कार्य स्थल पर उपस्थिति वर्जित होगी। उक्त कार्य में 45 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को नियोजित नहीं किया जा सकेगा। उक्त कार्य में कार्यरत कर्मचारी, मजदूर के लिए स्वयं अपने घर से भोजन बनाकर लाना अनिवार्य होगा। इन कार्यों में कार्यरत कर्मचारियों, मजदूरों को प्रतिदिन घर से सोशल डिस्टेंस के साथ कार्यस्थल पर उपस्थित होना होगा एवं इसी प्रकार वापस घर जाते वक्त भी नियमों का पालन आवश्यक होगा। वाहनों में यात्रा के दौरान भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना भी अनिवार्य होगा। कार्यस्थल पर निर्माण कार्य के समस्त शर्तों, प्रावधानों एवं सुरक्षा मानकों का पालन किया जायेगा। इन कार्यों में कार्यरत कर्मचारी, श्रमिकों के आवागमन की अनुमति होगी। इन सेवाओं से संबंधित व्यक्तियों को उनके घर से कार्य स्थल तक आने-जाने के लिए पास संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से प्राप्त करना होगा। बोर खनन के दौरान बोर खनन के समस्त शर्तों का पालन करना होगा एवं किसी भी प्रकार की दुर्घटना के लिए बोर वाहन मालिक जिम्मेदार होगा।

## जिले की सीमाओं में 27 सौ लोगों की कोरोना जांच से 111 यात्री अब तक मिले कोरोना

# 72 घंटे पुरानी कोरोना जांच रिपोर्ट के बिना जिला में प्रवेश होगा प्रतिबंधित

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिले में बढ़ते संक्रमण की स्थितियों को देखते हुए जिले को कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा द्वारा आदेश जारी कर कंटेनमेंट जोन घोषित कर जिले की सीमाओं को जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण रूप से सील कर दिया गया था। यहां से आने जाने वाले सभी यात्रियों पर प्रशासन द्वारा नजर बनाई रखी गई थी। इसके पश्चात एनएच-30 पर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित घोड़ागांव एवं केशकाल बस स्टैंड में आने जाने वाले सभी यात्रियों की कोरोना जांच हेतु स्वास्थ्य विभाग के दल को नियुक्त किया गया था। ये दल दोनों स्थानों पर सीमा पर आने जाने वाले वाहनों को रोककर उनके यात्रियों की कोरोना जांच की जाती है। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा जिला प्रशासन को पत्र द्वारा बिना जांच रिपोर्ट जिले में प्रवेश प्रतिबंधित करने के दिए गए सुझाव को मानते हुए कलेक्टर द्वारा शुक्रवार को आदेश जारी कर जिले में 72 घंटो पुरानी कोरोना जांच की आरटीपीसीआर अथवा ट्रूनॉट टेस्ट रिपोर्ट के बिना जिले में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त जिले की अंतर्राज्यीय सीमा पर पगडंडियों, जंगल के रास्तों एवं कच्चे रास्तों को भी बंद किया जा रहा है। इनकी निगरानी ग्रामों की ग्राम रक्षा समितियां, कोटवार, सरपंच, सचिव, पंचों, ग्राम पटेल एवं बीट गार्डो द्वारा की जावेगी। जिसका समय-समय पर अवलोकन राजस्व एवं पुलिस विभाग के दल द्वारा भी किया जावेगा। कोरोना के संक्रमण जिले में गहराने के साथ जिले में उड़ीसा सीमा से लोगों के अवैधानिक रूप से घुसने की जानकारी मिलने के बाद प्रशासन द्वारा उड़ीसा से लगने वाले एरला, कोंदकेरा में नाके स्थापित कर पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के दल की कोरोना जांच हेतु ड्यूटी लगाई गई है, साथ ही गम्हरी में नाका स्थापित किया गया है।

जिसमें सभी चेक पोस्टों को मिला कर 110 वाहनों एवं 246 व्यक्तियों की जांच में 12 यात्री कोरोना पॉजिटिव पाए गए। इसमें घो?गांव में 33 वाहनों के 61 व्यक्तियों की जांच में 07 कोरोना पॉजिटिव, कोंदकेरा में 24 वाहनों के 71 लोगों की जांच में 01 कोरोना पॉजिटिव, एरला नाका में 24 वाहनों के 40 यात्रियों की जांच में 04 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। वहीं केशकाल में 24 वाहनों एवं 74 व्यक्तियों की जांच में एक भी पॉजिटिव मरीज नहीं मिला।

ज्ञात हो कि सभी चेक पोस्टों को मिला कर अब तक 2703 लोगों की कोरोना जांच की गई है। जिसमें अब तक कुल 111 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। इसमें केशकाल चेकपोस्ट में 40, घोड़ागांव में 54, कोंदकेरा नाका में 06, एरला नाका में 11 व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं।

इसके अतिरिक्त अब जिला प्रशासन द्वारा राज्य शासन के निर्देशानुसार लोगों की अंतर्राज्यीय अवैध परिवहन रोकने के लिए उड़ीसा सीमा से लगे मगेदा, ओटेण्डा, अरंगुला, उ?ीदगांव, हीरापुर, मिरमिण्डा, छिनारी, बड़ेसोहंगा, बेलोण्डी, सलना, पलना, टूमडा, कोरडीही, डोंडरा, सिमोडा, किबईबालेंगा, मालापारा, ओडडी, जानीपारा, धनोरा, काउडला में वन रक्षा समितियों, कोटवार एवं ग्राम समितियों की सहायता से बैरिकेट लगा कर मार्ग में परिवहन अवरुद्ध कर दिए गए हैं।

# प्रसाशनिक अमला कोरोना से बचाव के लिए लोगों को कर रहा है जागरूक



पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

वैश्विक महामारी कोरोना लगातार अपना कहर बरपा रहा है और कोरोना संक्रमितों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है हालांकि कई एक्टिव मरीज रिकवर भी हो रहे है और अब संक्रमण से बचाव व रोकथाम के लिए युद्धस्तर पर कार्य किये जा रहे है। बता दें किरंदुल में भी पालिका अधिकारियों द्वारा लोगों को कोरोना दिशा निर्देशों का पालन करने एवं संक्रमण से बचाव हेतु जागरूक किया जा रहा है।जिसके तहत आज किरंदुल के मुख्य चौक चौराहों,बस स्टैंड,मेन मार्केट,बंगाली कैम्प,मलप्पा कैम्प में लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को घर पर रहने, अति आवश्यक कार्य से बाहर निकलने पर मास्क लगाने, सामाजिक दूरियों का पालन करने एवं टीकाकरण कराने हेतु समझाइश दी गई।इस दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी एच आर गोन्दे,राजस्व निरीक्षक नरेश साहू डी एस साहू मौजूद,नोडल अधिकारी गौरीशंकर तिवारी,मनराखन लाल ठाकुर,सुमन पटेल मौजूद थे।

# मास्टर माइन्ड पूर्व सीएमएस कर्मचारी निकाला चोरी का मास्टर माइंड

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाटापारा में हुए एक बड़ी चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। इस मामले में भाटापारा पुलिस ने आरोपियों के पास से 28 लाख 25300 रुपए जब्त किए है।

पुलिस के मुताबिक प्रार्थी नजीम खान सीएमएस इन्फो सिस्टम लिमिटेड छत्तीसगढ़ के हेड ने थाना आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि 3 मई को सीएमएस शाखा भाटापारा महारानी चौक में है जहां पर बलौदाबाजार भाटापारा क्षेत्र के शराब भट्ठी के बिक्री नकदी रकम का कलेक्शन कर रखा जाता है। 3 मई को दोपहर 12 बजे से रात्रि 8 बजे के मध्य कोई 2 अज्ञात चोर द्वारा दो बैग में रखे रकम अनुमानित रूप से बिल रसीद सहित 20- 25 लाख रूपये लगभग को चोरी कर ले गया। सही रकम की जानकारी बिल रसीद मिलने पर मिलान कर दिया जाएगा की रिपोर्ट पर थाना भाटापारा में अप क्र 168/21 धारा 380, 454, 34 भा.द.वि पंजीबद्व किया गया। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक इन्दिरा कल्याण एलेसेला के द्वारा आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने निर्देश दिए और स्वयं मामले का सतत मॉनिटरिंग भी करते रहे. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी भाटापारा केबी द्विवेदी के कुशल मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी भाटापारा शहर उप निरीक्षक रोशन राजपूत, तथा उप निरीक्षक हितेश जंघेल का पृथक पृथक टीम बनाकर आरोपियों के पता तलाश करते हुये लगभग 15 अलग अलग स्थानों के लगभग 40-50 सीसीटीवी फुटेज को चेक कर तथा तकनीकी सहायता के माध्यम से संदेहियों/आरोपियों चिन्हाकित कर पकड़ा गया। घटना का मास्टर माइन्ड पूर्व सीएमएस कर्मचारी मनोज देवांगन निकला जिसने चोरी की घटना को कई माह पूर्व से प्लानिंग कर लाकर रूम की चाबी का डुप्लीकेट बनाया और कम्पनी के काम से रिजाईन दिया। जिसने बाद मौका देखते हुये अपने रायपुर, भाटापारा, पलारी के साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया।3 मई को योजनाबद्ध तरीके से मनोज उर्फ छोटू देवांगन, मन्नु साहू, राजा उर्फ हितेश निर्मलकर, उमाकांत गुप्ता, मालिकराम देवांगन, छोटू उर्फ बच्चा साहू एवं अपचारी बालक घटना स्थल के पास पहुंचे।

कुछ लोग निगरानी एवं रेकी कर रहे थे एवं राजा उर्फ हितेश निर्मलकर, उमाकांत गुप्ता मुंह में गमछा बांध कर कम्पनी के वाल्ट रूम में प्रवेशद्वार का पूर्व से डुप्लीकेट चाबी का इस्तेमाल कर ताला खोलकर अंदर घुसकर दो बैग के रखे नकदी रकम को चोरी कर ले गये. भाटापारा पुलिस द्वारा वाल्ट रूम का सीसीटीवी कैमरा चेक करने पर आरोपियों द्वारा वाल्ट रूम में घुसते ही कैमरे को बंद करते दिखे लेकिन आरोपी मुंह बांधे होने से चेहरे को पहचानना मुश्किल था। बारीकी के चेक करने पर एक आरोपी के हाथ में ताला व चाबी हाथ में पकड़े होना व वाल्ट रूम मे रखे बैग को अलग अलग छाटते दिखने पर कम्पनी के किसी सदस्य की संलिप्तता का संदेह होने पर सभी संबंधित कर्मचारी जो वाल्ट रूम का चाबी रखते है तथा पूर्व कर्मचारी से बारिकी से पूछताछ किया गया। जिसमें शक के आधार पर मनोज देवांगन से भी पूछताछ किया गया. लेकिन शातिर आरोपी मनोज देवांगन द्वारा गोल मोल जवाब दिया गया. तकनिकी सहायता व सीसीटीवी कैमरे में दिखने वाले अन्य संदिग्ध की पहचान कर पूछताछ किया गया. कडाई से पूछताछ करने पर चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार करते हुये पूरे घटना का खुलासा करते हुऐ अपने सभी साथियों का नाम बताया गया।

### पुलिस कर्मियों ने निभाई अहम भूमिका

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी शहर उप निरीक्षक रोशन राजपूत, उप निरीक्षक हितेश जंघेल, सउनि ओम साहू, प्र.आर. नरेन्द्र निषाद, आरक्षक बिजेद्र निराला, गौरीशंकर कश्यप, नाथूराम निषाद, श्रीचंद ध्रुव, राकेश ठाकुर, द्वारिका साहू, सायबर सेल बलौदाबाजार आरक्षक कुमार जायसवाल का विशेष योगदान रहा।

### गिरफ्तार आरोपियों की विस्तृत जानकारी

मनोज उर्फ छोटु देवांगन पिता सुखउराम देवांगन, उम्र 23 वर्ष, सा. गुरूनानक वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर,मन्नु साहू पिता सुकदेव साहु, उम्र 23 वर्ष, सा. गुरूनानक वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर,हरिशंकर उर्फ बाउ देवांगन पिता राजकुमार देवांगन, उम्र 27 वर्ष, सा. ग्राम पलारी वार्ड नं 09 थाना पलारी। हेमंत देवांगन पिता मालिकराम देवांगन ,उम्र 23 वर्ष, सा. सकरी थाना सिटी कोतवाली,राजा उर्फ हितेश निर्मलकर पिता स्व. दीनबंधु निर्मलकर, उम्र 23 वर्ष, सा. भाटागांव वार्ड नं. 61 थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर,उमाकांत गुप्ता पिता विष्णु गुप्ता, उम्र 30 वर्ष, सा. भाटागांव गणेश चौक के पास थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर,मालिकराम देवांगन उर्फ छोटु पिता अवधराम देवांगन, उम्र 32 वर्ष, सा. ग्राम पलारी वार्ड नं 09 थाना पलारी,छोटू उर्फ बच्चा साहू पिता मोहन साहू, उम्र 20 वर्ष, सा. गुरूनानक वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर नाबालिग अपचारी बालक।

# सरकार न्यायालय में जवाब-जवाब खेल रही है ताकि लोगों का ध्यान हटाया जा सके : कविन्द्र

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

छग की सरकार 18+ व्यक्तियों के टीकाकरण में पूरी तरह नाकाम साबित हो चुकी है। पूर्व में जो नीति सरकार ने बनाई थी उस पर माननीय उच्च न्यायालय से सरकार को फटकार मिली। नयी नीति बनाने में सरकार ने एक हफ्ता निकाल दिया। अब टीकाकरण के लिये प्रदेश में जो नयी नीति सरकार लेकर आयी है वो पहले से भी ज्यादा अव्यवहारिक और विवादास्पद है। इस पर फिर से माननीय उच्च न्यायालय आपत्ति करेगी और पुनः नीति बदलने के नाम से सरकार को अतिरिक्त समय मिल जायेगा। भाजपा के जिला महामंत्री कविन्द्र जैन ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वास्तव में सरकार न्यायालय में जवाब-जवाब खेल रही है और सरकार की मंशा किसी भी तरह टीके उपलब्ध कराने में सरकार की नाकामी पर से जनता का ध्यान हटाने की है। सरकार ने पुनः भेदभाव की नीति अपनाते हुये एक बड़े वर्ग के साथ अन्याय किया है। सरकार एक तरफ तो विभिन्न वर्गो को फ्रंट लाइन वर्कर मानते हुये उन्हें टीके में 20 प्रतिशत आरक्षण दे रही है वहीं दूसरी तरफ एपीएल वर्ग के आरक्षण को 33 प्रतिशत से घटाकर 16 प्रतिशत कर दिया गया है। एक बड़ा वर्ग जिसमे टैक्स के रूप में सरकार को सबसे अधिक राजस्व देने वाला व्यापारी वर्ग भी शामिल है उन्हें इस नीति में पूरी तरह से उपेक्षित रखा गया है। आश्चर्यजनक है कि मेडिकल, किराना, कृषि संबंधी व्यापार करने वाले व्यापारियों सहित अनेक ऐसे लोग जो सीधे तौर पर इस आपात स्थिति में आम जनता को सेवा दे रहे हैं उन्हें फ्रंट लाइन वर्कर न मानते हुये टीकाकरण के अधिकार से वंचित रखा गया है।

यहां पर सरकार ने को-मॉर्बिड लोगों को आरक्षण देकर एक रास्ता बनाने की कोशिश की है ताकि अधिकृत चिकित्सक फर्जी को-मॉर्बिड का प्रमाणपत्र जारी कर भ्रष्टाचार का नया खेल खेल सके। पूर्व में 45 वर्ष से कम आयु के अनेक लोगों को को-मॉर्बिड का फर्जी प्रमाणपत्र जारी किया गया ताकि वो अपना टीकाकरण करा सके। सरकार को प्रदेश के सभी नागरिकों की जान की सुरक्षा बिना किसी भेदभाव के करना चाहिये तथा इस काम को बिना विलंब किये करना चाहिये क्योंकि टीका ही इस महामारी से बचाव का एकमात्र रास्ता है।

# किराना सामानों रेट दर सूची जारी करने शिवसेना ने कलेक्टर को लिखा पत्र

■ कालाबाजारी को रोकने मूल्य सूची जारी करे जिला प्रशासन : भीखम यदु

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com



क्षेत्र में किराना सामानो पर हो रही कालाबाजारी जमाखोरों द्वारा सामान अत्यधिक रेट पर बेचे जाने को लेकर शिवसेना के जिला महासचिव भीखम यदु ने आक्रोश जताते हुए जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर किराना सामानों की तय रेट दर सूची लागू करने की मांग की है यदु ने पत्र में लिखा है कि कोरोना संक्रमण के दौरान हुए लॉकडाउन में जमाखोर व कालाबाजारी करने वाले आपदा में अवसर बनाकर आम गरीब जनता से किराना सामान व खाद्य सामग्री पर अत्यधिक पैसे वसूल कर रहे हैं, आम गरीब लोग कामकाज बंद होने के कारण पहले ही आर्थिक समस्या से जूझ रहे हैं, जबकि प्रशासन ने सब्जी किराना व खाद्य सामग्री को परिवहन के निर्देश भी दे दिए हैं किसी चीज की कमी ना हो इसके बावजूद इन सामानों में कालाबाजारी की जा रही है जिसकी शिवसेना घोर निंदा करती है। जिला प्रशासन इन कालाबाजारी करने वालों को सबक सिखाएं पिछले वर्ष अनुसार इस वर्ष भी तय रेट दर सूची जारी करें सभी दुकानदारो को सूची अपने दुकानों पर चस्पा करने और इसी रेट पर सामान बेचने का आदेश दिया जाए साथ ही अधिक कीमत वसूली करने वाले दुकानदार के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर लाइसेंस रद्द किया जाए।

# खरीफ फसलों के लिए बीज एवं खाद की पर्याप्त उपलब्धता

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




खरीफ वर्ष 2021 में जिलें के किसानों के मांग के अनरूप 49 हजार 805 क्विंटल बीज का लक्ष्य है। जिसमें 48,320 क्विंटल विभिन्न किस्मों के धान 310 क्विंटल दलहन,775 क्विंटल तिलहन तथा 400 क्विंटल हरी खाद (सनई ढेंचा) के बीज शामिल हैं। जिलें के कृषि विभाग के प्रभारी उपसंचालक ने बताया कि विकासखण्ड पलारी के 21 सोसायटियों मे 6510 क्विंटल,सिमगा के 15 सोसायटियों मे 4270 बलौदाबाजार के 17 सोसायटियों मे 4200,बिलाईग? के 7 सोसायटियों मे 1890, भाटापारा के 6 सोसायटियों मे 1380 एवं कसडोल के 4 सोसायटियों मे 960 क्विंटल हरी खाद के 5 क्विंटल सहित कुल 19,215 क्विंटल बीज अब तक भंडारित हो गया है। जिसमें स्वर्णा एवं महामाया धान की किस्म के बीज शामिल हैं। साथ ही अब तक जिलें में विभिन्न किसानों को 353 क्विंटल बीज का वितरण भी कर दी गयी है। उन्होंने आगें बताया कि इसके अतिरिक्त जय किसान बीज उत्पादक सहकारी समिति सेम्हरडीह बलौदाबाजार में 1075 क्विंटल बीज उपलब्ध है। के धान विशेष किस्म जैसे दुबराज, बादशाह भोग,विष्णुभोग, राजभोग,के आधार श्रेणी के बीज कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा,डीके फार्म एवं शासकीय कृषि फार्म अर्जुनी में 42 क्विंटल बीज की उपलब्धता है। जिसका उपयोग प्रमाणित बीज उत्पादन प्रगुणन कार्यक्रम हेतु किसान उपयोग कर सकतें है। इसके अतिरिक्त जिलें में दलहन के 300 सोयाबीन के 41क्विंटल आधार व प्रमाणित बीज उपलब्ध है। भंडारण का कार्य सतत रुप से जारी है। बीज की कीमत प्रति क्विंटल धान 2400 रुपये,पतला धान 2700 रुपये,सुगन्धित 3000 अरहर 9250 रुपये, उड़द 9000 रुपये,सोयाबीन 7250 हरी खाद (सनई, ढेंचा) 8000 एवं 6000 रुपये प्रति क्विंटल है। रासायनिक खाद का भंडारण कृषि विभाग के प्रभारी उपसंचालक ने बताया कि जिलें के सोसायटी एवं निजी दुकानों में कुल 14,300 मैट्रिक टन विभिन्न रासायनिक खाद का भंडारण जिलें में उपलब्ध है। जिसमें डीएपी 2259, यूरिया 5957, सुपरफास्फेट 1123, पोटाश 593,एनपीके 992 मैट्रिक टन सहित कुल 11624 मैट्रिक टन जिलें के सोसायटियों में भंडारित है। साथ ही निजी कृषि दुकानों में 2676 मैट्रिक टन खाद उपलब्ध है।

इस तरह कुल 14300 मैट्रिक टन खाद की उपलब्धता है। साथ ही किसानों को 331 मैट्रिक टन खाद का वितरण कर दी गयी है। आगें उन्होंने बताया की पिछले वर्ष के भंडारित खाद,स्कन्ध का विक्रय दर गत वर्ष का ही रहेगा। खाद की बोरियों में मूल्य का प्रिंट रहेगा। नया खाद,स्कन्ध के मूल्य अधिक होने की संभवना है। इसलिए किसान बंधुओं से अपील है कि वह कोविड के नियमों का पालन करते हुए अग्रिम उठाव कर खाद एवं बीज का क्रय कर सकते है।

# कोरोनाकाल में पौष्टिक सात्विक आहार पहुंचा रहे है सतीश अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाटापारा कोरोना महामारी ने अंचल के बहुत से लोगों की जीवन लीला समाप्त कर दी, बड़ी संख्या में अस्पताल में भर्ती है व बहुत ज्यादा में होमआईसोलेशन में स्वस्थ्य होने के लिये संघर्ष कर रहे है । कोरोना महामारी के भय से लोग अपने घर से बाहरनही निकल रहे है तथा चाहकर भी लोगों की मदद करने सामने नहीं आ पा रहे बिरले ही ऐसे समय अभय हो सामने आते है भाटापारा में ऐसे ही है सतीश

अग्रवाल निगम मंडल सदस्य छत्तीसगढ़ शासन जिन्होंने कांग्रेस की टीम के साथ सेवा करने आगे आये है । आपने अपनी दो सूमो वाहन कोरोना मरीजों को अस्पताल ले जाने भर्ती कराने के लिये लगा रखी है । होम आईसोलेशन लोगों को जिन्हें आवश्यकता है घर पहुंचाकर निःशुल्क डिस्पोजल सिल्वर पेपर्स में अलग-अलग पैकिंग कर अच्छे से पौष्टिक सात्विक आहार दोनों समय पहुंचाया जा रहा है उनके शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना कर रहे है । वाहन चलाने वाले में हेमंत यादव प्रदीप कश्यप बड़ी लगन सेवा भावना से लगे हुये है । इसके अलावा मनीष पंजवानी,हरिश लहरे, अशोक साहू, बलीराम यादव संतोष अग्रवाल, होरी यादव संतोष ध्रुव जीतू शर्मा सुरेश यादव केदार मिश्रा, वरिष्ठकांग्रेसजन, सिरीज जांगडे त्रिलोक सलूजा, रोहित साहू , शैलेन्द अहिरवार, नानूसोनी, सुरेश वाधवानी, अजय ठाकुर व कार्यकर्ता सेवा कार्य में जुटे हुए है ।

### प्रभारी मंत्री लखमा आज वीसी के जरिए लेंगे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों की बैठक

**धमतरी।** वाणिज्यिक कर (आबकारी), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा मंगलवार 11 मई को वैश्विक महामारी कोरोना की रोकथामएवं नियंत्रण के संबंध में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की बैठक लेंगे। दोपहर दो से तीन बजे के बीच आयोजित उक्त वीसी में जिला स्तरीय अधिकारी, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, व्यापारीगण, सामाजिक कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अस्पताल संचालक तथा राजनीतिक प्रतिनिधि शामिल होंगे।

# रासायनिक खाद के दामों में बढ़ोतरी सरकार का अन्याय पूर्ण कदम : सुरेंद्र शर्मा

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ने नेताओं की वर्चुअल मीटिंग ली थी। बैठक में बीजेपी कोरग्रुप, प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्षों के अलावा पार्टी स्तर के नेता शामिल हुए थे। इस बैठक में टीकाकरण अभियान टीम, कोरोना हेल्प डेस्क टीम और सेवा ही संगठन टीम को लेकर चर्चाएं की गई थी। राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने केंद्रीय शासन द्वारा रासायनिक खाद की बढ़ोतरी की निंदा करते हुए कहा कि कोरोना संकट के समय जीवन मृत्यु से जूझ रहे किसानों के लिए रासायनिक खाद के दामों में बढ़ोतरी सरकार द्वारा किया गया एक और अन्याय है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने खाद के दाम में भारी बढ़ोतरी की है।

डी ए पी,एन पी के,एम ओ पी के दाम बढ़ाये गए हैं जिसके परिणाम स्वरूप 1150 की डी ए पी अब 1900 रुपये बोरी मिलेगी वहीं 1285 की एन पी के 1747 में और 850 का एम ओ पी 1000 में मिलेगा इस तरह सरकार ने एकमुश्त 58 प्रतिशत की वृद्धि कर अपने किसान विरोधी ओर कम्पनी परस्त नीतियों का खुला प्रदर्शन किया है। मनमाने ढंग से कृषि नीतियों में बदलाव काले कृषि कानून के चलते पांच माह से चल रहे आन्दोलन पर यह जख्मों में नमक छिड़कने जैसा है। हम मांग करते है कि सरकार रासायनिक खाद के दामो में कई गई बढ़ोतरी को वापस ले। सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि एक तरफ तो केंद्र की भाजपा नित सरकार ने स्वामीनाथन रिपोर्ट लागू करने का भरोसा दिया था।

किसानों की आमदनी दुगुनी करने की बात थी पर सरकार निरंतर किसान और किसानी विरोधी फैसले ले रही है। इस संकट की घड़ी में तो यह अस्वीकार्य,अशोभनीय तथा निंदनीय है। सरकार पुनर्विचार कर वापस ले।

## 111 गावों में बढ़ा संक्रमण का खतरा

# गांव वाले मिलकर ही करें लॉकडाउन नियमों का पालन, नहीं तो होगी भयावह स्थिति : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा/बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिलें में कोरोना संक्रमण की मौजूदा स्थिति की लगातार समीक्षा की जा रहीं। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने विषय विशेषज्ञों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर बताया कि जिलें के करीब 111 गावों में संक्रमण का दर सर्वाधिक है। इन गावों में बेहद तेजी से संक्रमण फैल रहा है। इन गांवों में और संक्रमण ना फैले इसके लिए प्रशासन के साथ गाँव वालें को भी आगें आना होगा। गाँव के सभी लोग आपस मे मिलकर,युवा समिति एवं महिला समितियों सहायता लेते हुए संक्रमण के विस्तार को कम कर सकतें हैं। इसके लिए अब गांव स्तर में ही सभी को सख्ती से लॉकडॉउन के नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। इन संक्रमित गाँव मे सार्वजनिक तालाबों के उपयोग,पेयजल की स्रोतों उपयोग पर कड़ी नजर रखतें हुए उन्हें प्रतिबंधित करना होगा। क्योंकि इन तालाबों से अधिक संक्रमण फैलने का डर बना हुआ है। सभी ग्राम के सरपंच एवं गाँव के वरिष्ठ नागरिक इस बात का विशेष ध्यान रखतें हुए अपनें गाँव स्तर में ही इससे निपटने योजना बना लें। ताकि सभी लोग सुरक्षित हो सकें। समय रहतें अभी यह कदम नही उठाये तो आने वाले समय मे और भी भयावह स्थिती हो सकती है। मौजूदा दौर में ना जाने हम सभी लोग अपने आसपास, रिश्तेदार, दोस्त, स्नेहजनों को कोरोना से खोया है। आगें भविष्य में ऐसी और कभी स्थिती निर्मित ना हो इसके लिए हम सब को आगे आकर ही कोरोना खिलाफ लड़ाई को लड़ना होगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा की आज बलौदाबाजार के सकरी ग्राम के निवासियों ने सामूहिक एकजुटता एवं प्रयासों से पूरे गाँव मे संक्रमण फैलने से रोक लिया। गांव वालों ने आपस मे ही मिलकर सख्ती से लॉक डॉउन एवं कोरोना गाइडलाइन का पालन करना होगा। ऐसे ही अन्य गांवों को भी इसी तरह कार्य करनें की जरूरत है।

ग्राम वार विस्तृत सूची जहाँ पर संक्रमण की दर सर्वाधिक

कलेक्टर जैन ने कहा कि अभी मौजूदा स्थिति को देखते हुए गावों को तीन श्रेणीयों में विभाजित किया गया है। पहले वह गांव जहाँ पर 50 से अधिक संक्रमित मरीज एक्टिव है। दूसरा वह जहाँ 25 से 50 एक्टिव मरीज है एवं तीसरा वह जहां पर 10 से 25 मरीज है।

अति सवेंदन शील ग्रामों में ऐसे जिलें में 9 गांव है। जो अति सवेंदन शील के श्रेणी में है। जहां पर अभी 50 से अधिक मरीज एक्टिव है।बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम गिन्दोला में 96 एक्टिव,अर्जुनी में 59, भाटापारा के मोपका में 52,बिलाईगढ़ के बरभाटा 66, सोनाडुला 60, मधुबन 59, कसडोल के चरौदा 67, छरछेद 56, पलारी के कोनारी में 61 एक्टिव मरीज है। सवेंदन शील ग्रामों में ऐसे जिलें में 25 गांव है। जो सवेंदन शील के श्रेणी में है। जहां पर अभी 25 से 50 के बीच की संख्या मे मरीज एक्टिव है इसमें बिलाईगढ़ के गांव जोगेसरा,टुण्डरी, सलौनी कला, कोसमुण्डा, भाटापारा के अकलतरा, सिंगारपुर, देवरी, कडार, कसडोल के कटगी आमगांव, असनीद, खर्वे मटिया सोनाखान बोरसी, अर्जुनी ब, हटोद, पिसीद बरपाली,बिलारी क, दर्रा क, कोट क, पलारी के अंतर्गत कुकदा, कुसमी अछोली शामिल है।

निम्न संवेदनशील ग्रामों में ऐसे जिलें में 77 गांव है। जो निम्न सवेंदन शील के श्रेणी में है। जहां पर अभी 10 से लेकर 25 के बीच की सँख्या मे मरीज एक्टिव है इसमें बालौदाबाजारा के अंतर्गत ग्राम बरदा, बिटकुली, सोनडीह रवान, रिसदा, करमदा मुंडा सरखोर अहिल्दा, पनगांव, रिसदा मरदा भाटापारा के अंतर्गत ग्राम कुकदा, ढाबाडीह मुड़ाघाट धनेली, सिलपा, लच्छनपुर, दतरेंगी, सूमा, पेंडरी, निपनिया, खरी क, बिलाईगढ़ के कैथा, करियाटार, चुरैला, गोविंदवन खंजरी झुमका, पुरगांव, बघमल्ला, दुहनी दुमहानी, पंडरीपाली, बम्हनपुरी, कसडोल के बम्हनी, छाछी, चौरादा, मड़वा, नगरदा, सेल, देवतराई, गोलाझर, बलौदा,बरेली, नगेडा, कोसमसरा, पुटपुरा, कुरमाझर, मोहतरा,दर्रा क मोतीपुर, आमाखोहा सुकुली उसी तरह पलारी के सुंदरावन, ओडान,गिरतरा गिधपुरी, मुड़पार, दातान प, कोसमंदी, चरौदा, सलौनी, घोटिया, घिंघोला, वटगन, बिल्हा ब्रम्हनी, गिराकेरा, खरतोरा नवागांव, जारा, खैरा, कोदवा शामिल हैं।

# नीलांचन समिति ने ऑक्सीजन कांस्टेंटर मशीन अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा




पायनियर संवाददाता ◀ पिथौरा
www.dailypioneer.com

नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक संपत अग्रवाल के जन्मदिवस की अवसर पर आज नीलांचल समिति के सदस्यों द्वारा एस डी एम राकेश गोलक्षा व डा. वीरेंद्र प्रजापति को कोवीड सेंटर हेतु आक्सीजन कांस्टेटर मशीन आक्सिमीटर बेड शीट व मरीजों के लिए फल सौपा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हरजिंदर सिंह पप्पू स्वप्निल तिवारी राजेश मिश्रा सुरेंद्र पांडे भक्कू अग्रवाल डा. संजय गोयल रमेश श्रीवास्तव पवन अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## कोरोना वायरस ने दो मासूम बच्चों को किया अनाथ

# पिता के बाद मां की भी हुई कोरोना से मौत, मासूम बच्चे पेड़ के नीचे अकेले घंटों खड़े रहे

पायनियर संवाददाता ◂ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना महामारी ने पूरे विश्व मे तबाही मचा रखा है। प्रतिदिन कोरोना की वजह पूरे देश मे हजारों लोगों की मौत की खबर आ रही है। लगभग रोज ही मन को विचलित कर देने वाली तस्वीरें सामने आ रही हैं। ऐसी ही एक तस्वीर बस्तर से भी निकल कर सामने आई है, जिसे देखकर आप अपने आप को पूरी तरह से असहाय महसूस करने लगेंगे। दरअसल बास्तानार में पदस्त शिक्षक भागीरथी ओगरे कोरोना से संक्रमित हो गए तो उन्हें डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया, इस दौरान उनकी पत्नी संतोषी ओगरे भी संक्रमित हो गई जिससे उन्हें घर पर ही आइसोलेट किया गया था। शिक्षक के दो बच्चे जिनमें एक 5 साल की बच्ची और 3 साल का बेटा है। शनिवार की रात शिक्षक की मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। रविवार की सुबह घर पर जब शिक्षक की बच्ची उठी तो उसने अपनी माँ को उठाने का प्रयास किया पर माँ ने कोई जवाब



नहीं दिया। बच्ची ने मकान मालिक को जाकर बताया कि माँ कुछ बोल नहीं रही, तब जाकर पता चला कि माँ की भी मौत हो चुकी है।

मासूम बच्चे पेड़ के नीचे खड़े रहे घंटों पर कोरोना संक्रमण के डर से कोई मदद को पास नहीं आया पिता के बाद घर पर माँ की मौत के बाद इन सभी घटनाओं से अनजान मासूम बच्चे घर के सामने पेड़ के निचे बैठे रहे , पर पडोसी चाह कर भी मदद को पास नहीं आ पाए। पड़ोसियों ने बताया कि सुबह एक डॉक्टर पहुंचे थे जिन्होंने संतोषी ओगरे की जाँच कर उन्हें मृत घोषित कर दिया था पर उनके संपर्क में रहे बच्चों की स्थिति जानने के लिए घंटों जाँच टीम नहीं पहुंची थी जिस वजह से कोई भी बच्चों के पास नहीं जा रहा था। तभी कुछ देर बाद कोड़ेनार थाना प्रभारी संतोष सिंह अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे और उन्होंने बच्चों के खाने की व्यवस्था की। वहीं इस पुरे मामले पर हमने बास्तानार के बीएमओ बघेल से संपर्क करना चाहा पर उनका फोन बंद था ऐसे में हमने हाल ही में सीएमएचओ का पद संभाले डॉ राजन से संपर्क करने की कोशिश की तो उन्होंने भी फोन नहीं उठाया , काफी प्रयास के बाद जब उनसे संपर्क हुआ तो उन्होंने घर पर आइसोलेट में रह रही संतोषी ओगरे के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पहले उनकी जाँच में रिपोर्ट नेगेटिव थी पर पति के बाद दुबारा उनकी जाँच की गई तो वह पोजेटिव आ चुकी थीं। उन्हें अस्पताल में भर्ती होने को कहा गया तो उन्होंने छोटे बच्चों का हवाल देते हुए घर पर ही रहने की बात कही। वहीँ घर पर अकेली रह रही कोरोना मरीज के सम्बन्ध में स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी के सवाल पर सीएमएचओ ने सफाई देते हुए कहा कि उनकी टीम लगातार महिला की जाँच कर रही थी और निगरानी में रखा गया था। सुबह मौत की जानकारी के बाद बच्चों की स्थिति और उनकी व्यवस्था के लिए भी बीएमओ को निर्देश देने की बात सीएमएचओ ने कही। वहीं पड़ोसियों ने बताया कि बच्चों के भोजन की व्यवस्था थानेदार ने की और चित्रकोट विधायक राजमन बेंजाम के पहल करने के बाद शाम को लगभग चार बजे के बाद महिला के शव को मेडिकल कॉलेज ले जाया जा सका। हालाँकि इस पूरे मामले में बस्तर कलेक्टर ने जाँच कर कार्यवाही करने की बात कही है।

# सरकार को दवाइयों की चिंता कम शराब बेचने की ज्यादा : जैकी कश्यप

## इंजेक्शन मांगों तो नाच नचा देंगे दारू मांगों घर पहुंचा देंगे

पायनियर संवाददाता ◂ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज प्रदेश के अस्पतालों में ऑक्सीजन, बेड, रेमेडेसीवीर जैसे जीवन रक्षक दवाइयों का अकाल पड़ा है प्रदेश की जनता वेक्सीन लगाने लंबी लंबी लाइनों में खड़ी है इस पर सरकार का ध्यान नही सरकार को ध्यान है तो सिर्फ शराब बेचने का। जैकी ने कहा जिस पार्टी के मुखिया हाथ मे गंगाजल लेकर प्रदेश में शराबबंदी की बात किये शराब बंदी तो



दूर इन्होंने घर पहुच सेवा उपलब्ध करवा दी आज लोगों के घर राशन पानी जरूरी चीजों की कमी से वो ऐसी परेशान है उसपर कोई निर्णय नही ये साफ दर्शाता है कि आम जनता की कोई चिंता नही। प्रदेश सरकार सिर्फ अपना फायदा देख रही जनता त्रस्त है ये सरकार प्रदेश को डुबाने में मस्त है। युवा मोर्चा आपसे मांग करती है कि आप अपने इस फैसले को तत्काल वापस ले कल हमने पूरे प्रदेश में एक सुझाव से भरा ज्ञापन आपको भेजवाया है उस पर विचार करे। मुख्यमंत्री जी थोड़ी जनता के हित मे विचार कीजिये भोली भाली जनता को कमजोर समझ के हिटलर साही शासन मत कीजिये। आज प्रदेश में शराब से ज्यादा दवाइयों और अस्पतालों में अच्छी सुविधाओं की आवश्यकता है इस पर कार्य कीजिये, युवाओ को लगने वाली वेक्सीन गांव गांव तक पहुचे और अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को भी इंजेक्शन लगे इस पर विचार करके रणनीति बनाइये जनता को किसी प्रकार की तकलिप हुई तो युवा मोर्चा प्रदेश स्तरीय लड़ाई लड़ने सड़क पर उतरेगी जिसमें प्रदेश की जनता भी कंधे से कंधा मिलाकर उसका साथ देगी आगे निर्णय आपका।

## लॉकडाउन में जरूरतमंद लोगों के लिए मसीहा बने विधायक रेख चंद जैन

**जगदलपुर।** विधायक व संसदीय सचिव रेख चंद जैन इन दिनो लॉंकडाउन के दौरान जरूरतमंद लोगों की सहायता सहायता करते आ रहे हैं और विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों के बीच राशन व सब्जियों का वितरण कर रहे हैं इसी कडी मे आज सोमवार को कोहकापाल एवं प्रवीण वार्ड के हर घर मे पहुँच कर राशन व हरी सब्जियों का वितरण किया गया इसी के



साथ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरगीपाल, जाटम,कुलगाव, साडगुड, तुसेल नियानार मे राशन व हरी सब्जियों के साथ ही मलेरिया मुक्ति के लिए मच्छरदानी का वितरण किया गया इन विपरीत परिस्थितियों में भी विधायक रेख चंद जैन अपनी जनता की सेवा मे लगातार लगे हुए हैं साथ ही राहत सामग्री का वितरण करने के साथ ही विधायक के द्वारा ग्रामीणों को टीकाकरण हेतु जागरूक किया जा रहा और कोरोना नियमों के पालन करने की अपील लगातार की जा रही इस दौरान विधायक रेख चंद जैन के साथ विधि विभाग के जिलाध्यक्ष अवधेश झा ग्राम पंचायत कुलगाव की सरपंच सोनो कश्यप,उप सरपंच बुरंदु बघेल,जनपद सदस्य कनकदई राई,साडगुड सरपंच तरूनाथ उप सरपंच रामचंद्र सेठिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

# कोविड-19 संक्रमण के कारण अनाथ बच्चों के पुनर्वास के लिए दूरभाष नंबर जारी

## जिला बाल संरक्षण समिति की अपील बच्चों को अवैध रूप से ना लें गोद

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com


देश में कोरोना वायरस के बढ़ते प्रभाव के अन्तर्गत केन्द्रीय महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय द्वारा किशोर न्याय (बालकों के देखरेख) अधिनियम 2015 के प्रावधानों के अनुसार बाल संरक्षण सेवाओं तहत राज्य में संचालित सुविधाओं का प्रभावित क्रियान्वयन करते हुये कोविड-19 संक्रमण के कारण अनाथ हुए बच्चों का पुनर्वास किया जाना है। हाल की स्थितियों में सभी अस्पतालों में भर्ती हो रहे मरीजों में से कुछ की इलाज के दौरान दुर्भाग्यवश मृत्यु हो जाने पर अथवा ऐसे बालक जिनके माता-पिता कोविड-19 के संक्रमण के कारण बालकों के देखरेख में असमर्थ है। उनको बाल कल्याण समिति के आदेश पर अन्तरिम अवधि के लिये बाल देखरेख संस्था में आश्रय दिया जाएगा। जिससे इन बच्चों का प्रभावी




संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। ऐसे बालकों जिनके माता पिता कोविड-19 से प्रभावित है। उनको बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के पश्चात जिला प्रशासन द्वारा चिन्हाकित पंजीकृत संस्था में उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जावेगी। इस संबंध में जिला बाल कल्याण समिति बच्चों के उचित पुनर्वास हेतु जिले में संचालित समस्त कोविड 19 केयर सेन्टर एवं समस्त अस्पतालों, समस्त सार्वजनिक स्थलों पर बच्चों से संबंधित प्रकरण प्राप्त होने की स्थिति में तत्काल चाईल्ड लाईन 1098, पुलिस सहायता नम्बर 100, महिला हेल्प लाईन नं0 181 पर सम्पर्क करने को कहा है। इसके लिए बाल कल्याण समिति कार्यलय दूरभाष क्रमांक 07786-243667 या मो.नं. 7694822340 में भी सम्पर्क किया जा सकता है। इस संबंध में जिला बाल संरक्षण समिति ने नागरिकों से अपील की है कि ऐसे किसी प्रकरण अनुसार यदि कोई बच्चा अनाथ या बेसहारा होता है तो उसकी बाल संरक्षण समिति अथवा पुलिस को अतिशीघ्र सूचना दें, ताकि बच्चों का संरक्षण किया जा सके। सोशल मीडिया के माध्यम से कई बार बच्चों को गोद लेने देने की बात की जाती है कृपया इस प्रकार की गतिविधियों से बचें। कई बार आपराधिक तत्वों द्वारा इस प्रकार की परिस्थितियों का लाभ लेकर मानव व्यापार करने के प्रकरण सामने आए हैं। ऐसे में किसी व्यक्ति या बच्चे के रिश्तेदारों द्वारा भी वैधानिक अनुमति के बिना बच्चों को गोद लिया जाना अवैध माना गया है। इसके लिए विधिसम्मत तरीकों से बच्चों को गोद लिया जा सकता है।

# निः शुल्क वैक्सीन का मुफ्त उपहार देने वाली सरकार भूपेश सरकार : रूहाब मेमन

पायनियर संवाददाता ◂ बीजापुर
www.dailypioneer.com





युवाओं को मिला टीकाकरण का उपहार जय हो भूपेश सरकार, इसी स्लोगन के साथ प्रदेश भर में 18 से 44 वर्षो के सभी वर्गों को आज टीकाकरण का मुफ्त उपहार मिला, वैक्सीन लगवाने के प्रति जागरूक करने के लिए आज एन एस यू आई प्रदेश सचिव एवं लोकसभा अध्यक्ष रूहाब मेमन ने भी सामुदायिक भवन में वैक्सीन लगवाने पहुँचे और वैक्सीन लगवा कर लोगो से अपील की सभी लोग वैक्सीन अवश्य लगवाए और किसी भी अफवाह से बचे, भूपेश सरकार की मुफ्त टीकाकरण योजना पूरे देश में एक उदाहरण है कि कैसे किसी राज्य के मुखिया को अपनी जनता से प्यार है और उनके हर फैसलों में जनता के लिए प्यार भरा हुआ है, परन्तु केंद्र की सत्ता में बैठी मोदी सरकार छत्तीसगढ़ की जनता से नफरत करती है और द्वेष पूर्ण फैसले छत्तीसगढ़ की जनता के लिए लेती है लेकिन भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की जनता के लिए सारे फैसले छत्तीसगढ़ की जनता के लिए ही होगी, चाहे केंद्र कितने भी रुकावटे पैदा कर ले लेकिन छत्तीसगढ़ की ढाई करोड़ जनता का फैसला छत्तीसगढ़ में सुरक्षित एवं सही होगा लोगों द्वारा फैलाये जा रहे भम्र में न आए वैक्सीन जरूर लगवाए लोगों जागरूक करे।

## उमेश पटेल ने पिता ईश्वर पटेल की स्मृति में जीवन रक्षक दवाइयां दान की

**केसकाल।** इन दिनों संपूर्ण राज्य के साथ बस्तर संभाग के कई जिलों को कोरोना रोकथाम के लिए जिला कलेक्टर द्वारा 15 मई 2021 तक लाक डाउन किया गया है



इसी लाक डाउन के तहत जिला कोडागांव में लाक डाउन के चलते गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों के जीवन में अंधकारमय होने के साथ कोरोना को लेकर जनमानस में डर व खौफ का वातावरण बना हुआ है कोरोना संक्रमण को लेकर कोरोना की प्रथम चरण में जनमानस को डर खौफ नहीं रहा किंतु दूसरी चरण कोरोना संक्रमण के चलते लापरवाही के कारण कई लोगों के जान भी चले गए है अब की कोरोना संक्रमण की शुरुआत में जिस के शरीर में कोरोना संक्रमण प्रवेश हुआ है उन्हें खासी के साथ तेज बुखार से सांस लेने में तकलीफ के कारण संक्रमण भयानक रुप धारण करने की जानकारी डॉ. डी के बिसेन प्रभारी कोविड कोंडागांव ने दी है। 9 मई 2021 को उमेश पटेल पिता स्वर्गीय ईश्वर पटेल जी के स्मरण मे विभिन्न प्रकार की जीवन रक्षक दवाइयां डॉ डी के बिसेन केशकाल को निशुल्क दान दिया गया है इस अवसर पर दानदाता उमेश पटेल रोशन जमीर अध्यक्ष नगर पंचायत, डॉ. डी के बिसेन, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर व स्टाफ उपस्थित रहे।

# मुस्लिम जमात के सेवाभावी नवयुवक कोरोना संक्रमण में दे रहे सेवाएं

## कब्रिस्तान में समाज के नवयुवकों की टोली कर रही अंतिम संस्कार

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

कोरोना महामारी ने ऐसा कोहराम मचाया है कि अब अपने भी दूर होने लगे हैं,कोरोना ने ऐसे दिन दिखा दिए हैं जहां पर मुश्किल समय में अब कोई किसी की मदद नहीं करता, बल्कि सिर्फ दूर रहने की ही कोशिश रहती है, लेकिन इन दूरियों के बीच कुछ लोग ऐसे भी हैं जो खुद के जान को जोखिम मे डाल कर सिर्फ इंसानियत में विश्वास दिखा रहे हैं. हम बात कर रहे हैं सक्ति मुस्लिम जमात के युवकों की,किसी व्यक्ति की कोरोना से मृत्यु हो जाती है तो परिवार को कई दिक्कत का सामना करना पड़ता है, सरकार के गाइड लाइन के कारण और खुद की सुरक्षा के कारण परिवार के सदस्य चाह कर भी पास नही जा पाते, ऐसे समय मे ये युवकों की टोली सारा बीड़ा उठाती है, कब्र की



तामिर से लेकर कफन दफन तक, वैसे तो दावते इस्लामी के भाई लोग भी इस इस काम को अंजाम देते हैं लेकिन उनके न होने पे ये खुद पीपी किट पहन कर सभी कार्य करते हैं, 43 डिग्री का तापमान और पीपी किट की गर्मी और ऊपर से रोजा,रमजान का महीना चल रहा है और गर्मी अपने चरम पे है, पारा 43 डिग्री के आस पास चल रहा है, ऐसा समय मे खुद की प्यास पे काबू रख मुस्लिम समाज के युवक कब्र की तामीर मे लगे हैं, गर्मी के दिनों मे मिट्टी भी पत्थर जैसी सख्त हो जाती है, एक कब्र की औसत ऊँचाई 4 फीट, लंबाई 6 ?ीट और चौड़ाई 3 फीट होती है जिसमे से करीब 25 क्विंटल मिट्टी बाहर निकाली जाती है फिर बाद मे निकाली गई मिट्टी के कुछ भाग को फिर कब्र मे चढ़ाया भी जाता है, इन सब के लिए शारारिक और मानसिक मजबूती की जरूरत होती है, कब्र की तामिर मे 4 से 5 घन्टे का समय लगता है, ऐसे मुश्किल हालातो मे भी युवक अपना काम बखूबी निभा रहे है, जिसमे मुख्य रूप से हबीब खान और सफर मोहम्मद के साथ राजा खान, असलम साबरी, अफरोज साबरी, सलीम बेग, वसीम खान, इम्तियाज खान, साबा खान, अलीम करीम, तौहीद खान, दानिश अंसारी, रज्जब अली, सादिज खान, इरफान खान, मुन्ना खान, वारिश खान, हफिज खान, आंसू खान, साजिद खान, अजीम खान, रुस्तम खान शामिल है।

## शिवसेना कार्यकर्ताओं ने बेरोजगार गरीब परिवारों की गांव गांव जाकर कर रहे हैं मदद

**अंतागढ।** जब भी देश में कोई विपत्ति आई हो या दुर्घटना हुई हो शिवसैनिक उस दौरान अपनी जान पर खेलकर आम जनता के



जानमाल की रक्षा हेतु तत्पर रहते हैं । एवं राष्ट्र एवं राष्ट्र के नागरिकों की हर संभव सहायता करते हैं। अभी वर्तमान में देश में कोरोना महामारी का प्रकोप चल रहा है एवं देश में लाखों लोग इस कोरोना महामारी के कारण काल कल वित्त हो रहे हैं। इस दौरान शिवसेना कार्यकर्ता , शिवसेना के संस्थापक बाला साहब ठाकरे के मूल मंत्र 80प्र समाज सेवा एवं 20त्न राजनीति के सिद्धांतों पर चलते हुए देश वासियों की सेवा में सेवारत है ।और देश भर में शिवसेना द्वारा यथासंभव देशवासियों की सेवा हेतु सेवा कार्यक्रम किया जा रहा है इसी सेवा के मूल मंत्र पर चलते हुए अंतागढ क्षेत्र के गांव गांव में शिवसेना कार्यकर्ताओं द्वारा निःशक्त ,प्रतिदिन कमाने खाने वाले परिवारों ,एवं निर्धन परिवारों हेतु रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं एवं ताजा सब्जियां उन्हें ग्राम में पहुंचाकर भेंट किया जा रहा है। एवं आम जनता को कोरोना से निपटने हेतु सरकारी गाइडलाइन का पालन करने प्रेरित किया जा रहा है। एवं आम जनता को अपने प्राण रक्षा हेतु को रोना का टीका लगाने हेतु आह्वान किया जा रहा है।

# जैजैपुर में कोविड-19 वैक्सीनेसन केंद्र खोलने की मांग

पायनियर संवाददाता ◂ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत जैजैपुर के पूर्व अध्यक्ष मीना महेंद्र चंद्रा ने कलेक्टर को पत्र लिखकर जैजैपुर नगर में कोविड-19 वैक्सीनेशन केंद्र खोलने की मांग की है। ज्ञात हो कि वैश्विक महामारी कोरोना के बचाव के लिए राज्य सरकार द्वारा 18 से 45 उम्र के नागरिकों का मुफ्त में टीकाकरण किया जा रहा है। जिसके लिए विकासखंड जैजैपुर में एकमात्र टीकाकरण केंद्र हसौद में बनाया गया है। चूँकि जैजैपुर नगर विकासखंड मुख्यालय होने के साथ-साथ विकासखंड के मध्य में स्थित है तथा नगर की आबादी लगभग बीस हजार है। यहां कोविड-19 टीकाकरण केंद्र बनाए जाने से पूरे विकासखंड के लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी।



पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मीना चन्द्रा ने अपने पत्र में जैजैपुर नगर में पर्याप्त संसाधन एवं सुविधा का हवाला देते हुए कहा है कि विकासखंड के उत्तर में स्थित रायपुरा, हरदी, सिरली, बर्रा, बिछिया, तलवा छितापडरिया सहित अन्य ग्रामों से हसौद टीकाकरण केंद्र की दूरी 30 से 40 किलोमीटर होने के कारण जैजैपुर नगर में कोविड-19 वैक्सीनेशन केंद्र की आवश्यकता महसूस की जा रही है। यदि नगर पंचायत जैजैपुर में वैक्सीनेशन सेंटर खोल दिया जाएगा तो ग्रामीणों को आने जाने में परेशानी नहीं होगी और इस टीकाकरण का लाभ सभी लोगों को मिल सकेगा।

## टीका लगवाने अमीर-गरीब दोनों दौड़ रहे

# गरीबी रेखा के उपर वालों में टीका लगवाने में दिखाया गजब का उत्साह

पायनियर संवाददाता ◂ केशकाल
www.dailypioneer.com

उच्च न्यायालय के आदेश के बाद केशकाल में भी 18वर्ष से उपर वालों को टीका लगाने का कार्य 8 मई से आरंभ कर दिया गया परन्तु गरीब और बहुत गरीब लोग टीका लगवाने से बचने की कोशिश कर रहे हैं वहीं गरीबी रेखा के उपर रहने वाले लोग टीका लगवाने खुद आ रहे हैं और लंबी लाइन में घंण्टों खड़े रहकर भी टीका लगवा रहे हैं। आर्थिक स्तर एवं राशन कार्ड के आधार पर अलग अलग वर्ग के लोगों के लिए किए गये अलग अलग व्यवस्था कर टीकाकरंण का कार्य किया जा रहा है।

दो दिन में टीकाकरण करवाने वालों का जो आंकड़ा सामने आया है वह बहुत गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है। गरीबी रेखा के उपर वालों में टीका लगवाने को लेकर गजब का उत्साह दिखाई दिखाई दे रहा है प्रथम दिवस 180का लक्ष्य रखा गया



था पर सुबह से पढ़े लिखे शिक्षीत युवा टीका लगवाने पंहुचने लगे और देखते ही देखते लंबी लाइन लग गया। जिसके चलते महज 2घंटे में 180लोगों को टीका लग गया और लक्ष्य पूरा हो गया।दूसरे दिन भी ए पी एल के युवाओं ने बड़े उत्साह से आकर अपनी बारी का इंतजार करने लगे और देखते ही देखते 66 लोगों ने टीका लगवा लिया। परन्तु इसके ठिक विपरित स्थिति गरीब और बहुत गरीब तबके के लोगों के टेबल पर देखा गया। स्वास्थ्य विभाग नगरपंचायत की टिम पुलिस बल के सांथ घर घर जाकर टीका लगवाने के लिए समझा रहे हैं फिर भी इस तबके के लोग टीका लगवाने में खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। गली मुहल्ले में यह भी चर्चा का विषय है की अगर टीका नहीं लगायेंगे तो हो सकता है राशन कार्ड से मिलने वाला सस्ता राशन बंद न हो जाये । इस अफवाह के बावजूद भी लोग नाना प्रकार का भ्रम पाले बैठे हुए हैं जिसके चलते वो टीका लगवाने से बच रहे हैं। टीका को लेकर फैले भ्रांति के चलते ही 8मई को गरीबी रेखा के नीचे जीवन निर्वाह करने वाले मात्र 40 और 9मई को मात्र 41 लोग ही टीका लगवाने पंहुचे। इससे भी निराशाजनक हालत बहुत गरीब तबके के अंत्योदय राशन कार्ड धारियों के टेबल में देखने को मिल रहा है। 8मई को मात्र 10 और 9 मई को मात्र 13 अंत्योदय राशन कार्ड धारियों ने टीका लगवाया। ए पी एल वाले स्वप्रेरित होकर स्वयं टीका लगवाने आ रहे हैं और लंबी लाइन में लगकर घंण्टों इंतजार करने के बाद भी टीका लगवा रहे हैं पर गरीबी रेखा से नीचे और अंत्योदय राशन कार्ड धारी आखिर टीका लगवाने में रूचि लेने की बजाय कदम पीछे क्यों खींच रहे हैं -यह सरकार और प्रबुद्ध समाज के समक्ष गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है जिस पर चिंतन मनन जरूर होना चाहिए।

# सात लाख के इनामी नक्सली दंपती ने किया आत्म समर्पण

पायनियर संवाददाता ◂ अन्तागढ़
www.dailypioneer.com

नक्सल प्रभावित क्षेत्र में 7 लाख के इनामी नक्सली दंपत्ति ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। कांकेर जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को किसकोड़ो एलओएस उप कमांडर एवं एरिया कमेटी सदस्य जयसिंह उर्फ दरबारी कोमरा उम्र 28 वर्ष साकिन सिरसांगी कोमरापारा थाना ताडोकी 5 लाख इनामी नक्सली एवं उनकी मावोवादी पत्नी सम्मी उर्फ सन्नी इरपा साकिन बल्लनेड्रा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर प्लाटून नंबर 17 सदस्य इनाम 2 लाख माओवादी दम्पत्ति ने पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुंदर राज पी, पुलिस उपमहानिरीक्षक विनीत खन्ना, पुलिस अधीक्षक कांकेर एमआर अहिरे कांकेर जिले में नक्सलियों के विरुद्ध चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान एवं शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर तथा माओवादियों की खोखली विचारधारा, जीवन शैली, भेदभाव पूर्ण व्यवहार और प्रताड़ना से तंग आकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला कांकेर के सभागृह में आत्मसमर्पण किया है। उक्त दोनों आत्म समर्पित नक्सली दंपति



को प्रोत्साहन राशि 10 - 10 हजार नगद प्रदान किया गया एवं शासन से प्राप्त सहायता नियमानुसार प्रदाय की जाएगी आत्म समर्पित नक्सली दंपति जिला कांकेर में हत्या के प्रयास, पुलिस नक्सली मुठभेड़, जैसे जघन्य नक्सली अपराधों में संलिप्त रहे हैं नक्सली दंपति के आत्मसमर्पण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी एन बघेल, उप पुलिस अधीक्षक अमृत कुजूर, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन आकाश मरकाम, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अंतागढ़ कौशलेंद्र पटेल उपस्थित थे।


**कार्यालय कलेक्टर, जिला-सुकमा (छ.ग.)**
**(जिला निर्माण समिति सुकमा)**
**//मैनुअल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना//**

क्रमांक/4-41/NIT No.06/जि.नि.स./2021-22 सुकमा, दिनांक 01.05.2021

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/रजिस्टर्ड फर्म से निम्नलिखित मैनुअल निविदा प्रपत्र स में आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | ठेकेदार की श्रेणी | निविदा का प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों हेतू, एच टाईप-2 नग आवास भवन निर्माण चिंतलनार | 21.40 | द वर्ग से लेकर उच्च श्रेणी तक | 11.5.2021 |
| 2. | स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों हेतू एच टाईप-2 नग आवास भवन निर्माण बगड़ेगुडा | 21.40 | | |

उपरोक्त कार्यो की निविदा से संबंधित आवश्यक शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस पर कार्यालय से प्राप्त की जा सकेगी :-

(कलेक्टर द्वारा अनुमोदित)

नोडल अधिकारी
जिला निर्माण समिति सुकमा
जिला सुकमा (छ.ग.)

संवाद-28701/2

संपादकीय

# स्वामी की सलाह राजनीतिक निहितार्थ

**सुब्रमण्यम** स्वामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गडकरी को सशक्त करने की सलाह दी है जिसके गहरे राजनीतिक निहितार्थ हैं। स्वामी एक विरले राजनेता और ऐसे कुछ लोगों में शामिल हैं जो अपने शब्दों को बिना तोड़े-मरोड़े पार्टी नेताओं को बेबाक सलाह देते हैं। इससे अक्सर नेतृत्व असहज अनुभव करता है और गुस्सा हो सकता है। भाजपा के सुब्रमण्यम स्वामी पार्टी लाइन पर चलने के आदी नहीं हैं और आवश्यकता होने पर अपनी सरकार की भी खिंचाई करते रहते हैं। हाल ही में उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री कार्यालय-पीएमओ पर वैश्विक महामारी के खिलाफ संघर्ष में विश्वास नहीं किया जा सकता है। एक कदम आगे बढ़ते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रार्थना की है कि वे केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को कोविड-19 प्रबंधन का इन्चार्ज बना दें। निश्चित रूप से यह निर्णय करना सरकार पर निर्भर है, पर स्वामी के बयान के गहरे राजनीतिक निहितार्थ हैं। हालांकि, केन्द्र महामारी पर लगाम लगाने के सारे प्रयास कर रहा है, पर इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि महामारी अभी समाप्त नहीं हुई है और देश कोविड-19 की दूसरी लहर से निपटने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं था जो पहली की तुलना में ज्यादा घातक और खतरनाक थी। हमारा स्वास्थ्यरक्षा व अन्य ढांचा इसका बोझ अनुभव कर रहा है और चिकित्सकीय आक्सीजन, अस्पताल बिस्तरों, आवश्यक दवाओं, आदि की कमी अनुभव की जा रही है। इससे निसंदेह सरकार और प्रधानमंत्री की छवि जनता में गिरी है। चूंकि मोदी भाजपा का एकमात्र चेहरा हैं, इसलिए पार्टी यह जोखिम नहीं उठा सकती है कि नागरिक आगामी चुनाव में अपने कष्टों को उनके व्यक्तित्व से जोड़ें।

एक परिपक्व राजनेता होने के कारण शायद स्वामी को लगता है कि वर्तमान परिस्थितियों में मोदी का चेहरा पार्टी की चुनावी संभावनाओं के लिए शुभ नहीं है, जैसा कि हालिया विधानसभा चुनाव परिणामों से स्पष्ट है। अतः गडकरी जैसे किसी अन्य नेता का स्वतंत्र चेहरा और विश्वसनीयता पेश करना जरूरी हो गया है। स्पष्ट रूप से स्वामी का अंतर्निहित संदेश यह है कि भाजपा केवल मोदी तक सीमित नहीं है तथा संकट के इस समय में अन्य नेताओं पर भी विश्वास किया जा सकता है। स्वामी यह संदेश देना चाहते हैं कि पार्टी प्रधानमंत्री या पीएमओ से बड़ी है। पीएमओ के 'बेकार' कहने से यह संकेत भी जाता है कि मोदी सर्वोच्च नौकरशाहों समेत अपने निकटस्थ दरबारियों की बात पर ज्यादा विश्वास करते हैं जिसका हमेशा सही तथा पार्टी के हित में होना जरूरी नहीं है। शायद स्वामी चाहते हैं कि मोदी इस कठिन समय में नौकरशाहों और अन्य जीहुजूरों पर निर्भर रहने के बजाय अपने और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के विवेक पर ज्यादा विश्वास करें। यह प्रधानमंत्री के लिए संकेत हो सकता है कि महामारी से निपटने वाली रणनीतियों पर पुनर्विचार की आवश्यकता है तथा गडकरी जैसे नेताओं को ज्यादा जिम्मेदारी दी जानी चाहिए जो प्रबंधन व नियोजन में माहिर हैं। देश ने लगातार दो कार्यकाल के लिए मोदी पर विश्वास प्रकट किया है और हम उम्मीद करते हैं कि वे महामारी के बढ़ते प्रकोप से हमारी रक्षा हेतु कोई महत्वपूर्ण कदम उठाएंगे। वर्तमान समय में खतरनाक वायरस को सफलतापूर्वक पराजित करने से उनका तथा भाजपा का तीसरा कार्यकाल सुनिश्चित होगा।

# सेनकाकू द्वीप : टकराव का नया बिंदु

## चीन सागर में सेनकाकू द्वीपों पर मौजूदा संकट सिर्फ हिमशैल का है। बीआरआई या सीपीईसी के रूप में शी की विशाल विस्तार योजना से क्षेत्र में और उसके आसपास शांति के लिए खतरा है।



**माखन सैकिया**
(लेखक अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ हैं)



**पूर्वी** चीन सागर में सेनकाकू द्वीपों पर मौजूदा संकट सिर्फ हिमशैल का है। बीआरआई या सीपीईसी के रूप में शी की विशाल विस्तार योजना से क्षेत्र में और उसके आसपास शांति और शांति का खतरा है। इसके अलावा, हांगकांग में लोकतांत्रिक अधिकारों का लंबा दमन, संप्रभुता के लिए ताइवान का निरंतर दावा, उनकी विशिष्टता की मान्यता के लिए तिब्बती का लंबा खींचा युद्ध, शिनजियांग में उइगर मुस्लिम अल्पसंख्यकों और अन्य जातीय समूहों पर अत्याचार और अंत में, कई का दावा किया गया दावा दक्षिण चीन सागर पर पड़ोसी बीजिंग के लिए स्थायी दुख की बात है। सेनकाकू द्वीप समूह पूर्वी चीन सागर (ईसीएस) में जापान और चीन के बीच नए फ़्लैश पॉइंट के रूप में उभरा है। जबकि चीन ने डियाओयू द्वीपसमूह को बुलाए जाने वाले क्षेत्रों पर अपने दावे को पुख्ता करने के लिए अपना अभियान तेज कर दिया है, जापान ने अमेरिका को क्षेत्र पर अपने संप्रभु अधिकारों को वापस करने की कोशिश की है।

दोनों राष्ट्र अपनी सैन्य तैयारियों को बढ़ाने के लिए कमर कस रहे हैं, विशेष रूप से क्षेत्र के चारों ओर रडार और मिसाइल सिस्टम। विवादित द्वीपों का कुल क्षेत्रफल लगभग 81,000 वर्ग मील है और द्वीपों की संख्या आठ है। अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन के रिकॉर्ड के अनुसार, ईसीएस में अनुमानित 200 मिलियन बैरल तेल है। ऐतिहासिक रिकॉर्ड कहते हैं कि जापान ने औपचारिक रूप से वर्ष 1895 में सेनकाकू द्वीपों पर दावा किया था। और पिछले 120 वर्षों से कुछ जापानी व्यक्ति इन द्वीपों पर कब्जा कर रहे हैं। हालांकि, केवल द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, अमेरिका ने जापान से इन क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया था। लेकिन बाद में, जापान ने उन्हें अपने नियंत्रण में ले लिया। 1960 के दशक तक, चीन ने शायद ही अभिलेखीय अभिलेखों के अनुसार, सेनकाकू पर कोई ध्यान दिया हो। हालांकि, 1969 का वर्ष सेनकाकू के हालिया इतिहास में चीन के लिए निर्णायक क्षण साबित हुआ। अपतटीय तेल विकास क्षमता ने द्वीप श्रृंखला की ओर चीन का ध्यान आकर्षित किया। चीन ने 1979 में पाया था कि क्षेत्र में हाइड्रोकार्बन का विशाल क्षेत्र था, विशेषज्ञों का दावा है।

जनवरी में, चीन ने सेनकाकू द्वीपों में और इसके आसपास अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए अपना तटरक्षक कानून पारित किया। इसने जापानी तट रक्षक कानून को संशोधित करने के लिए योशीहाइड सुगा सरकार को बंद कर दिया ताकि इन द्वीपों में उतरने की कोशिश करने वाले किसी भी घुसपैठिए को गोली मार दी जा सके। जापान के पक्ष में यथास्थिति में जो बदलाव आया है वह 2012 में उनके स्वामित्व वाले एक निजी नागरिक से सरकार द्वारा सेनकाकू समूह के तीन द्वीपों को खरीदने का था। तब से द्वीपों के आसपास चीनी तट रक्षकों की उपस्थिति बढ़ गई है। संक्षेप में, द्वीपों को लेकर दोनों देशों के बीच नियमित टकराव फ्लैशपॉइंट तक पहुंच गया है।

ईसीएस पर चीन के क्षेत्रीय दावे निराधार हैं लेकिन चीन इन द्वीपों पर अपना दावा जताने के लिए ऐतिहासिक दस्तावेजों की ओर इशारा करता है। 2013 में मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, चीनी विदेश मंत्रालय ने दावा किया : ''दियॉयू द्वीप समूह संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के बारे में है। बेशक, यह चीन का मुख्य हित है।''

इस तरह का बयान चीनी सरकार की ओर से दुर्लभ है, और जब उन्हें रिहा किया जाता है, तो वे वास्तव में कुछ गंभीर संकेत देते हैं। चीनी राजनीतिक शब्दकोष में, ''मूल हित'' का मतलब देश की क्षेत्र और संप्रभु पहचान के लिए महत्वपूर्ण महत्व का क्षेत्र है। शिनजियांग उइगुर स्वायत्त क्षेत्र, तिब्बत और ताइवान जैसे शीर्ष सुरक्षा-संबंधित और परेशान करने वाले क्षेत्रों के लिए 'मुख्य हित' शब्द विशेष रूप से आरक्षित हैं। इसलिए, यह कड़ाई से बनाए रखा जाता है कि ऐसे क्षेत्रों में किसी भी गतिशीलता के लिए कोई जगह नहीं है। यह संदेश देता है कि बीजिंग टोक्यो के साथ द्विपक्षीय संबंधों में एक प्रमुख चिंता के रूप में सेनकाकू द्वीप समूह के विवाद को मानता है।

सेनकाकू द्वीप समूह पर अमेरिकी स्थिति उल्लेखनीय है। 1969 में 37 वें राष्ट्रपति के रूप में रिचर्ड निक्सन के सत्ता में आने के बाद से, अमेरिका यह सुनिश्चित करता रहा है कि सेनकाकू द्वीपों पर क्षेत्रीय संप्रभुता को तीन परस्पर विरोधी दलों यथा जापान, ताइवान और चीन द्वारा सुलझाया जाना चाहिए। यह रुख 1995 तक जारी रहा। लेकिन 1996 के बाद, राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के शासनकाल में, अमेरिकी नीति निर्माताओं ने विवादित द्वीप पर एक नया दृष्टिकोण पेश किया। अमेरिकी राजनयिकों ने यह विचार व्यक्त किया कि सेनकाकू द्वीप समूह को जापान प्रशासित क्षेत्र के रूप में यूएस-जापान सुरक्षा संधि के अनुच्छेद 5 के तहत कवर किया गया है। इस स्थिति से, वाशिंगटन ने बराक ओबामा प्रेसीडेंसी के तहत 2014 में एक सक्रिय कदम उठाया। वह यह घोषणा करने वाले पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बने कि अगर हमला किया गया तो अमेरिका 'जापानी द्वीपों' की रक्षा करेगा। इससे इन विवादित द्वीपों पर देश की स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट हो गई। इसके अलावा, फरवरी 2017 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सेनकाकू द्वीपों की सुरक्षा के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए एक और कदम उठाया। तत्कालीन जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे के साथ जारी एक औपचारिक संयुक्त घोषणा में, ट्रम्प ने स्पष्ट रूप से कहा कि अमेरिका-जापान सुरक्षा संधि को सेनकाकू द्वीप समूह पर लागू किया गया है। और यह भी, घोषणा ने यह सार्वजनिक कर दिया कि अमेरिका सेनकाकू द्वीपों पर जापान के प्रशासन से लड़ने के उद्देश्य से किसी भी एकतरफा कार्रवाई का विरोध करता है।

वास्तव में, ट्रम्प-युग की चीन की नीति बीजिंग के अपने पड़ोसियों और दुनिया की प्रमुख शक्तियों, विशेष रूप से अमेरिका की प्रमुख शक्तियों के प्रति निरंतर आक्रामक रवैये के खिलाफ किसी बड़े युद्ध से कम नहीं थी। चीन के प्रति उनकी नीतियों में दो अलग-अलग ट्रैक दिखाई दिए- एक, ट्रम्प ने व्यक्तिगत रूप से पीछा किया, और दो, चीन के विशेषज्ञों द्वारा उनके प्रशासन में सेवा प्रदान करने वाली नीतियों का नेतृत्व किया। यह शी जिनपिंग के शासन के खिलाफ एक आभासी युद्ध जैसा था। इसलिए, जब अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने अक्टूबर 2017 में जापान का दौरा किया, तो उन्होंने लोकतंत्रों का गठबंधन करके चीन का मुकाबला करने के लिए एक सार्वजनिक कॉल जारी किया था।

फिर से, ट्रम्प के तहत सेनकाकू द्वीप समूह के आसपास अमेरिका-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास ने चीन से किसी भी सशस्त्र हस्तक्षेप के लिए तैयारी को मजबूत किया। वास्तव में, अक्टूबर 2017 में संयुक्त सैन्य अभ्यास के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल केविन श्नाइडर ने ड्रिल के पीछे असली इरादे स्पष्ट कर दिए, जब उन्होंने कहा : ''जापान सरकार की मदद करने की अपनी प्रतिबद्धता में संयुक्त राज्य अमेरिका 100 प्रतिशत बिल्कुल स्थिर है। सेनकाकू द्वीपों की रक्षा की स्थिति के साथ। यह वर्ष में 365 दिन, दिन में 24 घंटे, सप्ताह में सात दिन होता है।'' इस प्रकार पूर्वी चीन सागर में इन खनिज समृद्ध द्वीपों के निरंतर नियंत्रण और सुरक्षा के लिए टोक्यो ने वाशिंगटन का समर्थन सुनिश्चित किया है।

द्वीपों पर जापान के लिए अमेरिका का भारी समर्थन चीन के लिए यह समझने के लिए पर्याप्त से अधिक था कि बीजिंग सेनकाकू पर अपने शासन को लागू करने के लिए क्या कार्रवाई करेगा।

हालांकि, चीन-जापानी संबंधों का तथाकथित सामान्यीकरण एक मिथ्या नाम है। 2018 में, चीन और जापान ने शांति और मित्रता की चीन-जापान संधि पर हस्ताक्षर करने की 40 वीं वर्षगांठ मनाई, लेकिन फिर वैश्विक स्थिति जल्द ही बिगड़ गई क्योंकि कोविड-19 चीन के खिलाफ महामारी फैलाने के आरोपों के साथ आया। उसी वर्ष, चीनी प्रधानमंत्री ली केकियांग ने मई में जापान की पहली यात्रा का भुगतान किया और अक्टूबर में तत्कालीन प्रधानमंत्री आबे ने चीन का दौरा किया।

# जगमोहन का बहुआयामी व्यक्तित्व

“ जगमोहन ने एक बार भी अपने राजनीतिक विचारों को प्रशासनिक निष्ठा पर हावी नहीं होने दिया। ”

**आमोद कंठ**
(लेखक सेवानिवृत्त



**वर्ष** 1973 में मैं लगभग एक अनजान अपरिचित की तरह पहली बार दिल्ली आया। काम और अध्ययन के दौरान मेरे अनेक मित्र जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय-जेएनयू परिसर सप्रू हाउस बाराखंभा रोड तथा कुछ दिल्ली विश्वविद्यालय-डीयू परिसर से थे। मैं इंडियन इंस्टीट्यूट आफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के एक होस्टल में रहता था जो सस्ते भोजन के लिए मेरे मित्रों का पसंदीदा स्थान था जहां हम अपना समय सप्रू हाउस कैंटीन व पुस्तकालय में बिताते थे। जेएनयू संस्कृति में पल रहे मेरे मित्रों के साथ सिविल सर्विस की तैयारी करने वाले भी थे और मैं अपना समय सप्रू हाउस लाइब्रेरी में बिताता था। उस समय जेएनयू का नया परिसर नहीं बना था। स्कूल आफ इंटरनेशनल स्टडीज़ के मेरे मित्र अपने शोध में डूबे रहते थे और मेरी दिलचस्पी भी शहरी नियोजन व प्रशासन में थी। मैंने कुछ विद्वानों और लाइब्रेरियन से पूछा कि दिल्ली शहर का परिचय देने के लिए सबसे विद्वान व्यक्ति कौन है। बिना किसी अपवाद के सभी ने चश्मा लगाए एक व्यक्ति की ओर इशारा किया। वे जगमोहन थे जो पुस्तकालय के एक कोने में कुछ किताबों में खोए हुए थे।

जब मैंने जगमोहन से बताया कि मैं उनसे मिल कर नियोजन व लोक प्रशासन के दृष्टिकोण से अतीत की व समकालीन दिल्ली के बारे में कुछ सीखना चाहता हूं तो उन्होंने मुझसे लाइब्रेरी में बोलने से मना किया और बाहर ले गए। वे मुझे सप्रू हाउस कैंटीन में ले गए और जैसे इशारा समझ कर वेटर दो कप चाय ले आया। जगमोहन ने मुझसे मेरी अकादमिक पृष्ठभूमि तथा अनुभव के बारे में कुछ सवाल पूछे। उन्हें मेरा प्रोफाइल तथा सीखने की इच्छा पसंद आई। मैं जगमोहन के सामने एक छात्र की तरह था और वे मेरे



शिक्षक की तरह कैफेटेरिया में 45 मिनट तक बहुत गंभीरता से समझाते रहे। यह दिल्ली के बारे में सीखने का मेरा पहला अनुभव था। इसमें उन सात ऐतिहासिक शहरों का संक्षिप्त इतिहास भी शामिल था जो बने और नष्ट हो गए, पर वे 1485 वर्ग किलोमीटर में अपने स्मारकों के साथ आज भी मौजूद हैं। यह वर्तमान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली का क्षेत्र है। इसके बाद से मैं जगमोहन से जुड़ा रहा और कुछ साल पहले तक मेरी उनसे मुलाकात इंडिया इंटरनेशनल सेंटर-आईआईसी में होती थी जो उनका दूसरा घर तथा अध्ययन का प्रमुख केन्द्र बन गया था। वहां वे अपने अत्यधिक व्यस्त कॅरियर में अवकाश का समय बिताते थे। 1970 के दशकारंभ में जब मेरी जगमोहन से मुलाकात हुई तो वे दिल्ली विकास प्राधिकरण-डीडीए के कमिश्नर थे और जब मेरी उनसे लगभग 45 साल बाद आईआईसी में मुलाकातें शुरू हुईं तो वे एक अत्यधिक गौरवान्वित सेवानिवृत्त नौकरशाह-राजनेता विद्वान के रूप में पढ़ते और लिखते थे।

उनके असंख्य अकादमिक और नीतिगत दस्तावेजों में सबसे महत्वपूर्ण शहर के मास्टर प्लान हैं। जगमोहन का असाधारण कॅरियर 60 साल से अधिक समय में फैला हुआ है जिसमें बहुत उतार-चढ़ाव आए। वे डीडीए के रचनाकार और उपाध्यक्ष के साथ अध्यक्ष और दिल्ली के उप-राज्यपाल-एलजी रहे। दिल्ली के सर्वाधिक लोकप्रिय एलजी के साथ ही वे सबसे हिंसक व कठिन समय में जम्मू कश्मीर के दो बार गवर्नर रहे, सक्रिय राजनीति में शामिल हुए तथा कांग्रेस व भाजपा में रहे। लेकिन हमेशा वे केन्द्रीय शहरी मामलों के मंत्री की तुलना में प्रशासक अधिक रहे। 1974 में भारतीय पुलिस सेवा-आईपीएस में शामिल होने के बाद मुझे संघशासित क्षेत्र अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम मिले। मैंने दिल्ली में उप कमिश्नर, एडीशनल कमिश्नर तथा ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर के रूप में काम किया। अनेक अवसरों पर मुझे विवादास्पद और संवेदनशील राजनीतिक स्थितियों से निपटना पड़ा और अपने इस काम के दौरान मेरी मुलाकात राजनेता और प्रशासक जगमोहन से हुई।


उन अत्यधिक विस्फोटक स्थितियों तथा अपने और जगमोहन के बारे में ज्यादा विस्तृत बात करने के बजाय मैं केवल इतना अवश्य कहना चाहूंगा कि उन्होंने एक बार भी अपने राजनीतिक कॅरियर को अपनी प्रशासनिक निष्ठा पर हावी नहीं होने दिया।

## फरमाया



**सुरक्षा** एवं सुगमता के लिए आक्सीजन संयत्रों का प्रशासन एवं व्यवस्था की जिम्मेदारी सैन्य तथा अर्धसैनिक बलों को सौंपी जानी चाहिए।

– **अनिल विज**
गृहमंत्री हरियाणा



**हम** अपने सहयोगी देश आर्मीनिया की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह बात राष्ट्रपति पुतिन से बातचीत में प्रमाणित हो गई है।

– **सर्गेई लावरोव**
रूस के विदेश मंत्री



**दुर्भाग्यपूर्ण** रूप से, सभी प्रदेशों में हमारा प्रदर्शन बहुत निराशाजनक रहा और, मैं कहूंगी कि ऐसी उम्मीद नहीं थी।

– **सोनिया गांधी**
कांग्रेस अध्यक्ष

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## कोरोना काल में आयुष्मान योजना

**देश** भर में कोरोना संक्रमण महामारी ने कोहराम मचा रखा है। कहि लोगो ने इस महामारी में संसाधनों के आभाव में तो किसी ने आर्थिक स्थिति के अभाव में अपनों को सदा सदा के लिए खो दिया। कोरोना महामारी में म.प्र के कोविड का इलाज कर रहे सभी अस्पतालों में आयुष्मान योजना लागू करके कहि लोगो को काल के गाल में समाने से बचा लिया। बल्कि कोरोना महामारी में अस्पतालों में हो रही मनमानी , औऱ लाखो रुपए की लूट खसौट के खेल पर नकेल जैसी कस दी। आयुष्मान योजना के अंतर्गत 5 लाख तक का निशुल्क इलाज होने से कही लोगो की आर्थिक चिताओं का बोझ कम हो गया। एक ही कार्ड से पूरे परिवार को इस योजना का फायदा मिलना याने सरकार ने दर्द पर मल्हम का काम किया। इस योजना के तहत अब अस्पतालों में ऑक्सीजन ,रेमडेसिविर का पैसा नही लगेगा। बिल्कुल राहत भरी पहल है। लोग ऑक्सीजन , और रेमडेसिविर की किल्लत से और कालाबाजारी से परेशान भी थे। कहि गरीब परिवार और मध्यम वर्ग के लोग है जिनकी आर्थिक परिस्थितियों को देखे तो मरणासन है। लॉक डाउन से घर बैठे आय के साधन सिमट कर रह गए ऐसे लोगो के लिए आयुष्मान योजना वरदान साबित होगी।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

## एकता में ही जीत

**भारत** भले ही कई मायनों में विविध है, लेकिन उसकी एकता की मिशाल ही देश को इस महामारी से उबरने में मदद करेगी।जिस तरीके से विदेश से मिल रहीं सहायता, वैश्विक सम्बंध को और मजबूत करती हैं, वहीं दुसरी ओर विदेशी मीडिया में भारत की आलोचना भी की जा रहीं। गौर करने वाली बात यह है कि जब विकसित देश, जिनकी स्वास्थ्य सेवाएं विश्व में उदहारण पेश करती हैं, वो ध्वस्त हो गयी तो औरों का क्या कहना? भारत की जनसंख्या और भौगोलिक स्थिति के अनुसार अगर देखे तो, विकसित देशों की तुलना में भारत का प्रयास बेहतर रहा है। जिस तरीके से वर्ष 1993 में जब पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने जेनेवा में कश्मीर मुद्दे को लेकर भारत को ललकारा था, उस समय कॉग्रेस की राव सरकार ने प्रतिपक्ष के नेता अटल बिहारी वाजपेयी को सत्ता पक्ष का नेतृत्व करने के लिए भेजा था।उसी प्रकार जब बात देश की हो तो, एकजुटता से जंग को जीता जाना चाहिए।सभी राजनीतिक पार्टियों को महामारी के खिलाफ एक होकर देशवासियों को बचाना चाहिए, यही सबसे बड़ी प्राथमिकता है। भारत हमेशा से, अनेकता में एकता का संदेश देता आया है। ऐसे में एक बार फिर जरूरत है, समस्त विश्व को संदेश दिया जाए।

– **अमन जायसवाल,** दिल्ली विश्वविद्यालय

## ग्रीन सोलर एनर्जी प्लांट

**अभी** हाल ही में भारतीय सेना ने सिक्किम में पहले ग्रीन सोलर एनर्जी प्लांट का शुभारंभ किया है। इसका मुख्य उद्देश्य नवीनीकरण ऊर्जा का दोहन करना है। यह सोलर एनर्जी प्लांट में वैनेडियम आधारित बैटरी तकनीकी का उपयोग किया गया है। इससे पहले भारतीय सेना ने उनको ग्रीन पहल के एक भाग के तौर पर जालंधर छावनी में एक सौर संयंत्र शुरू किया था। बताते चलें कि भारत में वैनेडियम पहली बार अरुणाचल प्रदेश में इसी साल पाया गया है। वर्तमान में भारत वैन।डियम का विश्व में 4त्न उपभोग करता है। वैनेडियम एक संक्रमणकालीन धातु होने के कारण गर्मी और बिजली का अच्छा कंडक्टर होता है। साथ ही इसका उपयोग अन्य नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र में किया जाता है। यह हमारे लिए एक बहुत अच्छी खबर है आज के समय में इस कदर कार्बन उत्सर्जन की मात्रा में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है तो दूसरी और यह जरूरी हो गया है कि हम अपने पर्यावरण को सुरक्षित माहौल में रखें और एक सतत विकास का लक्ष्य लेकर गो ग्रीन पहल को और आगे बढ़ाएं।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

# लॉक डाउन की जिम्मेदारी भी निभाई और जरूरतमंद बुज़ुर्गों को टीकाकरण केंद्र तक पहुंचाया भी

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com






एसपी प्रशांत ठाकुर ने दिए थे सभी थाना प्रभारियों को निर्देश, किसी भी बुजुर्ग को दिक्कत महसूस हों तो छोड़े टीकाकरण केंद्र तक बुजुर्गों ने दिया आशीर्वाद, कहा बहुत अच्छा लगा। लॉक डाउन की जिम्मेदारी के साथ ही दुर्ग पुलिस ने आज बुजुर्ग नागरिकों को वैक्सिनेशन सेंटर तक पहुंचाने में भी अपनी प्रभावी भूमिका निभाई। एसपी प्रशांत ठाकुर ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए थे कि कोई भी बुजुर्ग जिसे वैक्सिनेशन सेंटर तक पहुंचने में दिक्कत हो रही हो, उसकी मदद करें। जिला दुर्ग में वैक्सीनेशन के दूसरे चरण में दुर्ग वासियों में सकारात्मक ऊर्जा के साथ लोग वैक्सीनेशन के लिए कतार बद्ध होते हुए दिखाई दिए। सभी में टीकाकरण को लेकर उत्साह नजर आया। वहीं दूसरी ओर जिले में सभी वैक्सीनेशन सेंटर में कुछ ऐसे लोग जिनके पास आवागमन के साधन उपलब्ध नहीं थे, उन्हें टीकाकरण में थोड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इन परिस्थितियों को भांपते हुए पुलिस अधीक्षक दुर्ग प्रशांत ठाकुर के द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वैक्सीनेशन के दौरान विकलांग,बुजुर्ग लोग जिन्हें आने-जाने की दिक्कत हो, अपने साधन से टीकाकरण के बाद उनके घरों तक सुरक्षित पहुंचाया जाए। टीकाकरण में प्रशासन के साथ वैक्सीनेशन को बढ़ावा देने के लिए दुर्ग पुलिस के द्वारा ऐसे लोगों को वैक्सीनेट करवाकर वैक्सीन से होने वाले लाभ दुर्ग वासियों को बता कर अधिक से अधिक टीकाकरण बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया।

इसी तारतम्य में थाना खुर्सीपार के कर्मचारियों द्वारा बुजुर्ग व्यक्ति का टीकाकरण कराया गया एवं उन्हें अपने साधन से घर तक पहुंचाया गया। जिला पंचायत सीईओ जिला पंचायत सीईओ सच्चिदानंद आलोक द्वारा थाना बोरी में पहुंचकर वैक्सीनेशन सेंटर में व्यवस्था का जायजा लिया तथा क्षेत्र में लोगों को वैक्सीनेशन कराने के लिए जोर दिया। थाना बोरी के कर्मचारियों द्वारा आवागमन साधन उपलब्ध नहीं होने सें ग्रामीण महिलाओं को उनके घरों तक पहुंचाया गया तथा अन्य परिवारजनों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया गया। थाना मोहन नगर द्वारा वैक्सीनेशन सेंटर ढूंढते हुए एक महिला को डायल 112 के माध्यम से वैक्सीनेशन सेंटर ले जाकर वैक्सीन लगवाया गया। थाना वैशाली नगर भिलाई -3, उतई द्वारा जरूरतमंद लोगों को वैक्सीनेशन कराया गया। पुलिस अधीक्षक दुर्ग प्रशांत ठाकुर द्वारा आश्वस्त किया गया कि शासन द्वारा टीकाकरण अभियान और भी प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पूरी दुर्ग पुलिस प्रशासन के साथ पूर्ण रूप से सामंजस्य स्थापित कर सकारात्मक प्रयास करेंगी जिससे जिले में अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो एवं जागरूक होकर समाज के सभी वर्गों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए ड्राइव इन वैक्सीनेशन हाउसिंग बोर्ड के क्रिकेट मैदान में भी हुआ प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com




सायं 5.00 से रात्रि 9.00 बजे तक करवा सकते हैं टीकाकरण, हाउसिंग बोर्ड में बड़े ही उत्साह के साथ पहुंच रहे हैं वरिष्ठ जन नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा टीकाकरण को लेकर एक व्यापक अभियान चलाया जा रहा है, इसी अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 26 हाउसिंग बोर्ड क्रिकेट मैदान में वरिष्ठ जनों के लिए आज से टीकाकरण प्रारंभ हो गया है, समय सायं 5.00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक वरिष्ठ नागरिकों को टीका लगाया जाएगा!

प्रथम दिन टीकाकरण के लिए आए हुए पात्र हितग्राहियों को टीकाकरण के पश्चात गुलाब का फूल देकर उनका स्वागत किया गया! वरिष्ठ नागरिक बड़े ही उत्साह से हाउसिंग बोर्ड क्रिकेट मैदान पहुंच रहे हैं और अपने निजी चार पहिया वाहन में बैठकर ही टीका लगवा रहे हैं, इस टीकाकरण केंद्र की खासियत यह है कि सायं से लेकर रात्रि के निर्धारित समय तक कोविड का टीका लगाया जाएगा! सूर्या मॉल में वरिष्ठ नागरिकों को करवाए जा रहे टीकाकरण की अपार सफलता के बाद भिलाई के दूसरे क्षेत्र में इसकी स्थापना करने का निर्णय लिया गया है! भिलाई के सूर्या मॉल में लगातार वाहनों की कतारें लग रही है। 4 दिनों में 660 वरिष्ठ नागरिकों ने सूर्या मॉल के पार्किंग प्लेस में कोविड का टीका लगवाया है! इनके उत्साह और हुजूम को देखते हुए आज से वैशाली नगर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 26 हाउसिंग बोर्ड क्रिकेट मैदान में भी ड्राइव इन वैक्सीनेशन प्रारंभ कर दिया गया है, जहां वरिष्ठ नागरिक आकर आसानी से टीका लगवा रहे हैं। 1 घंटे में ही 32 लोगों ने यहां कोविड का टीका लगवा लिया! विधायक देवेंद्र यादव ने हाउसिंग बोर्ड मैदान में ड्राइव इन वैक्सीनेशन के शुरुआत करने की पहल की थी, मैदान में पहुंचकर उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों का उत्साहवर्धन किया। यहां सबसे अहम बात है कि यह बड़ा मैदान है, गर्मी का मौसम है जिसको देखते हुए रात्रि में टीकाकरण का फैसला लिया गया है, पूरे मैदान रोशनी से भरा हुआ है, ऑब्जरवेशन के लिए यहां पर पर्याप्त स्थल है, रजिस्ट्रेशन, वैक्सीनेशन एवं वेरीफायर का काउंटर स्थापित करने के लिए भी एवं वाहनों के कतार के लिए तथा टीकाकरण के पश्चात ऑब्जरवेशन के दौरान वाहनों के पार्किंग के लिए भी पर्याप्त स्थल मौजूद है यही कारण है कि इस स्थल का चयन वरिष्ठ नागरिकों के टीकाकरण ड्राइव इन वैक्सीनेशन के लिए किया गया है!

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर टीकाकरण को लेकर व्यापक अभियान चलाया जा रहा है! इसी तर्ज पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए ड्राइव इन वैक्सीनेशन की शुरुआत नगर पालिक निगम भिलाई में की गई है। टीकाकरण के प्रारंभ के दौरान उपायुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त पूजा पिल्ले, सहायक अभियंता कुलदीप गुप्ता एवं जावेद अली मौजूद रहे।

# विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने शनिचरी बाजार में की महावीर सुविधा केन्द्र का शुभारंभ




पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने आज शनिचरी बाजार स्थित पारख भवन में फीता काटकर महावीर सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किये। कोरोना वैश्विक महामारी के इस दौरान में महावीर जैन समाज के इस अनुकरणीय कार्य के लिए विधायक व महापौर ने उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किये । इस दौरान जसराज जी पारख, वरिष्ठ पार्षद एवं अध्यक्ष सकल जैन समाज मदन जैन, सुरेश, श्रीमाल, ऋषभ देशलहरा, दिलीप गोंगड़, के अलावा पूर्व पार्षद राजेश शर्मा, प्रकाश गीते एवं अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर विधायक, महापौर ने इस सेवाभाव कार्य के लिए महावीर जैन समाज का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि इस कोरोना संक्रमण काल के दौरान शहर में कोविड-19 के प्रभावित लोगों को एक ही छत के नीचे आक्सीजन कीट, मेडिकल उपकरण, एम्बुलेंस, डीपफ्रीजर जैसे और भी अन्य सुविधाए उपलब्ध होगी। यह सुविधा शनीचरी बाजार स्थित पारख भवन में किया गया है। जिसका लाभ आस-पास सहित शहर के काविड-19 प्रभावित लोग उठा सकेंगे।

# मुख्यमंत्री निवास के नजदीकी वैक्सीनेशन सेंटर में चरमराई व्यवस्था : विजय बघेल

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

बरसते पानी में लाइन लगाने के बावजूद नहीं लग पाया टीका सांसद विजय बघेल ने 18 प्लस वालों के लिए शुरू किए गए वैक्सीनेशन कार्यक्रम के दूसरे दिन दुर्ग जिले में व्यवस्था के चरमरा जाने पर मुख्यमंत्री को आड़े हाथों लिया है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के भिलाई-3 निवास के पास सेंटर में बरसते पानी में लाइन पर खड़े सैकड़ों लोगों को बगैर वैक्सीनेशन लौटना पड़ा. इससे प्रदेश भर में वैक्सीनेशन को लेकर सरकार की व्यवस्था और तथाकथित गंभीरता का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। सांसद विजय बघेल ने बताया कि भिलाई-3 के शासकीय कन्या स्कूल में रविवार को एपीएल वर्ग के लोगों को वैक्सीन का स्टाक खत्म हो जाने का हवाला देकर वापस लौटा दिया गया. जबकि बरसते पानी के बाद भी यहां टीका लगवाने बड़ी संख्या में भीड़ जुटी थी. भिलाई-3 थाने के टीआई सहित पुलिस टीम बारिश के पानी में टीका लगवाने लाईन में खड़े लोगों को ताली बजवाकर चलती बनी। थोड़ी देर बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने आकर एपीएल वर्ग के लिए आए वैक्सीन का 130 डोज शनिवार को पहले दिन ही खत्म हो जाने की जानकारी देकर बैरंग लौटा दिया. वहीं चरोदा में बीपीएल वर्ग के लिए बनाए गए सेंटर में पहले दिन 89 लोगों का टीकाकरण हुआ था. जिसमें से बचे 41 डोज रविवार को दोपहर से पहले ही खत्म हो जाने से घंटों लाइन में खड़े होने के बाद लोग बरसते पानी में घर लौटने के लिए मजबूर हुए। सांसद बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री निवास के नजदीक भिलाई-3 और चरोदा में वैक्सीनेशन का ऐसा बुरा हाल है तो फिर प्रदेश में किस तरह की अव्यवस्था चल रही होगी, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है.



उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन को लेकर प्रदेश सरकार और प्रशासन असफल साबित हो रहा है. अपनी असफलता को छिपाने सरकार के इशारे पर कांग्रेस के पदाधिकारियों को भाजपा के जनप्रतिनिधियों के पास भेजकर ज्ञापन सौंपने की नौटंकी की जा रही है। बघेल ने बताया कि प्रदेश के अव्यवहारिक मुख्यमंत्री की वैक्सीनेशन को लेकर तैयारी और नीति को लेकर उनके द्वारा पहले ही ट्वीट करके आशंका जताया गया था. वह आशंका 18 प्लस वालों का वैक्सीनेशन शुरू होते ही उजागर हो गया. प्रदेश के मुख्यमंत्री और उनकी सरकार के लिए वर्तमान परिस्थितियों में वैक्सीन का इंजेक्शन मांगोगे तो घर लौटा देंगे और शराब मांगोगे तो घर पहुंचाकर देंगे का नारा सटीक जम रहा है। सांसद विजय बघेल ने कहा कि अंत्योदय राशन कार्ड वाले परिवार को वैक्सीन लगाने राज्य सरकार सही तरीके से प्रेरित नहीं कर पा रही है. इसका प्रत्यक्ष उदाहरण भिलाई -3 के सेंटर में देखने को मिला है. 8 मई को यहां अंत्योदय वर्ग के लिए भी एपीएल और बीपीएल वर्ग के बराबर 130 डोज वैक्सीन उपलब्ध था. लेकिन मात्र 9 लोग टीका लगवाने पहुंचे. इस तरह अंत्योदय वर्ग के कोटे का 121 डोज वैक्सीन पहले दिन बच गया।

# मुख्यमंत्री प्रदेशवासियो को दारु नही दवाई चाहिये : विजय बघेल



**दुर्ग।** प्रदेश में कोरोना का कहर जारी है प्रतिदिन 15000 हजार कोविड संक्रमित मरीज सामने आ रहे व संक्रमित मरीजो की मृत्यु दर में दिन ब दिन इजाफा हो रहा, रोज बेहतर चिकित्सा सुविधा के अभाव में तकरीबन 200 लोग अपना जान गवा रहे हैं उक्त बातें साँसद विजय बघेल ने नवभारत संवाददाता से दूरभाष पर चर्चा के दौरान राज्य सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि राज्य सरकार के द्वारा आन लाइन शराब बेचने का जनविरोधी निर्णय से प्रदेश भर के ढाई करोड़ लोगों में भारी रोष व्याप्त हैं। उन्होंने ने आगे कहा कि कोरोना संकट की इस घड़ी में सरकार को चाहिये की ऑक्सीजन और हॉस्पिटल में बेड व जीवनरक्षक रेमडीसीवीर इंजेक्शन का भरपूर उपलब्धता पर जोर दे पर यहां की गैरजवाबदार सरकार दारू बेचने पर उतारू है, 18 प्लस वैक्सिनेशन पर राज्य सरकार के वर्गीकरण के गलत नीति के खिलाफ हाईकोर्ट के फटकार के बावजूद भी वैक्सिनेशन सेंटर में एपीएल, बीपीएल ,अंत्योदय का स्टाल लगाकर वैक्सीन लगाया जा रहा है जो सरासर गलत है, अधिकतर वैक्सीन सेंटर में बीपीएल का कांउटर खाली तो अन्य काउंटर में लंबी लम्बी कतारे देखने को मिल रही है जो सरकार के गलत नीति को आइना दिखा रही है।

# सीईओ जिला पंचायत ने किया ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com




टीकाकरण के लिए आये ग्रामीणों की प्रशंसा की, इन्हें प्रोत्साहित कर रहे पुलिस अधिकारियों की प्रशंसा भी की कोविड संक्रमण के प्रभावी रोकथाम के लिए टीकाकरण सबसे अहम है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में 18 वर्ष से 45 वर्ष की आयु वर्ग के हितग्राहियों को भी टीके लगाए जा रहे हैं। इसमें बड़ी संख्या में हितग्राही टीकाकरण केंद्रों में पहुंच रहे हैं। आज टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण करने सीईओ जिला पंचायत सच्चिदानंद आलोक भी बोरी पहुंचे। यहां पर उन्होंने व्यवस्थाएं देखी। आलोक ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपने टीका लगाने का निर्णय लिया, यह बहुत अच्छी बात है कोरोना के दोनों टीके लगाने के बाद शरीर में पर्याप्त प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो जाती है कुछ देशों में जहां अधिकांश आबादी ने टीका लगवा लिया हैं वहां पर काफी हद तक कोरोना नियंत्रित किए जाने में सफलता मिल चुकी है। टीकाकरण का दायरा जितना अधिक बढ़ेगा और लोग जितनी संख्या में टीकाकरण के लिए रुचि दिखाएंगे। यह कार्यक्रम उतना ही सफल होगा और कोरोना नियंत्रण के लिए उतनी ही मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि यहां पर पुलिस प्रशासन भी टीकाकरण के लिए लोगों को जागरूक कर रहा है। सीईओ जिला पंचायत ने बोरी के थाना प्रभारी गौरव तिवारी की विशेष रूप से प्रशंसा की। तिवारी लोगों को टीके लगाने के लिए प्रोत्साहित करते रहें हैं। आलोक ने कहा कि हमें अपने परिवार जनों को भी टीके लगाने चाहिए तथा इसके साथ ही अपने सभी परिचितों को भी टीके लगाने के लिए कहना चाहिए। इस मौके पर सीईओ ने ग्रामीण जनों से चर्चा भी की। उन्होंने कहा कि मैंने कोविड के दोनों टीके लगाए हैं यह पूरी तरह सुरक्षित है आप सभी टीका लगाने आए हैं यह बहुत अच्छी बात है। कोविड से बचाव के लिए टीका लगाना सबसे प्रभावी उपाय है लेकिन इसके साथ ही टीका लगाने के पश्चात भी सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करते रहना है।

# दुर्ग पुलिस की फेसबुक पेज पर वैक्सिनेशन प्रमोशन मुहिम, 7 हजार लोग जुड़े

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



दुर्ग पुलिस के फेसबुक पेज पर दुर्ग शहर के नगर पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला एवं एसडीएम विनय पोयम लाइव आकर जिले के लोगो को कोरोना संक्रमण के रोकथाम व वैक्सीनेशन एवं शासन प्रशासन के दिशा निर्देश लॉकडाउन के संबंध में जो भी शंकाये थी।

उसका समाधान करते हुए लोगो से अपील की मास्क व वैक्सीन ही बचाव का सही मार्ग है वैक्सीन हर पात्र व्यक्ति को अवश्य लगाना चाहिए और दूसरे को भी वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। रात्रि 7 बजे दुर्ग पुलिस के फेसबुक पेज पर लाइव थे इस दौरान उन्होंने कोविड 19 के रोकथाम व वैक्सीन को लेकर हर उम्र के लोगो के सवाल का जवाब दिए। जिसमें 120 से अधिक लोगों के द्वारा अपने घर पर रहकर प्रश्न पूछा गया, जिनका जवाब उपरोक्त फेसबुक लाइव गेस्ट के द्वारा दिया गया। फेसबुक लाइव पर राम नगर सुपेला में लोगों का जमावड़ा होने की सूचना मिलने पर सीएसपी विवेक शुक्ला के द्वारा तुरंत कंट्रोल को अपने मेन तक सेट से कॉल करके सूचना देकर पेट्रोलिंग भिजवाया गया।

फेसबुक लाइव के माध्यम से घर बैठे लोगों को एक कमेंट कर उनके समस्या का निपटारा किया जा रहा है जिसमें आज फेसबुक लाइव को 7000 से अधिक लोगों ने देखा, 249 से अधिक लोगों ने लाइक किया एवं 120 से अधिक लोगों ने कमेंट किया। दुर्ग पुलिस के द्वारा फेसबुक पेज के माध्यम से हर दिन प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों द्वारा लाइव आकर डिजिटलाइजेशन के माध्यम से जागरूक कर शासन के दिशा निर्देशों का पालन संबंधी बातें बताई जा रही हैं एवं उनके समस्याओं का निपटारा भी तुरंत किया जा रहा है।

**नतीजा स्थिति काफी हद तक नियंत्रण में**

# कोविड कंट्रोल को लेकर धमधा का प्लान, स्पेशल हेल्थ कैम्प लगाए

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



60 हेल्थ कैम्प लगाए गए, 2500 से ज्यादा टेस्ट, 10 प्रतिशत से कम रही पॉजिटिविटी रेट, तुरंत ट्रेस कर इलाज करने का सुखद परिणाम,कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए धमधा प्लान विशेष रूप से कारगर रहा है। इस प्लान में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में हेल्थ कैम्प लगाकर टेस्टिंग की गई। सर्दी खांसी, बुखार, कमजोरी जैसे लक्षण महसूस कर रहे ग्रामीणों ने यहाँ टेस्ट कराए। 2500 से अधिक टेस्ट हुए और 10 प्रतिशत से थोड़े कम लोग पॉजिटिव आये। चूंकि लगातार हेल्थ कैम्प आयोजित किये गए अतः लोगों को काफी प्रारंभिक चरण में चिन्हांकित कर लिया गया, इसकी वजह से इन्हें प्रोफिलैक्टिक किट दे दी गई और इन्हें आइसोलेट कर इनका इलाज आरंभ हो गया जिसकी वजह से धमधा में संक्रमण की दर कम रही। साथ ही धमधा में कोविड केयर के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार किया गया। यह जानकारी देते हुए एसडीएम बृजेश क्षत्रिय ने बताया कि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के आदेश अनुसार लगातार ब्लॉक में टेस्टिंग की गई। इसका अच्छा नतीजा रहा और लोगों को चिन्हित कर उनका इलाज तुरंत आरम्भ हो गया।

उल्लेखनीय है कि दुर्ग जिले में बढ़ते हुए संक्रमण कि स्थिति से निपटने के लिए राज्य कार्यालय से प्राप्त दिशा निर्देशों एवं जिला प्रशासन के सहयोग से विकास खण्ड धमधा के बी.एल.टी.एफ. (ब्लाक स्तरीय टॉस्क फोर्स) ने निर्णय लिया कि विकास खण्ड के उस गांव में विशेष शिविर लगाकर लक्षण वाले मरीजों की जांच की जाए एवं साथ ही अनिवार्य रूप से प्रायमरी कान्टेक्ट की पहचान की जाए एवं मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार ऐसे मरीजों को प्रोफाईलेटिक कीट वितरण किया गया।

जिसके परिप्रेक्ष्य में विगत सप्ताह में 60 पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें कुल एंटीजन संख्या 2329, आरटीपीसीआर 137, ट्रूनॉट 61, कुल टेस्ट 2527, किया गया जिसमें कुल 223 मरीज पॉजिटिव पाए गए। इस प्रकार कुल जॉच के अनुपात में 10 प्रतिशत से कम रहा, जो काफी कम है इस प्रकार सभी पॉजिटिव मरीजों के परिजनों का प्रोफाईलेटिक किट वितरण किया गया, इसके अतिरिक्त विकासखण्ड धमधा में निर्देशों तहत् मितानिनों के माध्यम से प्रोफाईलेटिक कीट का वितरण पॉजिटिव पाए गए मरीजों के परिजनों को दिया जा रहा है, कमेटी द्वारा निर्णय लिया गया है कि अगले सप्ताह भी स्वास्थ्य शिविरों की कार्ययोजना बनाकर ग्राम स्तर पर शिविर लगाकर जॉच करवाई जाएगी। उक्त कार्यक्रम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमधा के मार्गदर्शन एवं डॉ. डी पी ठाकुर बीएमओ, धमधा के निर्देश अनुसार विकासखण्ड प्रबंधक राजेन्द्र वर्मा एवं समस्त चिकित्सा अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य सहायक, सुपरवाईजर महिला-पुरूष, स्टॉफ नर्स, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला-पुरूष, लैब टेक्नोलोजिस्ट सीएचओ तथा समस्त अधिकारी कर्मचारी द्वारा वर्तमान में मानव सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं।

# मातृ दिवस पर दुर्ग पुलिस का शानदार कार्य, बरसात में भीगती असहाय बुज़ुर्ग महिला को वृद्धाश्रम पहुंचाया




पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

दुर्ग पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य, सड़क में रह रही बुजुर्ग महिला को भेजा गया आश्रय स्थल,सीएसपी दुर्ग ने समाज कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित कर भेजा वृद्धाआश्रम पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव के निर्देशन में लगातार दुर्ग पुलिस अपराध को रोकने हेतु कार्रवाई कर रही है, साथ ही अपना सामाजिक दायित्व भी निभाते हुए एक बेहतर समाज बनाने हेतु अपना प्रयास कर रही है। इसी क्रम में आज मदर्स डे के दिन जब सीएसपी दुर्ग विवेक शुक्ला राजेन्द्र पार्क से गुजर रहे थे तो खुले में सड़क में रहने वाली एक बुजुर्ग महिला को बरसात में भीगते हुए देखा। जिसके पश्चयात उक्त महिला के आश्रय स्थल के प्रबंधन हेतु तत्काल समाज कल्याण विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डी डी ठाकुर को फोन लगाकर उन्हें वृद्धाआश्रम भेजने हेतु सहयोग मांगा, और पद्मनाभपुर पेट्रोलिंग को मौके पर बुलवाया। उक्त बुजुर्ग महिला जो कि अपना नाम नेम बाई निवासी राजनांदगांव बताई उसे वृद्धा आश्रम चलने हेतु राजी किया। सीएसपी दुर्ग विवेक शुक्ल समाज कल्याण विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डीडी ठाकुर एवं पद्मनाभपुर चौकी की एएसआई शैल शर्मा तथा आरक्षक नेमु साहू एवं राजपूत के सहयोग से उक्त महिला को कादंबरी नगर स्थित वृद्धाआश्रम में पहुंचाया गया।

## क्विक न्यूज

### पॉजीटिव व्यक्तियों के आईसोलेशन प्रोटोकाल के पालन की समय-समय पर जांच करने के निर्देश

**मुंगेली।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी पीएस एल्मा ने कहा है कि कोरोना पॉजीटिव व्यक्तियों के द्वारा आईसोलशन प्रोटोकाल का पालन नहीं की शिकायतें समय-समय पर प्राप्त होती रहती है। कोरोनो पॉजीटिव व्यक्तियों द्वारा भीड़-भाड़ वाली सुविधाओं जैसे तालाब आदि का उपयोग किये जाते है। प्रोटोकाल के नियम का पालन नहीं करने पर संक्रमण का फैलाव होता है। इसे रोकने के लिए उन्होने संबंधित अधिकारियों को कोरोना पॉजीटिव व्यक्तियों के द्वारा आईसोलेशन प्रोटोकाल के पालन की समय-समय पर जॉच करने के सख्त निर्देश दिये है।

### बाराद्वार नपं अध्यक्ष की पहल पर महंत ने वैक्सीनेशन सेंटर खोलने की दिलाई स्वीकृति

**सक्ती।** नगर पंचायत बाराद्वार की अध्यक्ष रेशमा विजय सूर्यवंशी एवं



उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत से बाराद्वार शहर में 18 प्लस के वैक्सीनेशन सेंटर प्रारंभ करने की मांग की गई थी, जिस पर तत्काल विधानसभा अध्यक्ष ने जिला प्रशासन को निर्देशित कर बाराद्वार शहर में 18 प्लस के पात्र लोगों को टीकाकरण का लाभ पहुंचाने तथा आसपास के अंचल के लोगों को भी टीकाकरण का लाभ दिलाने हेतु तत्काल वैक्सीनेशन सेंटर प्रारंभ करने की बात कही थी, जिस पर 9 मई को जिला प्रशासन जांजगीर चांपा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी वैक्सीनेशन सेंटरओं की सूची में नगर पंचायत भवन बाराद्वार में भी नया वैक्सीनेशन सेंटर खोला गया है,जिस पर नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षद, एल्डरमैन सहित नागरिकों ने भी छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### लोकेश चंद्रा ने दी डेढ़ लाख की सहयोग राशि

**सक्ती।** जांजगीर-चांपा जिला भाजपा के अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा के अनुज एवं चंद्रा ऋशर उद्योग नगझर मालखरौदा के संचालक लोकेश चंद्रा द्वारा वर्तमान कोविड-19 के संक्रमण को देखते हुए जांजगीर-चांपा जिले के विभिन्न स्थानों में जिला प्रशासन के सहयोग से संचालित कोविड-19 अस्पतालों में आने वाले पॉजिटिव मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने की सोच से मालखरौदा विकासखंड के पीहरीद में स्थापित कोविड अस्पताल में ?100000 की नगद राशि एवं 4 नग बड़े ऑक्सीजन गैस सिलेंडर एवं साथी डभरा के धौराभाठा में स्थित कोविड-19 अस्पताल में सामग्री हेतु ?51000/- की नगद राशि प्रदान की गई है, तथा लोकेश चंद्रा द्वारा प्रदत इस सहयोग राशि से यहां उपरोक्त कोविड-19 अस्पताल में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करवाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल होगी, तो वही सामाजिक कार्यकर्ता लोकेश चंद्रा का कहना है कि आज पूरे देश में कोविड-19 का संक्रमण महामारी का रूप लेता जा रहा है।

# शादियों में केवल 10 व्यक्ति ही हो सकेंगे उपस्थित 10 से अधिक व्यक्तियों की उपस्थिति पर होगी कड़ी कार्यवाही

■ **शादियों पर रहेगी प्रशासन की पैनी नजर**

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com




नोवेल कोरोना वायरस के नये वेरियन्ट के संक्रमण पर नियंत्रण के परिप्रेक्ष्य में कोविड-19 संक्रमण के नियंत्रण हेतु शादियों में केवल 10 व्यक्ति ही उपस्थित हो सकेंगे। शादियों में प्रषासन की पैनी नजर रहेगी। 10 से अधिक व्यक्तियों की उपस्थिति पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह अन्त्येष्टि में 10 व्यक्तियों से अधिक व्यक्तियों की उपस्थिति पर भी प्रतिबंद रहेगा। अन्य समस्त प्रकार के धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक एवं अन्य आयोजन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी पी.एस एल्मा ने जिले के सभी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देष जारी किए है। जारी निर्देष में कहा गया है कि धार्मिक एवं सामाजिक त्यौहारों के संबंध में धार्मिक गुरूओं, सामाज प्रमुखों को अपील की जाएं कि वे लोगों को धार्मिक एवं सामाजिक त्यौहारों में भीड़-भाड़ न करने तथा पूजा व अन्य आयोजन अपने-अपने घरों में व्यक्तिगत रूप करने के लिए प्रोत्साहित करें। इसी तरह वैवाहिक एवं मृत्यु संबंधी कार्यक्रम हेतु अनुविभागीय अधिकारी अपने अनुभाग में सभी सरपंच, एवं समाज प्रमुखों की बैठक आयोजित करें। बैठक में बताया जाएं कि जिले में कोरोना के बढ़ते संक्रमण प्रसार को ध्यान में रखते हुए वैवाहिक कार्यक्रम में केवल 10 व्यक्ति ही शामिल होंगे। इससे अधिक व्यक्तियों की संख्या को किसी भी स्थिति में मान्य नहीं किया जाएगा। कोविड-19 के प्रोटोकाल मास्क पहनना, शारीरिक दूरी एवं हाथ धोना या सेनेटाईजर का उपयोग करना अनिवार्य है। इस संबंध में प्रोटोकाल का पालन करने की समझाईष दी जाएं। जारी निर्देष में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री एल्मा ने कार्यक्रम में संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, पटवारी, रोजगार सहायक एवं सचिव की नामजद ड्यूटी लगाई जाएं। यदि उक्त कार्यक्रम में उपस्थिति तय सीमा से अधिक होगी तो संबंधित सरपंच, सचिव, कोटवार, पटवारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी और उनके विरूद्ध कड़ी दंडात्मक और अनुषासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार शादी और मृत्यु भोज हेतु अनुमति प्रदाय किये गये निर्धारित संख्या से अधिक उपस्थिति होने पर आदेष का उल्लंघन मनाते हुए संबंधित क्षेत्र के नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी अथवा राजस्व निरीक्षक आदि- पुलिस एसएचओ, बीट प्रभारी संबंधित अधिकारी और शासकीय सेवक के विरूद्ध भी अनुषासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह तय संख्या से अधिक संख्या होने पर संबंधित आवेदनकर्ता व्यक्ति के विरूद्ध भी नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### अनुमति आवेदन के समय लिखित में देना होगा 10 व्यक्तियों के नाम एवं पते

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी एल्मा द्वारा जारी निर्देष में कहा गया है कि शादियों की अनुमति आवेदन के समय अनुमति लेने वाले व्यक्ति यों से लिखित में 10 व्यक्ति यों के नाम पते मोबाईल नंबर लिखवाकर ही अनुमति दी जाएं। अगर पूर्व में जानकारी के बिना अनुमति दी गई हो तो अब 10 व्यक्ति यों की नाम पते मोबाईल नंबर प्राप्त की जाएं। इसी तरह विवाह में आने वाले वाहनों की नियमानुसार अनुमति भी दी जाएं। जिसमे सभी कोविड-19 के नियमों का पालन शर्त शामिल हो। उन्होने जारी निर्देषों का कड़ाई से पालन सुनिष्चित करने के निर्देष दिये। उन्होने अनुमति की सूची नाम, ग्राम तथा तिथि सहित विकास खण्ड वार कलेक्टर कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये है।

# झोलाछाप डॉक्टरों पर संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले के ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप डॉक्टर काफी सक्रिय हैं। जिला प्रशासन व पुलिस टीम द्वारा समय-समय इन पर कार्रवाई जा रही है। इन झोलाछाप डॉक्टरों के चंगुल में फंसकर कुछ रूपये बचाने के चक्कर में ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। वर्तमान में कोरोना के प्रारंभिक लक्षण पर मरीज ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों के सम्पर्क में आ रहे हैं। जबकि सभी शासकीय एवं गैर शासकीय अस्पतालों में कोरोना के प्रारंभिक लक्षण वालें मरीजों के कोविड टेस्ट के बाद आगे जांच, परामर्श का निर्देश है, लेकिन जब मरीज झोलाछाप डॉक्टरों के पास जाते हैं तो बगैर कोविड जांच के दवाईयां के सहारे अपना ईलाज शुरू कराते हैं। जिससे मरीज का समय खराब होता है और स्थिति बिगड़ने के बाद अस्पताल पहुंचते हैं।

कोरोना की पहली लहर के दौरान भी कई झोलाछाप डॉक्टरों पर धारा 188 भादवि एवं जुर्माने की कार्यवाही की गई थी। बावजूद कुछ क्षेत्रों में फिर से संदिग्ध मरीजों के ईलाज की जानकारी स्थानीय प्रशासन को मिलने पर आज नायब तहसीलदार खरसिया अर्पण कुमार कुर्रे, खरसिया टीआई एसआर साहू एवं बीएमओ सुरेश राठिया एवं खरसिया थाना स्टाफ की संयुक्त टीम खरसिया क्षेत्र के कई गांव में झोलाछाप डॉक्टर्स के घर, उनके क्लीनिक, मेडिकल स्टोर्स पर दबिश दिया गया। पांच जगहों पर टीम को अवैधानिक तरीके से संदिग्ध कोरोना मरीजों की जांच करने की शिकायत प्राप्त हुई, जिनके विरूद्ध रिपोर्ट तैयार कर कार्यालय कलेक्टर, रायगढ़ के पास भेजा जा रहा है, जिन पर भारी जुर्माने के साथ कानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है। इन झोलाछाप डॉक्टरों प्रदीप साहू, ग्राम बोतलदा, दिलीप मजूमदार, ग्राम जैमुरा, गोविंद चंद मजूमदार, ग्राम चोढा, श्याम यादव ग्राम टेलीकोट, जुलाहा क्लीनिक ग्राम चोढा पर कार्रवाई की गई है।

# किसान न्याय योजना महामारी में वरदान भूपेश सरकार महान : दीपक दुबे

पायनियर संवाददाता ◀ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक दुबे ने प्रेस को विज्ञप्ति जारी कर कहा की भुपेश सरकार की राजीव गांधी किसान न्याय योजना जो असंभव को संभव करने वाली है,केंद्र सरकार के राजनीतिक द्वेष का जवाब है ज्ञात हो, खरीफ सत्र 2018-19 में राज्य सरकार ने धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अतिरिक्त राशि जोड़कर किसानों को 2500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया था जिसपर 2019 में केंद्र सरकार ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए किसी भी तरह का बोनस नहीं देने की शर्त लगा कर केंद्र सरकार किसान विरोधीअपना चेहरा उजागर किया था किसानों के फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदने से रोकने केंद्र सरकार की मानसिकता के जवाब देते हुए भुपेश बघेल सरकार किसानों की वायदा पूरा करने के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना की



शुरुवात कर महानता दिखाते हुए उस समय भी कोरोना काल 21 मई 2020 को इस योजना की राशि किसानों के सीधे बैंक एकाउंट में देना चालू किया जो पिछले वर्ष भी कोरोना महामारी में 19 लाख किसानों और उसके परिवार के लिए वरदान साबित हुवा कोरोना काल के समय से आज दिनाँक तक मुख्यमंत्री भुपेश बघेल अपने वादों को पूरा करते हुए राज्य के 9.54 लाख सीमांत किसान,5.60 लाख लघु किसान और 3.21 लाख बड़े किसानो को इस योजना में शामिल कर सरकार 14 फसलों पर आर्थिक सहायता दे रही है।

# वैक्सीनेशन सेंटरों में हुई दुरुस्त व्यवस्था

■ **शासकीय हाईस्कूल पोरथा के वैक्सीनेशन सेंटर में हुए हंगामे के बाद प्रशासन हुआ सतर्क**

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

शक्ति विकासखंड के कोविड-19 वैक्सीनेशन सेंटरओं में 10 मई से क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की मांग एवं सकारात्मक पहल पर शहर के वैक्सीनेशन सेंटरों में जहां व्यवस्थाएं दुरुस्त देखी गई तो वही शहर से लगे शासकीय हाईस्कूल पोरथा के वैक्सीनेशन सेंटर में भी बेहतर व्यवस्थाएं की गई हैं, तथा शक्ति शहर के जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार सामुदायिक भवन में 10 मई से वैक्सीनेशन का कार्य प्रारंभ हुआ, जिसमें 18 प्लस सहित 45 प्लस के भी सभी वर्ग के लोगों को टीकाकरण किया जा रहा है, एवं शहर के दोनों ही प्रमुख सेंटरों में वैक्सीनेशन को लेकर जहां स्थानीय प्रशासन ने भी बेरीकेटिंग एवं टेंट लगाकर व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली है, तो वही 9 मई को शासकीय हाईस्कूल पोरथा में वैक्सीनेशन के दौरान हुए हंगामे को लेकर प्रशासन ने अलर्ट होते हुए यह सारी सुरक्षा व्यवस्थाएं मुहैया करवाई है, तथा 10 मई से शहर के दोनों ही सेंटरों में 18 प्लस के प्रारंभ हुए टीकाकरण को लेकर भी लोगों में भारी उत्साह देखा गया एवं व्यवस्थित ढंग से लोगों ने शांतिपूर्ण ढंग से कतार पर लगकर टीकाकरण करवाया,तथा पूरे क्षेत्र के लोगों में प्रशासन की बेहतर व्यवस्था के प्रति उत्साह भी देखा गया तथा लोगों ने कहा कि निश्चित रूप से यह व्यवस्था पूरे अंचल के लिए एक बेहतर व्यवस्था है, साथ ही शहर के दोनों सैंटरो एवं शासकीय हाई स्कूल पोरथा में भी वैक्सीनेशन कार्य में स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, एवं अन्य विभागों के अधिकारी- कर्मचारी सजगता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते देखे गए तो वही वैक्सीनेशन को लेकर लोगों को जागरूक करने का कार्य भी किया गया तथा शक्ति विकासखंड के इस वैक्सीनेशन सेंटरओं की संख्या में हुआ इजाफा के लिए लोगों ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं सभी राजनीतिक दलों का आभार व्यक्त किया है, वही शक्ति विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत बाराद्वार के नगर पंचायत भवन एवं उप तहसील नगरदा में भी नए वैक्सीनेशन सेंटर का शुभारंभ 10 मई से किया गया है, वहीं दूसरी ओर शक्ति विधानसभा क्षेत्र में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस, एवं विपक्षी राजनीतिक दल भाजपा के भी सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के निर्वाचित जनप्रतिनिधि तथा संगठन के पदाधिकारी भी इस वैक्सीनेशन कार्य में लोगों को जागरूक करने के लिए तत्परता से जुटे हुए हैं।

# विकासखंड के 5 नए वैक्सीनेशन सेंटरों में भी होगा 18 प्लस का टीकाकरण

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिला जनसंपर्क कार्यालय जांजगीर चांपा के माध्यम से 9 मई 2021 को जांजगीर-चांपा जिले के विभिन्न विकास खंडों में 18 प्लस के वैक्सीनेशन के लिए विकासखंड बार एक सूची जारी की है, तथा इस सूची में शक्ति विकासखंड के जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय परिसर, सामुदायिक भवन गौरव पथ मार्ग शक्ति, शासकीय हाईस्कूल पोरथा, शासकीय हाईस्कूल नगरदा एवं नगर पंचायत भवन बाराद्वार में भी 18 प्लस का टीकाकरण करने की जानकारी दी गई है।

तथा इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति के विधायक प्रतिनिधि सुरेश अग्रवाल ने भी बताया कि शक्ति विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के प्रयासों से शक्ति विधानसभा क्षेत्र में 5 नए सेंटरों की स्वीकृति मिली है, तथा 18 प्लस के चल रहे टीकाकरण कार्य में आए दिन भीड़ की स्थिति को देखते हुए नए वैक्सीनेशन सेंटर प्रारंभ होने से सभी पात्र लोगों को टीकाकरण का समुचित लाभ मिल सकेगा, तथा इन सेंटरों में पर्याप्त व्यवस्थाएं भी टीकाकरण के लिए मुहैया करवाई जाएगी, उल्लेखित हो कि पूर्व में जिला प्रशासन द्वारा शक्ति विकासखंड के पोरथा में ही 18 प्लस के टीकाकरण हेतु सेंटर बनाया गया था, तथा उक्त सेंटर में भारी भीड़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन को काफी मेहनत मशक्कत करनी पड़ी।

# राज्य में श्रेणीवार कोविड वैक्सीनेशन का प्रतिशत तय

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com




राज्य शासन द्वारा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति की अनुशंसा के आधार पर विभिन्न के लिए वैक्सीनेशन का प्रतिशत तय किया गया है, जारी आदेश के अनुसार फ्रंट लाइन वर्कर (नीचे सूची के अनुसार)कुल उपलब्ध डोज का 20:, अंत्योदय, निराश्रित, अन्नपूर्णा और निशक्तजन राशन कार्ड-शेष 80: वैक्सीन डोज का-15: अर्थात कुल उपलब्ध वैक्सीन डोज का 12:, बीपीएल राशन कार्ड,शेष 80: वैक्सीन डोज का 65: अर्थात उपलब्ध वैक्सीन डोज का 52: , एपीएल श्रेणी-शेष 80: वैक्सीन डोज का-20: अर्थात कुल उपलब्ध वैक्सीन डोज का-16: निम्नलिखित लोगों को फ्रंटलाइन वर्कर्स माना गया है- नीचे दी गई सूची में कोमार्बिटी वाले ब्यक्ति, भोजन प्रदाय करने वाले एवं सब्जी विक्रेता,बस,ट्रक के ड्राइवर, कंडक्टर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन, पंचायत सचिव, कर्मी, पी डी एस दुकान प्रबंधक, विक्रेता, संस्थागत केयर में रहने वाली राज्य सरकार, पब्लिक अंडरटेकिंग के कर्मचारी, महिलाएं, कोटवार, पटेल, वृद्धाश्रम, महिला,बाल देखभाल केंद्रों में कार्यरत कर्मी। श्मशान व कब्रिस्तान में कार्यरत व्यक्ति, दिव्यांग, अति आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाली प्रशासकीय संस्थाओं जैसे प्राथमिक कृषि सहकारी समिति, मार्कफेड, सहकारी बैंक में कार्यरत कर्मचारी, कलेक्टर द्वारा कोरोना डियूटी पर लगाए गए व्यक्ति, वकील एवं पत्रकार उपरोक्त के परिवार के सदस्य राज्य शासन द्वारा परिभाषित किसी अन्य श्रेणी के व्यक्ति। कोमार्बिट वाले व्यक्तियों को फ्रंट लाईन वर्कर्स के समान प्राथमिकता दी जाएगी - हृदय रोगी, मधुमेह, किडनी रोगी, उच्च रक्तचाप, सिकल सेल एवं थैलेसीमिया, कैंसर, एड्स हितग्राहियों के पहचान के लिए दस्तावेज -अंत्योदय राशन कार्ड, निराश्रित राशन कार्ड, अन्नपूर्णा राशन कार्ड, निशक्तजन राशन कार्ड एवं बीपीएल राशन कार्ड श्रेणी के व्यक्तियों की पहचान केवल उनकी राशन कार्ड के द्वारा की जाएगी। किसी अन्य पहचान के द्वारा नहीं होगी,एपीएल श्रेणी के हितग्राहियों की पहचान - राशन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड के माध्यम से की जाएगी,कोमार्बिटी वाले व्यक्तियों की पहचान के लिए ऊपर दिए गए पहचान पत्र के अतिरिक्त किसी पंजीकृत डॉक्टर का चिकित्सा प्रमाण पत्र भी आवश्यक होगा फ्रंटलाइन वर्कर में दिए गए पहचान पत्र के अतिरिक्त निम्नलिखित प्रमाण पत्र आवश्यक होगा- शासकीय कर्मचारियों के लिए जिला स्तरीय अधिकारी का प्रमाण पत्र, वकीलों के लिए बार काउंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र, पत्रकारों के लिए जिले के पीआरओ से प्राप्त जारी प्रमाण पत्र , अन्य व्यक्तियों के लिए जिला कलेक्टर द्वारा अधिकृत अधिकारी का प्रमाण पत्र,किसी भी व्यक्ति को टीकाकरण के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। जो स्वेच्छा से लगवाना चाहेंगे उन्हीं को टीका लगाया जाएगा। यह आदेश प्रकरण में माननीय न्यायालय के निर्णय के अधीन होगा, उपरोक्त जानकारी जिला जनसंपर्क कार्यालय जांजगीर चांपा द्वारा दी गई है।

# आपदा काल में फाउंटेन के लिए जारी टेंडर से बिफरे भाजपा पार्षद

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

सरकारी फंड की कमी का रोना रोकर जिला प्रशासन कोरोना की लड़ाई में स्वयं को अक्षम बता आम जनता से सहयोग माँग कर कोविड सेंटरो में कूलर आदि अन्य संसाधनों की व्यवस्था कर रहा है। वहीं दूसरी ओर इस संकट के दौर में निगम प्रशासन कलेक्टर परिसर में मौजूद गार्डन में साढ़े 5 लाख की लागत से म्यूजियम फाउंटेन एवं मरम्मत कार्य करने के के लिए निविदा जारी कर रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि निगम के पास राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा के सम्मान जनक विस्थापन के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने के लिए फंड का अभाव है। पूरे मामले में महापौर, सभापति एवं एमआईसी सदस्यों ने भी आंखे मूंद ली है। जनता की गाड़ी कमाई के इस तरह दुरुपयोग के मामले मे सभी की चुप्पी उनकी मौन सहमति का प्रमाण है। भाजपा पार्षदों द्वारा जारी संयुक्त विज्ञप्ति में निगम द्वारा जारी निविदा सूचना को सार्वजनिक करते हुए शहर सरकार और प्रशासन की भूमिका को संदेह के कटघरे में खड़ा किया है। तीन मई को कार्यपालन अभियंता नगर पालिक निगम द्वारा पत्र क्रमांक 286 के तहत जारी निविदा के हवाले से भाजपा पार्षदो ने से पूछा कि कलेक्टोरेट परिसर में फाउंटेन के चलने से चिकित्सा के अभाव में मर रहे कोरोना मरीजों आत्मा को शांति नहीं मिल सकेगी। भाजपा पार्षदों ने समवेत स्वर से कहा कि कोरोना संकट के दौरान पार्षद अपनी पार्षद निधि से वेंटिलेटर की व्यवस्था कर रहे हैं। लॉक डाउन में घरों में कैद गरीब वर्ग के लिए भोजन के लिए राशन की व्यवस्था कर रहे हैं। पिछले लॉक डाउन के दौरान पार्षदो ने अपनी निधि से सेनेटाइजर एवम मास्क वितरित किया था। पार्षद निधि के जरिये सड़क, नाली, बिजली, पानी जैसी मूलभूत आश्यकताओं को पूरा किया जाना था।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लो.नि.वि. वि./यां. संभाग, जगदलपुर छ.ग.**

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 2066/NIT-03/2021-2022/व.ले.लि. दिनांक 04.05.2021

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ''प्रपत्र-ए'' में प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मेन्युल निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 20.05.2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 29.05.2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 31.05.2021 अपरान्ह 11.30 बजे तक

| एन.आई.टी. क्र./ निविदा क्रं. | कार्य का नाम - लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग बीजापुर जिला बीजापुर के अंतर्गत निम्नलिखित स्थानों में आने वाले संभावित विद्युतीकरण का वार्षिक संधारण -साधारण/जमा/विशेष मरम्मत /लघुमूल गौण कार्य (3 कार्य) - प्रथम आमंत्रण कार्य की अवधि 31.12.2021 तक वर्षा ऋतु सहित बैंक साल्वेंसी (रु. में) - 0.00 | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) |
|---|---|---|
| 03 T0039,41,43 | बीजापुर उसूर/भोपालपट्नम ब्लाक के अंतर्गत आवासीय भवनों | 10.00 7500 (पृथक-पृथक कार्य) |
| 03 T0040 | बीजापुर ब्लाक के अंतर्गत आवासीय भवनों | 20.00 15000 |
| 03 T0042 | उसूर ब्लाक के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों | 30.00 22500 |
| 03 T0044 | भोपालपट्नम ब्लाक के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों | 45.00 33750 0.00 |
| 03 T0045, 46 | भैरमगढ़ ब्लाक के अंतर्गत आवासीय भवन गैर आवासीय भवनों | 10.00 7500 (पृथक-पृथक कार्य) |
| 03 T0047,48,49 | शासकीय विश्राम भवन/भोपालपट्नम के शासकीय विश्राम गृह एवम् जिला बीजापुर के अंतर्गत डी.जी. सेट | 10.00 7500 (पृथक-पृथक कार्य) |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता**
जी-60503/5 **लो.नि.वि. वि/यां. संभाग, जगदलपुर छ.ग.**

# शराब की होम डिलीवरी शुरू, आनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाने की ऐसी होड़ मची की पोर्टल ही क्रैश हो गया

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com




लगभग 20 से 25 दिनों के लंबे इंतजार के बाद सोमवार को प्रदेश सरकार द्वारा शराब की होम डिलीवरी शुरू करने के साथ ही मदिरा प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गया, लोगों द्वारा निर्धारित समय पर आनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाने की ऐसी होड़ मची की पोर्टल ही कैश हो गया, जिसके चलते कुछ लोगों द्वारा ही आन लाईन बुकिंग कराई जा सकी । ज्ञात हो बीते कुछ दिनों पहले लाकडाउन अवधि के दौरान लोगो द्वारा नषे के लिए तरह तरह के उपाय किये जाने शुरू कर दिये गये थे, जिसके चलते बिलासपुर जिले के 9 लोगो को अपनी जान गवानी पडी थी, तमाम आलोचनाओं के बीच सोमवार से छत्तीसगढ़ सरकार ने शराब की होम डिलीवरी शुरू कर दी, गौरतलब हो कि शराब की बिक्री ना होने से प्रदेश में लोगों की जान जा रही है। इसलिए जाम छलकाने के शौकीनों का ख्याल रखते हुए प्रदेश सरकार ने आखिरकार मदिरा कि होम डिलीवरी की सुविधा शुरू कर दी,दवाइयों की घर पहंच सेवा उपलब्ध कराने में नाकाम प्रदेश सरकार ने शराब की घर पहुंच सेवा शुरू करने को लेकर बेहद गंभीरता दिखाई है, क्योंकि राजस्व आपूर्ति की दिशा में शराब की बड़ी भूमिका है। प्रदेश सरकार के नए आदेश के मुताबिक 10 मई से शराब की होम डिलीवरी सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक होनी है, जिसके लिए सरकार ने ‘ैडब्स् नाम का ऐप भी जारी किया है। वही खबर सामने आते ही जाम छलकाने वालो में ‘चच को डाउनलोड कर अपना रजिस्ट्रेशन करने कि होड़ मच गई, जिस वजह से पहले ही दिन से एप का सर्वर ट्रैफिक जाम हो गया,, प्रदेश में शराब की बड़ी बिक्री करने वाले जिलों में से एक मुंगेली जिले में जाम छलकाने वालो में इस बात की भयंकर मायूसी देखी गई । आज 9 बजे से आनलाईन की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई शासन के निर्देषो का पालन करते हुए ये व्यवस्था की गई, वहा कार्यरत कर्मचारी डिलवरी बाय के रूप में कार्य करेगे आवष्यक्ता पडने पर कलेक्टर दर से और नियुक्ति की जा सकती है।

# जुआ, सट्टा, शराब का चल रहा बेखौफ कारोबार

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

नगर में लॉकडाउन के दौरान जुआ सट्टा शराब के चल रहे बेखौफ कारोबार पर अंकुश लगाने में नाकाम नजर आ रहे विभाग के सामने इन कारोबारियों के हौसले बुलंद नजर आ रहे है, लाकडाउन अवधि में इन पर कोई बडी कार्यवाही न होने के चलते ये कारोबारी जहां खुले में सट्टा और जुआ के खेल को अंजाम दे रहे है, आपेक्षित कार्यवाही नही होने के चलते संदेही छुट जाते है, जिससे उनके हौसले बुलंद हो चलते है। वही दुसरी तरफ बिना मास्क के मामलो पर भी कार्यवाही की जा रही है, किंतु इसका लोगो पर कोई विषेष असर नजर नही आ रहा है, चौक चौराहो पर बेवजह धुमते लोगो को आसानी से देखा जा सकता है। मिली जानकारी के अनुसार सीटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत जुआ खेलते लगभग 13 लोगो के पकडे जाने की सूचना मिली थी, जिसमें सीटी कोतवाली द्वारा 9 लोगो पर प्रकरण दर्ज करते हुए लगभग 2230/की जब्ती बनाई गई जिसमें क्रमष बंषी देवागन उम्र 65 वर्ष राजेन्द्र वार्ड, हेमदास भास्कर चातरखार, षिवराज निर्मलकर, प्रमोद सोनवानी झगरहट्टा, रामचरण साहू झगरहट्टा, सुरेन्द्र ओगरे मोहतरा, नानू जोषी पेंडाराकापा, राजेन्द्र कुमार खरे झगरहट्टा, प्रहलाद साहू मुंगेली के उपर जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई , वही अब सवाल ये उठने लगा है कि जब 13 लोगो के पकडे जाने की जानकारी सामने आ रही थी तब महज 9 लोगो पर की कार्यवाही की गई बाकी लोगो पर कार्यवाही क्यो नही की गई, ये एक अहम मसला है। वही बिना पुलिस द्वारा आज बिना मास्क के 23 लोगो पर चालानी कार्यवाही कर 11500/- का जुर्माना किया गया। ज्ञात हो जिले में 14 अप्रैल से जारी लाकडाउन अवधी में महज सीटी बार पर ही अवैध शराब बेचने का मामला प्रकाश में आया था, किंतु उसके बाद विभाग द्वारा न तो अवैध शराब कारोबारियों पर कोई नकेल कसने की मुहिम चलाई गई और न जुआ सट्टा के कोई बडे प्रकरण सामने आये है, कालाबाजारी भी इन दिनों जोरों पर - नगर में इन दिनों चोरी छिपे समान बेचने वालो की चांदी नजर आ रही है।

# 1 मई से शुरू हुए 18 प्लस वेक्सिनेशन अव्यवस्थाओं के चलते वापस लौटने मजबूर

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले में 1 मई से शुरू हुए 18 प्लस वेक्सिनेशन को लेकर जहा युवाओं में उत्साह नजर आ रहा है वही दूसरी तरफ प्रशासनिक अव्यवस्थाओं के कारण ये युवा बिना वेक्सीन लगाए वापस जाने को मजबूर हो रहे हैं,, बता दे कि जिले में तीसरे चरण के वेक्सिनेशन की शुरुआत 1 मि से प्रारंभ की गई किंतु सरकार द्वारा अंत्योदय राशन कार्ड धारियों को प्राथमिकता देने के कारण ये विवादों के घेरे में आ गई थी जिसपर हाईकोर्ट के दखल के बाद पुनः राज्य सरकार ने अंत्योदय बी पी एल और ए पी एल कार्ड धारियों को वेक्सिनेशन की छूट दी है,, जिसके बाद कल से सभी वर्गों के लिये पुनः वेक्सिनेशन की शुरुआत हुई । वही आज से पुनः सुरु किये गए वेक्सिनेशन सेंटरों का आलम ये था कि न तो वहां प्रशासनिक गाइड लाइन का पालन किया जा रहा था और न ही कोई जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी मौजूद नजर आया,, एक ही सेंटर में 45 वर्ष से अधिक के लोगो के साथ साथ अंत्योदय राशन कार्ड धारियों सहित ए पी एल और बी पी एल कार्ड धारियों के एक साथ पहुचने से अव्यवस्था का आलम नजर आया। इस बारे में भजपा के प्रदीप पांडेय ने बताया कि राज सरकार द्वारा सभी वर्गो के लिए वेक्सिनेशन की शुरुआत कर दी गई हैं किंतु सरकार द्वारा उपलब्ध वेक्सीन की संख्या बहुत कम है जिसके तहत वेक्सीन सेंटरो में मात्र 50 की संख्या में भेजे जा रहे हैं जिसको ज्यादा भेजने की आवश्यकता है,, वही एक ही केंद्र में अंत्योदय बी पी एल और ए पी एल कार्ड धारियों सहित 45 वर्ष से अधिक के लोगो को भी वेक्सीन लगाया जा रहा है जिससे अव्यवस्था का आलम नजर आ रहा है । जिंदगी के टीका के लिए लंबी कतार संक्रमण का भय - छत्तीसगढ हाई कोर्ट के निर्देष पर राज्य शासन ने शनिवार से बीप ी एल के अलावा ए पी एल के लिए टीकाकरण की मुहिम शुरू की है, शासन के नियमो के अनुसार इसके लिए अलग अलग के केन्द्र बनाये जाने थे किंतु सभी लोगो का टीकाकरण एक ही जगह पर किया जा रहा है, जिसके चलते केन्द्रो में लगी भारी भीड नजर आ रही है, जिंदगी के टीका के लिए ऐसी मसक्क्त कही जान लेवा साबित न हो जाये संक्रमण की चैन तोडने के लिए जिले में लाकडाउन लगाया गया है, किंतु टीकाकरण केन्द्रो में लगी लंबी लाईन चैन साबित हो रही है। इस संबंध में प्रभारी मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी महादेव तेंदवे से जानकारी लेने पर उन्होने बताया कि सारी व्यवस्थाए अनुविभागिय अधिकारी द्वारा की जा रही है। वही अनुविभागिय अधिकारी नवीन भगत से जानकारी लेने पर उन्होने बताया कि टीका करण केन्द्रो की व्यवस्था तो हमारी है किंतु कर्मचारियों की डियुटी एवं अन्य व्यवस्थाए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को देखनी है। इस पूरे मामले पर जिला कलेक्टर ने बताया कि 1 मई से 18 प्लस लोगों के लिए वेक्सीन की शुरुआत हो गई है पहले चरण में अंत्योदय राशन कार्ड धारियों के लिये लगभग 2400 वेक्सीन उपलब्ध कराया गया था जिस में हमने लक्ष्य को लगभग पूरा कर लिया वही वर्तमान में सरकार द्वारा अंत्योदय बी पी एल और ए पी एल कार्ड धारियों को भी वेक्सीन लगवाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## सोसायटी से धान चोरी करते कैमरे में कैद हुए दो आरोपी

**रायगढ़।** धान उपार्जन केन्द्र कोडासिया के प्रबंधक द्वारा 08 मई को थाना लैलूंगा में आवेदन देकर धान खरीदी केन्द्र कोडासिया से ग्राम तारागढ़ के अरमान एवं लल्लू कैयूम को 18 बोरी धान चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। इस मामले में सोसायटी के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगालने पर खरीदी केन्द्र से धान बोरों की चोरी करते दो लोगों को देखा गया। जिनके खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। आवेदन अनुसार आठ मई की रात दो बजे से 02:49 बजे के बीच ग्राम तारागढ़ के अरमान पिता रमजान उम्र 30 वर्ष, लल्लू पिता कैयूम उम्र 28 वर्ष के द्वारा 18 बोरी धान निकालते हुए उर्पाजन केन्द्र के सीसीटीवी कैमरे में दिख रहे हैं। ग्राम मुड़ागांव का सुधीरो साहू समीति के भृत्य को मोबाईल पर बताया कि उसके घर के पीछे वाले दरवाजा के पास रखा चोरों ने चोरी गए धान बोरी रखे हैं। तब प्रबंधक त्रिलोचन बेहरा, संचालक नंदलाल प्रधान, सदस्य खेमराज, ग्रा.पं.सरपंच कुवर सिंह, जयसिंह नाथ, ग्राम कोटवार मुडागांव को साथ लेकर उप सरपंच मुडागांव सुधीरो साहू के घर के पीछे गए।

# विधायक मोहल के नेतृत्व में जिलाधीश को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



वैश्विक महामारी कोविड 19 के टीकाकरण में भेदभाव ना कर जनसामान्य को बीमारी से लड़ने आक्सीजन, आक्सी मीटर, थर्मल स्केनर,दवा आदि सर्व सुविधा उपलब्ध कराने हेतु विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक,पूर्व विधायक तोखन साहू,गिरीश शुक्ला के नेतृत्व में जिलाधीश को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक ने बताया कि कोरोना काल मे भारत मे बने कोविशील्ड व कोवेक्सीन दोनों ही टीके हमारे लिए आशा की एकमात्र किरण है, टीकाकरण के सम्बंध में राजनीति दुःखद है। एपीएल बीपीएल अंत्योदय के लिए अलग अलग बूथ अव्यवहारिक से इसके बदले सभी केंद्रों में सभी श्रेणी के लोगों का वेक्सीनेशन होना चाहिए। भारतीय टीकों के खिलाफ राजनीतिक दुष्प्रचार किया गया जिसके कारण ग्रामीण टीकाकरण में घबरा रहे हैं अतः जनजागरण अभियान चलाया जावे। टीका की कमी होना राज्य सरकार द्वारा आर्डर नहीं देने के कारण से है। 2.50 लाख डोज टीका बर्बाद हो गया। केरल मॉडल का उपयोग किया जावे। पत्रकारों को फ्रंटलाइन वर्कर मानते हुए इन्हें टीकाकरण में प्राथमिकता दी जावे। मुंगेली जिले के मुंगेली, लोरमी, पथरिया, जरहागाव, अमोरा, सेतगंगा देवरहट आदि स्थानों में कोविड केंद्र बनाया जावे। जिले में 200 आक्सीजन सिलेंडर तथा सभी ब्लाक में रेमडेसीवीर इंजेक्शन कम से कम 100-100 उपलब्ध कराया जावे।

जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उपस्वास्थ्य केंद्रों में 5-5 आक्सीजन सिलेंडर व चिकित्सा स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित किया जावे। 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का जिले के सभी वेक्सीनेशन केंद्रों में अधिक से अधिक वेक्सीनेशन कराया जावे। कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी नवीन भगत को सौंपा गया। इस अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले,पूर्व विधायक तोखन साहू,जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक, गिरीश शुक्ला, सुनील पाठक, दीनानाथ केशरवानी, कोटूमल दादवानी, उमाशंकर साहू,प्रदीप पाण्डेय, अक्षय लहरे उपस्थित रहे।

# ऑक्सीजन स्तर -54 प्रतिशत होने के बावजूद सुरेश ने पराजित किया कोरोना को

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिले में 09 मई को कोविड संक्रमित व्यक्ति की दृढ़ इच्छाशक्ति जागरूकता, चिकित्सकों का सामयिक इलाज और मरीज के आत्मविश्वास से कोरोना को आसानी से पराजित किया जा सकता है। यह सिद्ध कर दिया है जांजगीर के डेडिकेटेड कोविड केयर हास्पिटल के चिकित्सकों और कोविड पेसेंट सुरेश ने। 54 प्रतिशत आक्सीजन स्तर होने के बाद भी सुरेश ने डाक्टरों की मदद से कोरोना को पराजित कर दिया। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के संक्रमित मरीजों के उपचार में चिकित्सकों के सामने रोज नई-नई चुनौतियां सामने आ रही है। चिकित्सकों की सूझबूझ प्रत्युत्पन्नमति से सामयिक इलाज से मरीज स्वस्थ हो रहे हैं।

इसीटीसी प्रभारी डॉ. अनिल जगत ने बताया कि जांजगीर के ईसीसीसी कोविड हॉस्पिटल में सक्ती निवासी 40 वर्षीय सुरेश मरावी को 54 प्रतिशत ऑक्सीजन सैचुरेशन की स्थिति में 19 अप्रैल को भर्ती किया गया था। भर्ती के समय सुरेश घबराया हुआ और हताशा की स्थिति में था। डॉक्टरों ने मनोवैज्ञानिक परामर्श से उसका आत्म बल बढ़ाया। नर्सिंग स्टाफ और अस्पताल के अन्य कर्मी भी नियमित संपर्क में रहकर उनकी हौसला-अफजाई की। ईसीटीसी के चिकित्सकों ने तत्काल सुरेश को हाई फ्लो ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा। जरूरी दवाइयां भी सामयिक रूप से दी गई। समुचित इलाज के फलस्वरूप सुरेश की तबियत में दिनोंदिन सुधार होते गया। पूर्ण स्वस्थ होने पर 8 मई को उन्हें डिस्चार्ज किया गया।

## लगातार मौसम में हो रहे बदलाव लोग बेहाल



**मुंगेली।** कोरोना की मार से गुजर रहे जिलेवासियों को दोहरी मार पड़ रही है, विगत सप्ताह भर से लगातार शाम होते ही मौसम में हो रहे बदलाव ने गर्मी से बेहाल कर दिया है, दिन भर की तपती धूप के बाद उमस भरी शाम से लोग बेहाल हवा की तलाष में घुम रहे है। वही आज शाम होने वाली बारिश ने मौसम के मिजाज में राहत दी है। जहां मौसम के इस बदलाव से आम जनमानस के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पडने लगा है सर्दी,बुखार, खासी हाथ पैर में दर्द की मरीजो की संख्याओ में इजाफा देखा जा रहा है, सुबह से अस्पतालो में पहुचने वालो मरीजो में अधिकाष मरीज इन्ही बीमारियों के पहुच रहे है, उमस भरी बेचैनी में जहा स्वस्थ्य लोगो को श्वास में परेशानियां देखी जा रही है, ऐसे में संक्रमित मरीजो को आक्सीजन की कमी होना लाजमी बात है।

# आईसोलेशन में रह रहे कोविड मरीजों को दी जा रही है इलाज, दवाई, डॉक्टर परामर्श, एम्बुलेस सुविधा आदि की जानकारी

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पी.एस एल्मा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित व्यास के कुषलमार्ग दर्षन में कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के लिए जारी कोविड कॉल सेंटर कोविड मरीजो के लिए मददगार साबित हो रहा है। कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में कोविड कॉल सेंटर की स्थापना की गई है। कोविड कॉल सेंटर का मोबाईल नंबर 9589427852, 9589357852 है। कोविड कॉल सेंटर में स्वास्थ्य विभाग के दो डॉक्टर, आयुर्वेदिक चिकित्सा विभाग के 06 डॉक्टर, षिक्षा विभाग के व्याख्याता षिक्षक, सहायक षिक्षक, महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाईजर एवं आदिवासी विकास विभाग की 110 अधिकारी-कर्मचारियों की टीम द्वारा रोटेषन के अनुसार निरंतर सेवाएं दे रही है। अधिकारी-कर्मचारियों की टीम द्वारा कोविड कॉल सेंटर से होम आईसोलेषन में रह रहे मरीजो से प्रतिदिन फीडबैक यथा ईलाज, दवाईयों की जानकारी, डॉक्टर से परामर्श, मरीजो के सैम्पल एवं एम्बुलेंस सुविधा और अन्य जानकारी प्राप्त कर उन्हे राहत पहुँचाने का कार्य किया जा रहा है। कोविड कॉल सेंटर में तैनात एम आई एस प्रषासक अषोक सोनी ने बताया कि उनकी टीम सेवा भावना से ड्यूटी कर रहा है। कई बार कोविड पीड़ित मरीज सांस लेने में तकलीफ, अक्सीजन लेवल कम होने, अस्पतालों में बेड की स्थिति वेंटिलेटर सहित अन्य जानकारी साझा करते है। कोविड कॉल सेंटर के माध्यम से उन्हे बार-बार परामर्ष दिया जाता है कि वे घबराएं नहीं और हिम्मत बनाये रखे। बगैर लक्षण या सामान्य लक्षण वाले मरीजों को दवाईयां लेकर घर पर अलग कमरे में परिजनों से दूरी बनाकर रहने, आक्सीजन लेवल कम होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करने की समझाईष दी जा रही है। लगातार मॉनिटरिंग के वजह से 6 हजार से अधिक मरीज स्वस्थ हो चुके है। उन्होने बताया कि बगैर लक्षण वाले मरीजो को होम आईसोलेट कर ईलाज करने को प्राथमिकता दी जा रही है। जिससे अस्पतालों का खर्च बचे और वह परिवार के करीब रहकर स्वस्थ हो सके।

# ट्विटर के इन फीचरों का उपयोग कर छत्तीसगढ़ के नवीनतम कोविड-19 अपडेट प्राप्त करें

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत में चल रही कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान ट्विटर पर लोगों की हलचल बढ़ रही है, जैसा कि अनेक लोग मदद माँगने और देने के लिए इसका सहारा ले रहे हैं। ट्विटर अपनी तरफ से इन बातचीतों का समर्थन करने के लिए कई कदम उठा रहा है। इस कोविड-19 संकट के दौरान ट्विटर का ज्यादा फायदा उठाने के लिए लोग निम्नांकित फीचरों का उपयोग कर सकते हैं।

**इवेंट पेजः** ट्विटर ने कोविड-19 के लिए समर्पित इवेंट पेज पेश किए हैं जहां लोग इस सेवा पर विश्वसनीय स्रोतों से संबंधित सूचनाएं पा सकते हैं। उन्हें आसानी से बातचीतों को स्क्रॉल करने और मदद पाने की सुविधा प्रदान करने के लिए ट्विटर ने हाल ही में कुछ राज्यों में विश्वसनीय ट्वीट्स के बारे में लोगों का मार्गदर्शन करने के लिए पेज तैयार किए हैं। छत्तीसगढ़ क्षेत्र के डॉक्टरों, पत्रकारों और संबंधित नागरिकों के स्थानीय अपडेट दिखाता है। इसके अलावा, ट्विटर के एक्सप्लोर टैब पर कोविड-19 हब, कोविड-19 एसओएस पेज, वैक्सीन सुरक्षा, सुरक्षित कैसे रहें के लिए मोमेंट्स पेज पर भी विश्वसनीय प्राधिकारियों से प्रासंगिक सूचना के डिटेल प्राप्त किये जा सकते हैं।

**ट्विटर पर स्पेसः** ट्विटर खासकर भारत में कोविड-19 संकट के मद्देनजर सार्वजनिक संवाद को कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इस सप्ताह की शुरुआत में, हमने देश में ट्विटर पर स्पेस इस्तेमाल करने को प्राथमिकता दी। वैश्विक तौर पर जहां केवल वही लोग स्पेस आयोजित कर सकते हैं, जिनके 600 से ज्यादा फॉलोअर्स हैं वहीं, भारत में कोई भी एन्ड्रॉयड और आईओएस पर स्पेस का इस्तेमाल कर सकता है। अपनी वैश्विक घोषणा के साथ, हमने यह भी साझा किया कि लोग इस स्पेस का सुरक्षित ढंग से इस्तेमाल कैसे कर सकते हैं, जिसमें मेजबान और बोलने वाले दोनों की सुरक्षा शामिल है। लोग स्पेस में दूसरों को रिपोर्ट और ब्लॉक भी कर सकते हैं, या स्पेस की भी रिपोर्ट कर सकते हैं। हम कुछ अतिरिक्त नई सुविधाओं पर भी काम कर रहे हैं, जिनके बारे में आप हमारे ब्लॉग पर विस्तार से पढ़ सकते हैं। स्पेस से अपरिचित लोगों के लिए यह ट्विटर पर अपनी बात कहने का एक नया तरीका है जो लोगों को निजतापूर्ण वातावरण में लाइव ऑडियो वार्तालाप करने की सुविधा देता है।

**ट्विटर लिस्टः** ट्विटर के लिस्ट फ़ीचर के अंतर्गत आने वाली सभी खातों के ट्वीट एक जगह पर मिल जाते हैं। इससे तेजी से बदलते घटना मों के दौरान खास लोगों की खोज करना और उनके साथ जुड़े रहना आसान हो जाता है। हमने स्वास्थ्य अधिकारियों, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत पत्रकार, तथ्य-जांचकर्ता और अन्य आधिकारिक स्रोतों की ट्विटर लिस्ट की एक श्रृंखला को तैयार किया है, ताकि आप महामारी की दूसरी लहर के दौरान जानकारी के बारे में अपडेट रह सकें। हमने उन सत्यापित संगठनों की एक लिस्ट भी बनाई है जो कोविड-19 राहत कार्य में संलग्न हैं, और आप ट्विटर पर इन्हें फॉलो कर सकते हैं।

**प्रॉम्पट्सः** भारत में 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को टीके लगने की घोषणा के बाद से ट्विटर ने टीका उपलब्धता, पात्रता और अन्य अपडेट के बारे में जनता को सूचित करने के लिए कदम उठाए हैं। कोविड-19 से संबंधित विश्वसनीय सूचनाओं को प्रसारित करने के लिए इसने होम टाइमलाइन प्रॉम्पट्स लॉन्च किया हैं।

## जिले में 18 से 44 वर्ष उम्र के लोगों में टीकाकरण के प्रति जबरदस्त उत्साह

**मुंगेली।** कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के लिए जिले में 18 से 44 वर्ष उम्र के



लोगों में टीकाकरण किया जा रहा है। टीकाकरण के प्रति इन आयु वर्ग के लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। इसी तारतम्य में कलेक्टर पी.एस एल्मा के मार्ग दर्षन में आज कलेक्टर स्थित मनियारी सभा कक्ष में कार्यरत् कोविड-19 का टीका लगवाया और सभी वर्गो को मुक्त में टीकाकरण करने के लिए राज्य सरकार के प्रति अभार व्यक्त किया। मनियारी सभा कक्ष में कोविड-19 के टीका लगवाने वाले अधिकारी-कर्मचारियो ने टीकाकरण के प्रति जो अनावष्यक भ्रांति है। उसको अस्वीकार करते हुए कोरोना टीका कर भरोसा जताया और अपने परिवार को भी टीका लगवाने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त किया।

# बॉर्डर पर कड़ी हो चौकसी : कलेक्टर

## कलेक्टर ने लैब टेक्नीशियन्स की ली समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए कोविड के सैंपलिंग और टेस्टिंग की समीक्षा के लिए कलेक्टर भीम सिंह ने जिले के सभी लैब टेक्नीशियन्स की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक ली। बैठक में उन्होने बॉर्डर के साथ ग्रामीण इलाकों में सैंपलिंग व टेस्टिंग की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि पॉजिटिव आने वाले मरीज के परिवार के सभी सदस्यों को होम आइसोलेट करना है और उन्हें प्रोफाइलेक्टिक दवाइयों की किट देनी है। जिससे वे सभी घर में रह कर दवा की खुराक ले सकें। होम आइसोलेशन की मॉनिटरिंग टीम द्वारा नियमित रूप से ऐसे मरीजों का अपडेट लेना है। जिससे मरीज को या घर के किसी सदस्य को चिकित्सीय सहायता की जरूरत हो तो तुरंत उसे वह उपलब्ध करायी जा सके। उन्होंने संक्रमण की रोकथाम के लिए ग्रामीण इलाकों के साथ औद्योगिक क्षेत्रों में टेस्टिंग में विशेष फोकस रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक इलाकों में बाहर से काम करने आने वालों की टेस्टिंग और उन्हें क्वारेन्टीन करने के लिए उद्योगों की बैठक लेकर निर्देशित किया गया है। जिसकी लगातार मॉनिटरिंग की जाए। कलेक्टर ने बॉर्डर चेक पोस्ट में टेस्टिंग में लगी टीम से भी बात की। उन्होंने ओडिसा तथा अन्य राज्यों से आ रहे लोगों के टेस्टिंग और उन्हें क्वारेन्टीन करने के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि दूसरे राज्य से आने वाले व्यक्ति के पास यदि 72 घंटे के भीतर की नेगेटिव जांच रिपोर्ट है तो उन्हें जाने दिया जाए। आने वाला व्यक्ति यदि लक्षणयुक्त है तो बॉर्डर पर उसकी जांच करें। पॉजिटिव आने पर उसे कोविड केयर सेंटर या आइसोलेशन में भेजें। बिना लक्षणयुक्त व्यक्तियों को सात दिनों के लिए क्वारेन्टीन किया जाना है। उन्होंने बॉर्डर पर क्वारेन्टीन करने के लिए अलग से कर्मचारी तैनात करने के लिए कहा। जो क्वारेन्टीन किए जाने वाले व्यक्ति को संबंधित क्वारेन्टीन सेंटर में पहुंचाने की व्यवस्था देखेगा।

# कलेक्टर ने की जिले के जनप्रतिनिधियों से कोविड-19 के प्रसार की रोकथाम हेतु जनजागरूकता में आवश्यक सहयोग प्रदान करने की अपील

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर पी. एस एल्मा ने कहा है कि जिला प्रषासन द्वारा कोविड-19 के प्रसार की रोकथाम हेतु लगातार जनजागरूकता अभियान का संचालन किया जा रहा है। अब इस अभियान को और अधिक सफल बनाने की आवष्यकता है। इस जनजागरूकता अभियान में जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस हेतु उन्होने जिला पंचायत के सभी सदस्यो, नगरीय निकायों के सभी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा सभी पार्षद, सभी जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी सदस्यों तथा जिले के सभी सरपंचों को पत्र लिखाकर कोविड-19 के प्रसार की रोकथाम हेतु आयोजित जनजागरूकता अभियान में आवश्यक सहयोग प्रदान करने अपील की है। उन्होने जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा है कि जिले में कोरोना पॉजीटिव की सँख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है, जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि आम लोगो मे कोरोना से बचाव हेतु जागरूकता की कमी है। जिसके फ्लस्वरुप ज्यादा लोग संक्रमित हो रहे है। पत्र में उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि जब भी वे अपने क्षेत्र के भ्रमण में जाये तो वे आम लोगों को कोविड-19 के बचाव के सम्बंध में समझाईश दे। ताकि जिले में कोरोना के प्रसार को रोका जा सके। पत्र में उन्होंने कहा है कि कोरोना संक्रमण से खुद को और दूसरों को बचायें, इसके लिए हमेशा मास्क का उपयोग करने, शारीरिक दूरी (लगभग 2 गज की दूरी) बनाए रखने एवं हाथों को साबुन से



धोने या सेनेटाईजर का उपयोग करने की समझाईश देने का आग्रह किया है। जिनकी आयु 45 वर्ष या ऊपर की है, उन्हें टीकाकरण केन्द्र जाकर कोविड-19 का टीका अवश्य लगवाने तथा स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार निर्धारित समय में दूसरा टीका लगवाने के लिए प्रेरित करने के लिए भी आग्रह किया है। सर्दी, खांसी, बुखार, सांस लेने में तकलीफ, गले में खराश, नाक बहना, सिर दर्द, बदन दर्द, दिन भर थकान, पतला दस्त, उल्टी, स्वाद या सूंघने की क्षमता की कमी हो तो उन्हें तत्काल नजदीकी जांच केन्द्र में जाकर जांच कराने एवं दवाई लेकर ईलाज कराने हेतु लोगों को जागरूक करने में सहयोग प्रदान करने की अपील की है। यदि कोरोना के लक्षण दिख रहे हो तो तत्काल मितानिन या स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पास उपलब्ध दवाई किट को उसमें दिये गये निर्देशानुसार दवाई खाने प्रारंभ करने के लिए भी समझाईश दे। पॉजीटिव आने के बाद 17 दिवस होम आईसोलेशन में रहते वक्त दिये गये दिशा-निर्देशों का पालन करने एवं प्राप्त दवाई का नियमानुसार सेवन करने की समझाईश देने के भी आग्रह किया है। कंट्रोल रुम में चिकित्सक से आने वाले टेलीफोन का स्पष्ट जवाब देने, साफ-सफाई रखने, मॉस्क, शारीरिक दूरी एवं सेनेटाईजर का उपयोग सदैव करने के लिए भी समझाईश देने की बात जारी पत्र में कहीं है। किसी प्रकार की परेशानी होने पर चिकित्सकीय परामर्श एवं सलाह हेतु जिला कंट्रोल रुम 95894-27852, कंट्रोल लोरमी-91092-58263 एवं कंट्रोल रुम पथरिया 88897-71026 से सम्पर्क करने के लिए प्रेरित करें । जिला प्रशासन द्वारा सभी मितानिनों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को थर्मामीटर तथा ऑक्सीमीटर प्रदाय किया गया है, जिससे वह बुखार एवं ऑक्सीजन लेवल चेक कर सकता है। अतः बुखार एवं ऑक्सीजन लेवल का चेक करने हेतु उन्हे जागरूक करें।

# मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री को इमेल के माध्यम से ज्ञापन भेजा

**बिलासपुर।** भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री को इमेल के माध्यम से ज्ञापन भेजा है। लॉकडाउन में किसानों को हो रही विभिन्न समस्याओं का तत्काल निराकरण करने की मांग की है। खरीफ फसल की तैयारियों से संबंधित खाद, बीज के लेन देन हेतु सहकारी समितियां नियमित सुचारु रुप से प्रारंभ किये जाने कीएवम खाद बीजो का पर्याप्त मात्रा में भंडारण किये जाने का मांग प्रमुख रुप से रखी गई है इसके साथ ही खाद एवं बीज के अत्यधिक बड़े मूल्यों को पुर्ववत रखा जाए ताकि किसानों पर इसका बहुत अधिक भार न पड़े हालांकि उर्वरकों के मूल्य में कमी और बढ़ोतरी करना उर्वरक कंपनियों के हाथों में होता है, सरकार इसमें उचित हस्तक्षेप कर केंद्र सरकार से समन्वय बनाकर उर्वरक कंपनियों पर दबाव बनाएं एवं बड़े मूल्यों को पुनः पुर्ववत करवाए। अन्य मांगों में किसान संघ ने कहा की सब्जी मंडी प्रारंभ की जाए एवं सब्जी किसानों को उनके नुकसान की भरपाई हेतु क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की जाए लॉकडाउन लगने से सबसे अधिक नुकसान सब्जी किसानों को उठाना पड़ा है एवं इसके साथ सब्जी किसानों का ऋण भी बड़े आकार का रहता है ऐसे में उन किसानों को केसीसी पर लगने वाले ब्याज को सरकार माफ करे तब कही जाकर सब्जी किसानों को थोड़ी राहत मिल पायेगी। दलहन, तिलहन एवं धान विक्रय करने हेतु कृषि उपज मंडियां प्रारंभ की जाए ताकि किसानों को खरीफ फसल की तैयारियों के लिए रकम की व्यवस्था हो सके एवं सभी मंडियों में कोविड नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाय। इसके साथ ही राजीव गांधी न्याय योजना के अंतर्गत दी जाने वाली धान के अंतर की राशि किश्तों में ना देकर एकमुश्त दी जाए क्योंकि धान के अंतर की राशि चार किश्तों में देने से सबसे अधिक नुकसान लघु एवं सीमांत किसानों का होता है उन्हें मिलने वाली राशि इतनी कम होती है की उसे बैंक जाकर निकालना ही उन्हें बोझ लगने लगता है।




**राजनांदगांव।** सोमवार की सुबह दो घंटों की झमाझम बारिश ने शहर को भिगो दिया। वहीं तेज हवाओं के चलते कई पेड़-टहनियां टूट कर गिर गईं। तेज अंधड़ के कारण कहीं जान-माल के नुकसान की खबर तो नहीं है लेकिन कई स्थानों पर विद्युत व्यवस्था बाधित हुई।

# व्यवस्थित तरीके से टीकाकरण के लिए जिला भाजपा ने भेजा मुख्यमंत्री को सुझाव पत्र

## वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने कलेक्टर को पत्र सौंपा

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी जिला राजनांदगांव द्वारा आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कोरोना संक्रमण काल के बढ़ते हुए इस दौर में टीकाकरण अभियान में अव्यवस्था ना हो इस हेतु 14 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सुझाव पत्र सौंपा गया है। जानकारी के अनुसार आज जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचन्द पारख, सन्तोष अग्रवाल एवं जिला महामंत्री सचिन बघेल ने जिलाधीश टोपेश्वर वर्मा को सुझाव का पत्र सौंपा है।

सुझाव पत्र में उल्लेख किया गया है कि करोना संक्रमण से बचाव के लिए सुरक्षा के रूप में टीकाकरण ही एकमात्र सर्वश्रेष्ठ उपाय है। इसलिए टीकाकरण अभियान उच्च न्यायालय के अनुपालन में भेदभाव पूर्ण नीति न लागू करने का सुझाव दिया गया है। बीपीएल, एपीएल, अंत्योदय के अलग-अलग टीकाकरण के केंद्र न बनाने का सुझाव जिला भाजपा ने दिया है।

भाजपा ने एक ही केंद्र में सभी को टीका लगाने का सुझाव दिया है। कहा गया कि राजनीतिक कारणों से टीकाकरण के प्रति दुष्प्रचार के कारण कई टीका कर्मियों पर गांव में हमले हो रहे हैं। कर्मियों की सुरक्षा में व बीमा इत्यादि की ओर भी मुख्यमंत्री का ध्यानाकर्षण करवाया गया है। भाजपा ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने टीके का आर्डर समय पर नही दिया जिसके चलते राज्य में टीके की कमी हुई है। भाजपा ने कहा कि व्यवस्थित टीकाकरण, डोज को खराब न होने देने के लिए बेहतर प्रबंधन जरुरी है। पदाधिकारियों ने टेस्टिंग कम होने पर चिंता व्यक्त की और हर पंचायत में ऑक्सीमीटर-थर्मामीटर और दवा की उपलब्धता पर जोर दिया है।

### सेंटर बढ़ाने का सुझाव दिया

जानकारी के अनुसार टीकाकरण सेंटर बढ़ाने के लिए राजनांदगांव में राजनांदगांव, मोतीपुर, बेल टिकरी, सुरगी, भरेगांव, उसरीबोर्ड, खुटेरी, सोमनी, टेडेसरा, धनगांव, अर्जुनी, सुकुलदैहान, इत्यादि सेंटरों की व्यवस्था हेतु सुझाव दिया गया। इसी तरह मानपुर में औंधी, खड़गांव, भर्रीटोला। मोहला में बांसड़ी, भोजा टोला, मार्री, छुईखदान में पद्मावतीपुर, उदयपुर, कुटेलीकला, बुंदेली दनिया, जगमड़वा, घोघा, पेंड़रवानी, लिमो, पीलीमेटा, साल्हेवारा, रामपुर, बकरकट्टा, गातापार नाका, रोड अतरिया, कुंभरवाड़ा, गोपालपुर जंगलपुरघाट में नए वैक्सीनेशन सेंटर खोले जाएं। इसके अलावा खैरागढ़ के बाजार अतरिया, डोकराभाटा, मंडला, चंदेनी, जालबांधा, सलोनी, कुलीकसा, चिचोला, गातापार जंगल, पाड़ादाह, देवरी, ईटार, पिपलाकछार, करेला,मुडीपार, सिंगारघाट शेरगढ़ में भी सेंटर शुरु किए जाने की मांग रखी गई है। इसके अलावा घुमका में डुमरडीहकला, मन गट्टा, बघेरा ,कोटरीछापर, मरकामटोला, छुरिया मंडल में भोलापुर, महाराजपुर, सालहेटोला, हालेकोसा, चिरचारीकला कल्लू बंजारी, तेलीनबांधा और अंबागढ़ चौकी में बांधाबाजार, माहूद आमाटोला,गोरचाटोला इत्यादि सेंटरों का सुझाव भी दिया गया।

# मुख्यमंत्री का संकल्प मेरा बूथ कोरोना मुक्त को पूरा करेगी जिला कांग्रेस : पदम कोठारी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया, प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने आज जिलेवार कोरोना की जानकारी के लिए आयोजित वर्चुअल बैठक में शामिल जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी ने मुख्यमंत्री सहित वरिष्ठ नेताओं को अवगत कराया कि जिले में कोरोना संक्रमण का दर कम हुआ है और जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के पदाधिकारियों को आम जनता के सहयोग के लिए जिम्मेदारी दी गई है। उनके मोबाइल नंबरों को हेल्पलाइन नंबर के रूप में सार्वजनिक किया गया है। जिसका सुखद परिणाम सबको मिला और जनता को अधिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि कोरोना की लड़ाई के लिए सब एकजुट हैं। इसी प्रकार कोविड सेंटरों में भर्ती मरीजों को फल एवं पौष्टिक आहार देने का काम भी जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सभी ब्लॉकों में निरंतर कर रही है। आवश्यकतानुसार सूखा राशन भी जरूरतमंद लोगों को पहुंचाकर उन्हें राहत दी जा रही है। कोरोना वैक्सीन के संबंध में आम जनता को जागरूक करने के लिए जिले के कांग्रेसजन निरंतर लगे हुए हैं। जिलाध्यक्ष कोठारी ने बताया कि वर्चुअल बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश पदाधिकारियों व जिलाध्यक्षगणों को मेरा बूथ कोरोना मुक्त के संकल्पित कार्ययोजना से कार्य करने निर्देशित किया है। जिसे पूर्ण करने का संकल्प लेकर राजनांदगांव जिले के प्रत्येक ग्राम के बूथ स्तर पर कांग्रेसजनों की टीम बना कर बूथ के प्रत्येक घरों के टीका हेतु पात्र सदस्यों को कोरोना वैक्सीन लगाने टीकाकरण केंद्र में लाने अन्य को प्रोत्साहित करने एवं कोरोना से बचाव के उपायों के लिए जन जागरूकता के साथ कार्य कर कोरोना के विरुद्ध युद्ध मे मुख्यमंत्री के संकल्प को पूरा किया जायेगा। छग सरकार की योजनाओं का लाभ सभी को मिले इस दिशा में भी हम काम कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष पदम कोठारी ने मुख्यमंत्री से एक विशेष आग्रह किया कि जिले में कुछ घुमंतू प्रजाति के परिवार निवासरत हैं।

## सर्वर ठप्प होने के चलते नहीं मिल सकी शराब

**राजनांदगांव।** शराब की होम डिलीवरी शुरु होने के पहले ही दिन मदिरा प्रेमियों को निराशा हाथ लगी। दरअसल, तकरीबन माह भर बाद शराब की उपलब्धता के चलते सीएसएमसीएल का एप्प ही क्रेश हो गया। ऑनलाईन ऑर्डर और होम डिलीवरी शुरु होने के कुछ ही देर बाद एप्प क्रेश होने लगा। पूरा दिन लोग जद्दोजहद करते रहे। कईयों को निराशा ही हाथ लगी। वहीं एप्प शाम 5 बजे बंद हो गया। 10 अप्रैल से लागू लॉकडाऊन के चलते शराब दुकानें बंद हैं। महिने भर बाद सरकार ने होम डिलीवरी का विकल्प लोगों को मुहैया कराया है। हालांकि इसके लिए तैयार किए गए मोबाईल एप्प में कई खामियां हैं। दूसरी ओर बड़ी तादाद में एप्प से होम डिलीवरी लेने के चलते पूरा दिन सर्वर ठप्प पड़ा रहा। गिने-चुने लोगों को ही शराब उपलब्ध हो सकी।

# किसान विरोधी है केंद्र की मोदी सरकार : ब्लॉक अध्यक्ष

## कृषि खाद के कीमत में वृद्धि, विरोध करेगी किसान कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



केंद्र सरकार के हालिया दिनों कृषि खाद की दर में वृद्धि कर दी है। मोदी की सरकार में लगभग 58 फीसदी तक वृद्धि कर दिया गया है। आगामी खरीफ फसल सीजन के ठीक पहले खाद के दामो में वृद्धि से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई देने लग गया है। डीएपी खाद की कीमत 50 किलो के बैग में 700 रुपया एवम अन्य रासायनिक खाद की कीमत बढ़ने से किसान उद्वेलित होने लगे हैं।

किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रोहित सोनकर ने मीडिया को जारी विज्ञप्ति में कहा कि रासायनिक खाद में बेतहाशा वृद्धिकर किसानों के पेट मे लात मारने समान है। लॉकडाउन में मंडी व बाजार बंद होने के कारण किसानवर्ग रबी फसल को उचित मूल्य पर नही बेच पा रहे है। किसान नेता की माने तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने कहा था कि 2022 तक किसानों की आमदनी हम दुगनी करेंगे, अब आमदानी तो दोगुनी नही कर पा रहे है किंतु महंगाई जरूर दोगुनी कर रहे है।

श्रीसोनकर ने बताया कि डीएपी खाद खेती किसानी में होने वाली सबसे महत्वपूर्ण और ज्यादा खपत होने वाली खाद है। डीएपी के दाम बढ़ने से खेती की लागत मूल्य में कई गुना बढोत्तरी हो जाएगी। अब ऐसे में किसानों की आय दुगुनी कैसे होगी। मोदी सरकार किसानों को लेकर सदैव गलत नीति पर कार्य कर रही है। किसान कांग्रेस ने आगामी दिनों किसानों को लेकर मोदी सरकार का विरोध करने की बात कही है।

## केंद्र सरकार का किसान विरोधी चेहरा उजागर : राहुल तिवारी

**राजनांदगांव।** जिला कांग्रेस प्रवक्त। राहुल तिवारी ने केंद्र की मोदी सरकार और छत्तीसगढ़ के भाजपा सांसदो पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र कि मोदी सरकार द्वारा किसानों के हित में एक भी कार्य नहीं किया गया है। इस वक्त जब समूचा देश कोविड जैसे महामारी से जूझ रहा है, लॉकडाउन के कारण देश की जनता आर्थिक तंगी से परेशान है। ऐसे विपरीत समय में केंद्र सरकार द्वारा किसानों के खाद का रेट बढ़ाना किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि डीएपी, एनपीके, एमओपी के दाम बढ़ाये गए हैं जिसके परिणाम स्वरूप 1150 की डीएपी अब 1900 रुपये बोरी मिलेगी। वहीं 1285 की एनपीके 1747 में और 850 का एमओपी 1000 में मिलेगा। इस तरह सरकार ने एकमुश्त 58 प्रतिशत की वृद्धि कर अपने किसान विरोधी और कम्पनी परस्त नीतियों का खुला प्रदर्शन किया है। खाद का रेट बढ़ने से किसानों के सामने संकट की स्थिति पैदा हो सकती है। इससे खेती का खर्च भी बढ़ जाएगा। श्री तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार को फर्टिलाइजर कंपनियों की मनमानी पर अंकुश लगाते हुए मूल्य वृद्धि रोकना चाहिए। भारत कृषि प्रधान देश है। छत्तीसगढ़ की अधिकांश जनता किसान है। छत्तीसगढ़ की जनता ने केन्द्र की मोदी सरकार को छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से 9 लोकसभा सीटें भाजपा की झोली में दी है।



# जैन संगठना ने भेजा ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जैन संगठना राष्ट्रीय शाखा द्वारा प्रदेश शाखा को इस संक्रमण काल में मानव सेवा को ध्यान में रखते हुये ऑक्सीजन बैंक से प्राप्त ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर मशीन आबंटित की गई है। इसके तहत प्रदेश अध्यक्ष पंकज चोपड़ा व महासचिव मनोज लूंकड़ने रायपुर से एक मशीन राजनांदगांव जोन को भेजी है। जोन अध्यक्ष शांता कोटड़िया ने राजनांदगांव में मशीनों की पर्याप्त उपलब्धता के मद्देनजर उक्त मशीन डोंगरगढ़शाखा को प्रदान कर दी। इस मौके पर.जोन सचिव पीयूष बैद,चैप्टर अध्यक्ष ललित भंसाली, दीपक गिड़िया ,आकाश चोपड़ा ,दिलीप कोटड़िया उपस्थित थे। संगठना के प्रदेश में सात चेप्टर हैं और प्रदेश कार्यालय से सभी को एक-एक मशीन प्रदान की जा रही है।संगठना देश भर में दूरस्थ और ग्रामीण इलाकों में ऐसी दस हजार मशीन लगा रहा है ताकि आक्सीजन के लिए जूझते मरीजों को राहत मिल सके।

## घुमका क्षेत्र में चल रहा अवैध शराब का बड़ा कारोबार

**राजनांदगांव।** तमाम कार्रवाई से दूर आज भी कई गुना बड़े पैमाने पर ग्रामीण इलाकों में एमपी, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के शराब की कई पेटियां खपायी जा रही है। खबरों के अनुसार घुमका समेत क्षेत्र में तस्करों का एक बड़ा नेटवर्क सक्रिय बताया जा रहा है। औपचारिकता के नांम पर जनवरी के आखिरी सप्ताह में कुछ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई का महज दिखावा करने का आरोप भी पुलिस पर लगाया जा रहा है। इसके बाद फिर बेधड़क अवैध शराब बिकी का धंधा स्थानीय गली मोहल्लों में चल रहा है। सूत्रों के अनुसार घुमका में ही आधा दर्जन तस्करों का नेटवर्क अवैध शराब के काम में लिप्त हैं। खबर ये भी है कि छत्तीसगढ़ की शराब के खिलाफ कार्रवाई से आबकारी और पुलिस को भी परहेज है। समझा जा रहा है कि अफसरों को राजस्व की चिंता है। इस चक्क र मे काफी पहले से डम्प छत्तीसगढ़ की शराब को तस्कर आसानी से सम्बंधित अमलों की शह पर खपाने में लगे हैं।

## व्यापारियों ने कहा, सख्ती जरुरी लेकिन व्यापार नहीं होगा तो गरीब वर्ग भूखा मर जाएगा

# लॉकडाउन बढ़ाए तो भी व्यापार की छूट मिले, गरीब कामगारों की माली हालत हो चुकी है खराब

पायनियर संवाददाता ◄ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

कोरोना की दूसरी लहर थमती दिख रही है। संक्रमण दर में आ रही गिरावट एक बेहतर संकेत है। इसे देखते हुए व्यापारियों के अपने-अपने मत भी सामने आ रहे हैं। हालांकि अब भी ग्रामीण क्षेत्र में संक्रमण शहरी क्षेत्र की अपेक्षा बढ़ा हुआ दिख रहा है लेकिन व्यापारियों की मांग सामने आ रही है कि उन्हें लॉकडाऊन में राहत देते हुए सीमित समय के लिए व्यापार की छूट मिलनी चाहिए। हालांकि व्यापारी अब भी लॉकडाऊन को आगे बढ़ाने के हिमायती हैं।

गौरतलब है कि खैरागढ़ क्षेत्र में कोरोना मरीजों की तादाद कई दिनों बाद सौ से कम दर्ज की जा रही है। हालांकि अब भी यह आंकड़ा 50 से ऊपर ही बना हुआ है। 10 अप्रैल से लागू लॉकडाऊन को चार चरणों में 16 मई तक बढ़ाया जा चुका है। 10 मई को लॉकडाऊन के एक महिने पूरे हो चुके हैं और व्यापार और लोगों पर आर्थिक रुप से इसका काफी प्रभाव पड़ा है।

### लॉकडाऊन में आंशिक छूट दी जाए



लॉकडाउन से नगर में काफी हद तक राहत मिली पर गांव की स्थिती अभी भी चिंताजनक है। गांव में कोरोना फैल रहा है अगर लॉकडाऊन खुला तो गांव के लोग नगर आएंगे और फिर नगर में कोरोना फैल सकता है। लॉकडाऊन से बड़े व्यापारियों को उतना फर्क नही पड़ा पर छोटे व्यापारियों को काफी नुकसान हो रहा है। इसलिए सरकार पूरी छूट न देकर छोटे और जरूरी सामान बेचने वाले व्यापारियों को आंशिक छूट देकर राहत देते हुए लॉकडाऊन को आगे बढ़ाये।

**-नवीन जैन, मेडिकल व्यवसायी**

### व्यापारी वर्ग हताश हो चुका है



नगर में लॉकडॉउन में बड़े व्यापारी तो जैसे तैसे काम चला लिये पर छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारियों की हालत व्यापार के नुकसान से दयनीय है। पूरा व्यापारी वर्ग हताश हो चुका है, इसलिए सरकार को राहत के उपाय करने चाहिये। उन्होंने कहा कि अब तो नगर सहित पूरे जिले में कोरोना के केस कम हो चुके हैं। इसलिए सरकार व्यापारी वर्ग को अब लॉकडाउन में आंशिक छूट दे और कुछ नही तो प्रतिदिन सुबह 9 से 2 या 3 बजे तक व्यापार करने की सहूलियत मिले ताकि व्यापारी वर्ग को कुछ राहत मिल सके।

**-अशोक मूणोत,** अध्यक्ष व्यापारी संघ खैरागढ़

### गरीब वर्ग के लिए मुश्किलें बढ़ी

हर आदमी इतना सक्षम नहीं है कि सभी जरूरी सामानों का स्टॉक घर मे रख सके। गरीब और मध्यम वर्ग को लॉकडाऊन से ज्यादा परेशानी हो रही। दैनिक उपयोग के सामानों की बिक्री की छूट के साथ सरकार वर्तमान हालात को देखते हुये निर्णय ले या फिर हफ्ते में कुछ दिन या एक तय वक्त तक व्यापारी वर्ग को छूट दे। **-विनय जैन सोपू,** अनाज एवं किराना व्यवसायी



### कई परिवारों की माली हालत पतली



सरकार ने लॉकडाऊन ठीक किया पर अब इसको और ज्यादा बढ़ाने से व्यापारी को सिर्फ नुकसान ही होगा। व्यापार को अब और बंद रखना ठीक नहीं। अभी छोटे व्यापारियों की स्थिती बहुत खराब हो चुकी है। वहीं नगर के समस्त दुकानों में काम करने वाले कर्मचारियों के काम बंद होने से उनके परिवार की माली हालत भी खराब है। उन्होंने कहा अचानक बारिश होने से किसान झिल्ली, प्लास्टिक व तालपत्री के लिये भटक रहे हैं। इसलिए प्रशासन को शासकीय कर्मचारियों की निगरानी में कोविड नियमो का पालन करवाते हुए व्यापार करने के लिए समय निश्चित करना चाहिये।

**-हाजी नासिर मेमन,** कपड़ा व्यवसायी

### अब लॉकडाऊन नही बढ़ाना चाहिये



पूरे व्यापारी वर्ग और आम जनता भी बंद से परेशान है। इसलिए अब लॉकडाऊन नही बढ़ाना चाहिये। एक डेढ़ महीने से व्यापारी अपने घर में बैठे हैं। इसलिए पूरी अर्थव्यवस्था ही चरमरा गई है। इसलिए प्रशासन को कोरोना गाइड लाइन का कड़ाई से पालन करवाते हुये एक निश्चित समय सीमा निर्धारित कर व्यापार की छूट देनी चाहिये।

**-विजय फोटानी,** डेली नीड्स संचालक

### व्यापारी डेढ़ माह से परेशान हैं



व्यापारी वर्ग विशेषकर छोटे व्यापारियों की आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो चुकी है इसलिए लॉकडाऊन खुल जाना चाहिये। खैरागढ़ का हृदय स्थल गोलबाजार और बक्सीमार्ग कंटेनमेंट जोन बनने की वजह से 1 अप्रैल से बंद है। इसके कारण सभी व्यापारी डेढ़ माह से परेशान हैं। बैंकों में लेनदेन का कार्य बंद होने की वजह से व्यापारियों का पैसा जमा नहीं हो रहा वही सरकार को भी टैक्स का नुकसान हो रहा। वही गांव- गांव में कोरोना केस बढ़ने के बाद कंटेनमेंट जोन बनने से समस्त निर्माण कार्य ठप्प पड़ा है। जिसकी वजह से हार्डवेयर व्यवसाय भी पूरी तरह से चौपट हो गया है।

**-प्रबल खत्री,** हार्डवेयर व्यवसायी

क्विक न्यूज

## बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने किया कोरोना वैक्सिनेशन केंद्र का दौरा



**बेमेतरा।** विधायक आशीष छाबड़ा ने बेमेतरा में चल रहे वैक्सिनेशन केंद्रों का जायजा लिया तथा व्यवस्था देखी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए उनसे वैक्सिनेशन केंद्र के बारे में जानकारी ली जिसमे प्रतिदिन कितने लोग वैक्सीन लगाने पहुंच रहे है लोग अपनी बारी आने की प्रतीक्षा सोसल डिस्टेंस का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं साथ साथ विधायक ने केंद्र में किसी चीज की कमी तो नहीं है इसकी जानकारी ली साथ ही उपस्थित अधिकारियों को महिला एवं पुरुषों से लिए दो नये वैक्सिनेशन केंद्रों बनाने के भी निर्देश दिए जिससे आम जन को वैक्सिनेशन में आसानी हो सके।

# अड़भार के गुमशुदा युवक की पतासाजी को लेकर मोहल्लेवासियों ने घेरा पुलिस थाना

- पुलिस की लाख समझाइश के बावजूद प्रदर्शनकारी डटे रहे धरना प्रदर्शन पर

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिले के मालखरौदा विकासखंड के नगर पंचायत और अड़भार के 21 वर्षीय युवक ठाकेन्द्र देवांगन पिता शिवदयाल देवांगन विगत 29 अप्रैल 2021 से बिना किसी जानकारी के एवं घरवालों को सूचना दिए ही गायब हो गया, तथा परिवार वालों ने गुमशुदा युवक की गुमशुदगी की सूचना पुलिस चौकी और अड़भार में दर्ज कराई थी किंतु दिनांक 10 मई तक उपरोक्त युवक की जानकारी न लगने को लेकर अड़भार शहर वासियों एवं मोहल्ले वासियों ने पुलिस चौकी और अड़भार में सुबह पहुंचकर चौकी का घेराव कर दिया, तथा पुलिस चौकी के सामने महिलाओं ने भारी संख्या में सड़क पर ही दरी बिछाकर बैठते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुलिस पर गुमशुदा युवक की तलाश में लापरवाही करने का आरोप लगाया तथा मौके पर उपस्थित पुलिस चौकी अड़भार के प्रभारी ने धरने में बैठी महिलाओं को लाख समझाने की कोशिश की तथा चौकी प्रभारी ने बताया कि उनके द्वारा परिवार जनों एवं प्रार्थी द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है एवं गुमशुदा युवक सहित उसके अन्य संपर्क के लोगों के मोबाइल कॉल को भी ट्रेस कर कार्रवाई की जा रही है, किंतु आज पर्यंत तक इस बारे में जानकारी नहीं लगी है, एवं पुलिस प्रशासन निरंतर इस दिशा में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही है, किंतु इसके बावजूद धरना प्रदर्शन एवं थाने के घेराव में पहुंची महिलाएं मानने के लिए तैयार नहीं हुई तथा उन्होंने लगातार पुलिस प्रशासन पर गुमशुदा युवक ठाकेन्द्र देवांगन की तलाशी में लापरवाही की बात कहते हुए जमकर हंगामा मचाया तथा सड़क पर ही पुलिस प्रशासन का अमला एवं प्रदर्शनकारी अनेकों देर तक डटे रहे पुलिस समझाती रही किंतु प्रदर्शन कारी किसी भी बात को मानने की स्थिति में नहीं थे एवं प्रदर्शनकारियों का कहना था कि ठाकेन्द्र देवांगन जो कि पूरे मोहल्ले का दुलारा युवक था एवं वह 29 अप्रैल से लापता है तथा उसके परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है तो वही अगर पुलिस प्रशासन पूरे मामले की गंभीरता से जांच करें तो उसकी जानकारी लग जाएगी किंतु वहीं दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि उन्होंने अपनी स्वयं की कार्यवाही के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी उपरोक्त गुमशुदा युवक के बारे में सूचना प्रसारित की है, किंतु इसके बावजूद पुलिस को आज दिनांक तक सफलता हाथ नहीं लगी है, किंतु इसके बावजूद पुलिस पूरे मामले की अपने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश में गंभीरता से जांच करने में लगी हुई है।

## खुले दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए किया जा रहा है सील और किया जा रहा है जुर्माना



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लॉकडाउन का खुला उल्लंघन करने वालों के ऊपर ताबड़तोड़ कार्यवाही प्रतिदिन पुलिस प्रशासन और नगर पालिका के टीम द्वारा किया जा रहा है इसके तहत बेमेतरा नगर के पुराना बस स्टैंड घड़ी चौक में मास्क ना पहनने के कारण निरंतर कार्रवाई करने शासन के निर्देशों के पालन मे डीएसपी तोमेश वर्मा के साथ न.पा. के सहायक ग्रेड 3 योगेंद्र साहू के साथ मिलकर मास्क नहीं पहनने वालों सोशल डिस्टेंस पालन नहीं करने एवं 2ः00 बजे के बाद दुकान खुला रखने वाले के ऊपर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए रविवार को 15लोगों के ऊपर 6900 रुपया समझौता शुल्क लिया गया एवं मच्छी मार्केट सिंघोरी पर बलराम किराना स्टोर मंगल निषाद मोनू ढीम के ऊपर एक हजार अर्थदंड लेकर दुकान सील किया गया सोमवार को भी सुबह से कार्रवाई करते हुए सदर रोड काबरा कांप्लेक्स डीके जनरल स्टोर बजाज बर्तन दुकान एवं बजाज जनरल स्टोर भागवत चप्पल दुकान मे कूल 4700समझौता शुल्क लेकर दुकान सील करने की कार्रवाई किया गया 13 दुकानों मे चलानी कार्यवाही किया गया विशेष डीएसपी वर्मा द्वारा अपनी वाणी से सरलता पूर्वक कह रहे थे कि शासन प्रशासन के निर्देशों अनुसार नियमों का पालन करते हुए सब्जी फल दुकान समय पर बंद करें व मास्क लगावे सोशल डिस्टेंस का पालन करने की अपील किया एवं लॉकडाउन का पालन करने आवश्यक सुझाव दिया कार्रवाई के दौरान न.पा. से सहायक राजस्व निरीक्षक संतोष वर्मा मारकंडे साहू दुष्यंत राव उपेश सोनी भगवान अशोक वर्मा अर्जुन यादव अशोक ठाकुर पुलिस विभाग से इंद्रजीत पांडे कार्रवाई के दौरान उपस्थित थे।

## उड़ीसा में कोविड विशाखापट्टनम-रायपुर-विशाखापट्टनम स्पेशल एक्सप्रेस का परिचालन रद्द

**बिलासपुर।** कोविड-19 के प्रसार की रोकथाम के मद्देनजर उड़ीसा में की जा रही लॉक डाउन के मद्देनजर विशाखापट्टनम एवं रायपुर के मध्य चलने वाली स्पेशल का परिचालन दिनांक 08, 09, 15 एवं 16 मई% 2021 को रद्द किया गया था एवं *इसी क?ी में इस गा?ी का परिचालन दिनांक 10 एवं 11 मई% 2021 को भी रद्द किया गया है* । रद्द होने वाली इन ट्रेनों की विस्तृत जानकारी इस प्रकार है। 08528 विशाखापट्टनम-रायपुर, स्पेशल एक्सप्रेस दिनांक 10 एवं 11 मई 2021 को भी रद्द रहेगी। 08527 रायपुर-विशाखापट्टनम, स्पेशल एक्सप्रेस दिनांक 10 एवं 11 मई 2021 को भी रद्द रहेगी।

# 8 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब कुल 400 पौवा एवं 1 कार के आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग पटेल के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा विमल कुमार बैस एवं एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत दिनांक 08 व 09.05.2021 को दरम्यिानी रात्रि में थाना बेमेतरा स्टाफ को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि सफेद रंग के कार क्रमांक ष्टत्र 22 ञ्ज 8375 में दो व्यक्ति सवार होकर अवैध रूप से बिक्री हेतु शराब लेकर ग्राम खुडमुडी बाबामोहतरा की ओर परिवहन कर ले जा रहे है कि सूचना पर थाना बेमेतरा स्टाफ गवाहो के साथ ग्राम खुडमुडी भैसा मोड शीतला मंदिर के पास एम्बुस लगाकर कार के आने पर रोका जो भागने का प्रयास कर रहे थे जिसे घेराबंदी कर पकडा गया। आरोपी 1. राजू साहू पिता नीलकमल साहू उम्र 21 साल साकिन टेहका 2. चेतन साहू पिता गैंदराम साहू उम्र 39 साल साकिन दतरेंगा थाना भाठापारा ग्रामीण जिला बलौदाबाजार के कार को चेक करने पर कुल 08 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब कुल 400 पौवा (69,120द्बद्य) किमती 42,240/- रूपये एवं 01 कार कीमती करीबन 8 लाख रूपये कुल जुमला 8,42,240/- रूपये को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत जप्त कर कार्यावाही किया। उपरोक्त कार्यवाही थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक राजेश मिश्रा के नेतृत्व में सउनि कवल सिंह नेताम, सउनि अरविंद शर्मा, आरक्षक रविन्द्र तिवारी, रामेश्वर मांडले, ज्ञानेश्वर शुक्ला आरक्षक संदीप साहू, जितेन्द्र वर्मा, हेमंत वर्मा एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भुमिका रही।

# बिलासपुर को मिली 23000 वेक्सिन, बर्जेश में 400 बाकी जगह दो-दो सौ

- पत्रकारो और वकीलों के लिये अलग बनाया जाये वेक्सिन केन्द्र : विधायक

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



नगर विधायक शैलेश पाण्डेय ने स्वास्थ्य मन्त्री टी एस सिंहदेव से कल चर्चा किया था जिसमे बिलासपुर मे आने वाली वेक्सिन की मांग ब?ाई जाये, इस पर चर्चा किया था इस पर शासन ने बिलासपुर को 23000 वेक्सिन उप्लब्ध करवाया। ज्ञात हो मुख्यमंत्रीजी भूपेश बघेल ने केन्द्र सरकार से 18+ वेक्सिन की मांग किया था , वेक्सिन की कमी होने के कारण युवा रोज वापस जा रहे थे। नगर विधायक शैलेश पाण्डेय युवाओ की मांग पर मन्त्री से चर्चा किया और अधिक वेक्सिन बिलासपुर को मिले, बात रखी थी। इस पर बिलासपुर को 23000 वेक्सिन मिला है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर मनोज सेमुअल से चर्चानुसार आज बर्जेश स्कूल मे 400 टीके भेजे गये है और बाकि जगह 200-200 टीके भेजे गये है जिससे ज्यादा युवाओ को टीका लग सके।

### पत्रकारों और वकीलों के लिये बनेगा अलग टीका केन्द्र

नगर विधायक शैलेश पाण्डेय ने बिलासपुर कलेक्टर सारांश मित्तर और टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर मनोज सेमुअल से कहा है कि शहर मे पत्रकार जो दिन रात मेहनत करके जनता को खबरे देते है उनकी सेवा और समय को ध्यान रखते हुए उनको उनके लिये अलग टीका केन्द्र बनाया जाये ताकि उनको सुविधा हो सके। ज्ञात हो कुछ दिनो पूर्व नगर विधायक शैलेश पाण्डेय ने मुख्यमंत्रीजी और स्वास्थ्य मन्त्री से इसको लेकर अपनी मांग रखी थी जिस पर उनकी मांग को पुरा किया गया। विधायक ने मुख्यमंत्रीजी को आभार ज्ञापन भी किया।

## कलेक्टर ने किया मितानिनों को मास्क, सैनिटाइजर, दवाई किट, ग्लव्स, गम बूट का वितरण

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर शिव अनंत तायल ने आज जिला मुख्यालय बेमेतरा के शासकीय कन्या शाला बेमेतरा और नगर पंचयत नवागढ़ एवं मारो के वैक्सीनेशन केन्द्र का जायजा लिया साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा शासकीय बालक मीडिल स्कूल नवागढ़ में चल रहे वैक्सिनेशन केन्द्र का निरिक्षण किया गया। निरीक्षण करने के बाद जनपद पंचायत भवन में मितानिनों को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में निवासरत नागरिकों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तायल द्वारा नवाग? में मितानिनों को मास्क, सैनिटाइजर, दवाई किट, ग्लव्स, गम बूट प्रदान किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री दुर्गेश कुमार वर्मा उपस्थित थे। श्री तायल ने मितानिनों को अपने-अपने क्षेत्र में सर्दी, खांसी, बुखार जैसे इन्फ्लूएंजा लाइक लक्षणों वाले लोगों की पहचान कर उनका कोरोना टेस्ट अनिवार्यतः कराने के निर्देश दिए। श्री तायल ने संक्रमित पाए गए लोगों के सम्पर्क में आए दूसरे लोगों की 12 घंटे के भीतर पहचान कर उनका अनिवार्यतः कोविड टैस्ट कराने के लिए भी कहा। सम्पर्क में आए लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर स्थिति के अनुसार उन्हें कोविड अस्पताल या होम आईसोलेशन में रहकर कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए ईलाज कराने के निर्देश दिए। श्री तायल ने मितानिनों को कोविड के लक्षणों के बारे मे भी बताया। उन्होने कहा कि गावों मे फिल्ड विजिट के समय मितानिन मास्क एवं सेनेटाईजर का अवश्य उपयोग करें ताकि वे सुरक्षित रहे साथ ही वे कोरोना से बचाव के लिए लोगों को भी मास्क पहनने, हाथों को धोते रहने, सेनेटाईजर का उपयोग तथा कोविड प्रोटोकॉल और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अधिक से अधिक करने हेतु प्रेरित करें साथ ही कोरोना की वैक्सीन लगवाने हेतु अपने आस पास के लोगों को भी प्रेरित करें। कलेक्टर के निर्देशानुसार तहसीलदार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवागढ़ द्वारा नगर पंचायत नवागढ़ क्षेत्र में घर घर जाकर लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया गया।

## लॉकडाउन में संपत्ति संबंधी अपराधों पर भी अंकुश लगाने का प्रयास

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



तोरवा मे 9 अप्रैल को अपराध क्रमांक 161 /2021 धारा 457 380 आईपीसी प्रार्थी विजय कुमार धीवर पिता स्वर्गीय संतराम धीवर उम्र 45 साल पता कृष्णा नगर देवरीखुर्द द्वारा उनके घर मे मशरूका 1 सीलिंग फैन ,पंप, केबल तार ,3 नग कास का लोटा जुमला कीमती 25000 तथा थाना तोरवा मे अपराध क्रमांक 93 /2021 धारा 457 380 भा द वि प्रार्थी भागचंद बजाज पिता स्वर्गीय सेवाराम बजाज उम्र 48 साल साकीन तोरवा धान मंडी देवरीखुर्द द्वारा मार्च 2021 मे मसरूका 29 नग स्टील का नल जुमला कीमती ?9000 चोरी होने ?ी रिपोर्ट द? कराई गई. वरिष्ठ अधिकारिओ द्वारा लॉक डाउन मे अवैध कार्यो व असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश सभी थाना प्रभारिओ को दिया गया था. इसी के परिपलन मे मुखबिर सुचना पर तोरवा पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दोनों चोरिओ को ट्रेस करने मे सफलता पाई. जिसमे चोरी गई संपत्ति के साथ दो अपचारी बालको को विधिवत गिरफ्तार किया गया व बाल न्यायालय पेश किया गया। कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरीक्षक परिवेश तिवारी के साथ स उ नि भरत राठौर,प्र आर निर्मल घोष, प्र आर धनेश साहू, आर गोविन्द शर्मा आदि स्टाफ शामिल थे।

## वयोवृद्ध दम्पत्ति ने लगवाई कोविड की दूसरी डोज

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



वैश्विक महामारी कोविड-19 कोरोना संक्रमण के निरंतर वृद्धि को देखते हुए कोराना वायरस के नियंत्रण एवं बचाव हेतु जीले मे टीकाकरण किया जा रहा है । इसी क्रम में आज कोविड 19 टीकाकरण केन्द्र शासकीय कन्या शाला बेमेतरा मे 88 वर्षीय वार्ड नं 07 बेमेतरा निवासी जीवधन प्रसाद तिवारी सेवा निवृत्त प्रधान पाठक व गौरी बाई 85 वर्षीय ने दूसरी टीकाकरण अभियान मे भाग लेने प्रोत्साहित किए व अपिल करते हुए कहा कि इससे हमे कोरोना वैश्विक महामारी से लडने मे सहायता मिलेगी। बुजुर्ग दंपत्ति ने कहा कि टीका लगवाने से डरने की कतई आवश्यकता नहीं है, टीका पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होने कहा कि टीका लगवाने के बाद भी अनिवार्य रूप से मास्क लगाना, सोशल डिस्टेंसिंग और हाथों की स्वच्छता जैसे निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। छत्तीसगढ़ में कोरोना की दूसरी लहर के चलते संक्रमण की रफ्तार बढ़ती जा रही है। इसे रोकने के लिये सरकार लगातार लोगों से टीकाकरण की अपील कर रही है। उन्होने ने कहा कि नागरिक आगे आएं और कोरोना का टीका लगवाएं। कोरोनो वायरस से बचाव के लिए टीका लगवाना जरूरी है।

सरपंचों की अध्यक्षता में पांच लोगों की टीम बनाई जाए जो रेंडम परीक्षण करें

# कोरोना टीकाकरण को लेकर भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक प्रवीण कुमार दुबे ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दिए महत्वपूर्ण सुझाव

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



पूरे प्रदेश में कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप और उससे काफी तादाद में प्रभावित हो रहे नागरिक एवम अस्पतालों में उपचार की अपर्याप्त व्यवस्था को देखते हुए भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के सह संयोजक प्रवीण कुमार दुबे ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखकर महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए है । श्री दुबे ने मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में कहा है कि छत्तीसगढ़ में कोरोना महामारी बहुत ज्यादा मात्रा में फैल रहा है उसके लिए निम्नलिखित उपाय किए जाए जिससे कोरोना के संक्रमण को नियंत्रण किया जा सके । ट्रेसिंग ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत को और शहरी क्षेत्रों में वार्ड को माइक्रो जोन बनाए जाए एवं पंचायत स्तर मे सरपंचों की अध्यक्षता में चार पांच लोगों की टीम बनाया जाए जिसमें सरपंच पंच सचिव एवं मितानिन हो और नगरीय क्षेत्र में पार्षदों की अध्यक्षता में टीम बनाई जाए ।यह टीम अपने अपने क्षेत्र में घर घर जाकर प्रत्येक नागरिक का रैंडम परीक्षण करें और समय फोटोग्राफ भी ले या परीक्षण चार दिनों के अंतर दो-तीन सप्ताह तक किया जाए जिससे कोरोना के संक्रमण को रोका जा सके। नियंत्रण होने के पश्चात एक माह में यह परीक्षण होता रहे जिस से भविष्य में कोरोना की तीसरी लहर भी नियंत्रित रहे । उपरोक्त कार्य को संपादित करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर मूलभूत योजना एवं शहरी क्षेत्रों में पार्षद विकास निधि का उपयोग किया जाए जिससे सरकार पर आर्थिक बोझ कम पड़ेगा । टेस्टिंग- ग्राम पंचायत स्तर के लिए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को एवं नगरीय क्षेत्रों में सीएमओ ,नगर निगम के कमिश्नर को जोन अधिकारी बनाया जाए दोनों प्रकार के अधिकारी समन्वय बनाकर उनके कार्यों का सतत निगरानी करें। ट्रेसिंग टीम के द्वारा संदेही मरीजों की जानकारी अपने जोन अधिकारियों को दें और जोन अधिकारी स्वास्थ्य परीक्षण स्थल तक मरीजों को पहुंचाने का प्रबंध कर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करें ।प्रदेश के बहुत से क्षेत्रों में ऐसा देखा गया है कि संदेही मरीजों के द्वारा अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार भी किया जाता है ऐसी स्थिति में ट्रेसिंग एवं टेस्टिंग टीम की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए ।संदेही मरीजों का लक्षण के आधार पर डॉक्टर परीक्षण करें एवं आवश्यक हो तो कोरोना टेस्ट करें या अन्य किसी बीमारी का लक्षण हो तो अन्य बीमारी का टेस्ट करें। क्योंकि प्रदेश में कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि वायरल फीवर या अन्य साधारण फ्लू वाले मरीज भी कोरोनावायरस का टेस्ट कराने के लिए लाइन में लगते हैं जिसके कारण संक्रमण और ज्यादा फैल रहा है साथ ही कोरोना टेस्टिंग कराने के लिए कीट की कमी भी हो रही है। इलाज प्रदेश के हर विकासखंड स्तर पर कोविड-19 अस्पताल का संचालन करना सुनिश्चित करें जिससे जिला मुख्यालय के हॉस्पिटल में मरीजों का दबाव कम किया जा सके एवं आसानी से सभी मरीजों के लिए बेड एवं अन्य सुविधा सुनिश्चित किया जा सके ।होम आइसोलेशन में रहने वाले करो ना मरीजों के घर वालों में भी संक्रमण पहनते देखा गया है क्योंकि अधिकांश मरीजों का मकान छोटा

## भारी मात्रा में शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सरकण्डा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोपका के आवास पारा में अवैध शराब (महुवा)को घर मे बनाकर आस पास शहर में बेचने के फिराक में एक व्यक्ति भारी मात्रा में महुआ शराब रखा हुआ है । और लाकडाउन का फायदा उठाकर चोरी छिपे शहर में महुआ शराब की बिक्री करने निकलने वाला है। कि मोपका आवासपारा निवासी कमलेश वर्मा पिता सुंदर लाल वर्मा उम्र 45 को सफेद की एक प्लास्टिक की सफेद बोरी में 3 जरीकेन महुआ शराब हाथ भटटी से बना हुआ शराब के साथ पुलिस ने उसकी घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया । आरोपी से पूछताछ करने पर बताया कि वह शराब को बिक्री करने के लिए यह शराब अपने पास रखा था । थाना प्रभारी जे पी गुप्ता ने बताया कि अवैध शराब बिक्री की जानकारी मिलने के तुरन्त बाद क्षेत्र की घेराबंदी कर आरोपी कमलेश वर्मा को मोपका स्थित आवासपारा से गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट 34( 2) धारा लगाकर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया हैं ।

# कलेक्टर महोबे की अनूठी पहल-प्रदेश में पहली बार सरकारी धन का उपयोग किये बिना 42 बेड ऑक्सीजनयुक्त कोविड सेंटर बनकर हुआ तैयार

## हम केवल अपने सर्विसेस से लोगों की मदद ही नहीं कर सकते, बल्कि इस तरह का इंफ्रास्ट्रक्चर भी बनाकर लोगों को देने की इच्छाशक्ति रखते हैं : जनमेजय महोबे

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

पायनियर विशेष








जिले के कलेक्टर जनमेजय महोबे कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए कितने गंभीर और चिंतित हैं। यह सभी जानते हैं। रोजाना स्वास्थ्य एवं अन्य प्रमुख विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर बीते और आने वाले 24 घँटे की समीक्षा लगातार कर रहे हैं। जरूरत होने पर आवश्यक दिशा निर्देश भी दे रहे हैं। इसी कड़ी में एक बार फिर कलेक्टर जनमेजय महोबे की अनूठी पहल सामने आई हैं। जिसकी प्रशंसा प्रदेश भर में हो रही हैं। कलेक्टर जनमेजय महोबे के नेतृत्व में जिला अधिकारियों ने बिना सरकारी मदद के 42 आक्सीजन बेडेड अस्पताल तैयार किया गया हैं। जिसका निरीक्षण और जायजा लेने सोमवार को कलेक्टर महोबे पहुचें। जहाँ गणेश जी की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर कलेक्टर ने कोविड मरीजों के लिए इसे शुरू करने के निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह मीणा, जिला पंचायत सीईओ लोकेश चन्द्राकर, आदिवासी विभाग की सहायक आयुक्त माया वारियर, सीएमएचओ जेपी मेश्राम, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक दीवान, सुब्रत प्रधान, एसडीएम रामसिंह ठाकुर, तहसीलदार रश्मि वर्मा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शिशिर सोनी, सिविल सर्जन डॉ. देवदास सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय हो कि जिले में कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को दृष्टिगत रखकर कलेक्टर जनमेजय महोबे द्वारा जिले में अधिकारी-कर्मचारियों के साथ मिलकर 42 बेडेड आक्सीजन युक्त कोविड केयर सेंटर की सुविधा जिला चिकित्सालय को उपलब्ध कराई गई है। 42 बेडेड ऑक्सीजन युक्त कोविड सेंटर का निर्माण जिला चिकित्सालय परिसर में स्तिथ गर्ल्स हॉस्टल में किया गया हैं। कलेक्टर के मार्गदर्शन में 12 दिन में निर्मित इस आक्सीजन युक्त कोविड केयर सेंटर में विशेष खासियत यह है कि यहां जम्बो सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराए गए है। ताकि किसी भी स्थिति में आक्सीजन की कमी न हो। यह आक्सीजन युक्त कोविड केयर सेंटर निर्मित हो जाने के बाद बालोद जिले में कोविड पीडितों को राहत मिलेगी। जिले के मरीजों को बाहर इलाज हेतु नहीं जाना होगा तथा जनहानि में कमी आयेगी।

### जिले के हेल्थ सेक्टर में होगा मील का पत्थर साबित

आक्सीजन पाइप लाईन, जनरेटर सहित कोविड केयर सेंटर कलेक्टर जनमेजय महोबे एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह मीणा की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग को सौंपा गया। आपको बता दे कि इसमे किसी भी तरह की शासकीय राशि का उपयोग में नहीं लाया गया है। उल्लेखनीय है कि कोरोना के केस बढने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा अनेक व्यापारी एवं अन्य संगठनों को कोविड केयर हेतु आगे आकर मदद करने की अपील की गई थी। इसके बाद जिले के कई संगठनों से निःशुल्क सेवा, आक्सीजन सिलेण्डर प्रदाय, आक्सीमीटर-थर्मामीटर प्रदाय, सीटी स्केन निःशुल्क सुविधा, कोविड मरीजों हेतु एम्बुलेंस आदि मदद दी गई है। जिसमें 72 बेड का भी कोविड केयर सेंटर संचालित है। इसी कड़ी मे कलेक्टर के अनूठी पहल पर अधिकारियों-कर्मचारियों के सामुदायिक प्रयास से यह कार्य संपादित हुआ। जो जिले के हेल्थ सेक्टर में मील का पत्थर साबित होगा। जो कि कोविड केयर सेंटर में कोविड इलाज एवं भविष्य में कोविड के तीसरी लहर आने पर बहुत अधिक उपयोगी साबित होगा।

### 42 बेड में पर्याप्त ऑक्सीजन कि सुविधा, जम्बो सिलेंडर की है व्यवस्था- महोबे

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने पायनियर को चर्चा में बताया कि जिला हॉस्पिटल परिसर में एक पुराना हॉस्टल था। जहाँ पर हम लोगो ने सभी अधिकारीयों के साथ मिलकर तय किया की, यहाँ पर चूँकि हमारे यहाँ होली के उपरांत केसेस बढ़ रहे थे। तो दूसरे जिलों में हमे ऑक्सीजन बेड नहीं मिल पा रहा था। तो हमे पैरलर शासकीय व्यय पर बेड बढ़ाना था। हम बढ़ा रहे थे। इसके अलावा कई लोगो ने यहाँ पर कोविड केयर भी खोला जन सहयोग के माध्यम से लेकिन यहाँ ऑक्सीजन बेड की आवश्यकता थी और स्पशेली ऑक्सीजन बेड ही नहीं उसमे ऑक्सीजन सिलेंडर जिसमे ऑक्सीजन की मात्रा की पूर्ति हो। तो हम सभी अधिकारियों ने ऐसे तय किया और इसे निर्मित किया हैं। महोबे ने आगे बताया कि इस कोविड सेंटर में 12 कमरों में लगभग 42 बेड है। इसको हमने हेल्थ डिपार्टमेंट को हैंडओवर कर दिया है। इसमें जेनरेटर की भी सुविधा है। सिलेंडर्स भी है ताकि किसी भी स्थिति में सिलेंडर की कमी ना हो। जम्बो सिलेंडर है। ऑक्सीजन की किसी भी तरह से कमी न जाये और हम कोशिश कर रहे हैं कि न केवल यहाँ के जिला प्रशासन के अधिकारी बल्कि बालोद की जनता, यहाँ की सामाजिक संस्थाएं हैं, यहाँ की व्यापारिक संस्था हैं किसी न किसी तरीके से मदद कर रहे हैं। कोविड-19 के इंफ्रास्ट्रक्टर के डेवलपमेंट पर शासन से हमे काफी मदद मदद मिल रही है। और ऐसा करके हम कोशिश कर रहे हैं कि हमारे पास कैसे भी करके जिले में 400 बेड ऑक्सीजन युक्त की सुविधा रहे। ताकि भविष्य में किसी भी तरह की अगर कोविड का थर्ड वेव भी आता है तो किसी भी तरह की इंफ्रास्ट्रक्टर में कोई कमी न जाये।

### कर्मचारी भी इन्वॉल्व होते गए और ये काम हो गया- महोबे

महोबे ने कहा कि जिले भर से जब सारे लोग यहाँ पर सामने आ रहे हैं। तो हमारे सभी अधिकारियों ने सोचा हमने सोचा कि इसको हमको करने की आवश्यकता है। हम केवल अपने सर्विसेस से लोगो की मदद नहीं कर सकते हैं। बल्कि इस तरह का इंफ्रास्ट्रक्चर भी बनाकर लोगो को देने की इच्छाशक्ति रखते हैं। बल्कि किया भी है। कुछ इनिशियल स्टेज में स्टार्ट किया। फिर लोग जुड़ते चले गए केवल अधिकारी ही नहीं बल्कि कर्मचारी भी इन्वॉल्व होते गए और ये काम हो गया।

### जिले अब कुल 339 ऑक्सीजन बेड की है सुविधा- महोबे

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आगे कहा कि हम ऑक्सीजन बेड की संख्या इस आधार पर बढ़ा रहे हैं। जितना हमे ऑक्सीजन उपलब्ध हो सके। हमारे पास जैसे-जैसे जम्बो सिलेंडर की व्यवस्था होती है। उसके एकार्डिंग हम ऑक्सीजन बेड की व्यवस्था करते हैं। क्योकि अगर हम ऑक्सीजन बेड बना देंगे और ऑक्सीजन नहीं मिल पायेगी पाइप लाइन के माध्यम से। उसके रेफिलंग की प्रॉपर व्यवस्था नहीं हुई। तो ये कोई मतलब का नहीं होगा। हम इसे उसी आधार पर धीरे-धीरे बड़ा रहे हैं। जिस आधार पर हमे सिलेंडर मिलते जा रहे हैं। जिस आधार पर हम सिलेंडर के माध्यम से ऑक्सीजन की पूर्ति कर सके। अभी वर्तमान में हमारे पास 339 ऑक्सीजनयुक्त बेड हो चुके हैं।

---

# दुबेलिया तेली साहू समाज ने अपने स्वजातीय परिवारों की मदद की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



दुबेलिया तेली साहू समाज ने इस संकट काल में अपने उन स्वजातिय परिवार जो रोजी मजदुरी कर अपना परिवार चलाते हैं जिनका काम बंद है और ऐसे परिवार जिनकी बेटीयो का विवाह हो ससुराल चली गई है बुजुर्ग माता पिता अकेले घर में रहते है उनको थोडा मदद करने का प्रयास किया गया। रायपुर समाज के अध्यक्ष मनोज साहू ने बताया कि समाज के स्वजातिय बन्धूओ के बीच एक मुहिम चलाया गया 'अपनो के सहयोग के लिए आगे बढे' जिसमें 51 स्वजातिय बन्धूओ ने 33440 रु आपस में एकत्र कर रामनगर, रामकुंड, मंगल बाजार, कुकुर बेडा, कोटा, राजातालाब, पंडरी, व नरदाहा मे निवासरत 39 स्वजातिय परिवारो का चिन्हाकित कर 32000 रू का आर्थिक सहयोग और सुखा राशन 125 किलो आटा, 100 किलो आलू, 100 किलो प्याज़, 60 किलो शककर व सोयाबीन बडी व लसुन का का पैकेट बना उनके घरो मे पहुच सहयोग अर्पण कर इस विपत्ति के समय समाज ने अपनो को थोडा राहत पहुचाने का प्रयास किया इस कार्य से आपसी भाईचारा व विशवास और मजबूत हुआ है। अध्यक्ष मनोज साहू ने सभी सम्मानिय स्वजातिय दान दाताओ सहित समाज के द्वारा किये गये इस प्रयास को देख इस पुनित कार्य मे अपना सहयोग प्रदान करने वाले व्यपारी राजेश अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, कान्हा, रिकू सिंह, व् मुकुंद पारेख जी को धन्यवाद प्रेषित किया और निस्वार्थ भाव से लोगों के घरो तक पहुँच सेवा करने वाले केंद्रीय पदाअधिकारी उत्तम साहू घरम पाल, रायपुर समाज के वरिष्ठ राम प्रसाद भोला, राधे दिलीप, मनीष सालिक, सुरेश, दीपक, बोधन जी युवा प्रकोष्ट के हेमंत, बंटी भुनेश्व, अमीत, तुलेन्द्र अशवनी, दिनेश, सहित महिला प्रकोष्ट का भी आभार व्यक्त किया।

---

# अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस: छत्तीसगढ़ में 22 मई को 4 क्षेत्रों में 8 व्यक्ति तथा संस्था होंगे पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संसाधनों तथा जैवविविधता से संपन्न राज्य है। इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन मंत्री मोहम्मद अकबर के दिशा-निर्देशन में छत्तीगसढ़ राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा 'जैवविविधता पुरस्कार' का संचालन किया जा रहा है। इस तारतम्य में छत्तीसगढ़ राज्य में जैवविविधता के प्रचार-प्रसार तथा इसके संरक्षण में बेहतर कार्य कर रहे व्यक्ति तथा संस्था को प्रोत्साहित करने और जन-जन में जैवविविधता के मूल्य को पहुंचाने के उद्देश्य से पुरस्कार दिया जाता है। इसके तहत प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस 22 मई को उक्त पुरस्कार वितरित किया जाता है। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा 4 विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत कुल 8 पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके चयन के लिए संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थानों से जैव विविधता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के विस्तृत विवरण एवं फोटोग्राफ्स के साथ 20 मई 2021 तक छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड कार्यालय में प्रस्ताव मंगाया गया है। यह प्रस्ताव ई-मेल cgmsbdb@gmail.com में भी प्रेषित किया जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नं. 99770-82820 में संपर्क किया जा सकता है। इस संबंध में वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि यह पुरस्कार जैवविविधता के संरक्षण तथा प्रबंधन और विलुप्त होने वाले प्रजातियों को बचाने की ओर एक कारगर कदम साबित होगा। साथ ही जैवविविधता समितियां अपने जैव संसाधनों का पारंपरिक ज्ञान स्थानीय लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए तथा जैव विविधता के संरक्षण और पोषणीय उपयोग के लिए प्रोत्साहित होगी। पुरस्कार के संबंध में जानकारी देते हुए प्रधान मुख्य वन संरक्षक तथा वन बल प्रमुख राकेश चतुर्वेदी ने बताया कि इसके तहत प्रत्येक वर्ष दो व्यक्तियों तथा छह संस्थाओं अथवा बी.एम.सी. समितियों को पुरस्कृत किया जाता है। इनके विजेताओं को प्रमाण पत्र तथा प्रति व्यक्ति 25 हजार रूपए की राशि और संस्थाओं को 50 हजार रूपए की राशि वितरित की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य जैवविविधता बोर्ड के सदस्य सचिव अरूण कुमार पाण्डेय ने बताया कि पुरस्कार के लिए 4 क्षेत्रों के अंतर्गत वन्य प्राणियों का संरक्षण तथा पालतू प्रजातियों का संरक्षण और जैव संसाधनों का पोषणीय उपयोग को चयनित किया गया है। इसी तरह सभ्यता, संस्कृति एवं धरोहर से जैवविविधता संरक्षण और श्रेष्ठ जैवविविधता प्रबंधन समिति को चयनित किया गया है। इनमें वन्य प्राणियों का संरक्षण के अंतर्गत एक पुरस्कार संस्था को दिया जाएगा। पालतू प्रजातियों का संरक्षण के अंतर्गत एक पुरस्कार व्यक्ति तथा एक पुरस्कार संस्था को दिया जाएगा। जैव संसाधनों के पोषणीय उपयोग के अंतर्गत एक व्यक्ति तथा एक संस्था को पुरस्कृत किया जाएगा। सभ्यता, संस्कृति एवं धरोहर से जैवविविधता के मानव जाति सभ्यता एवं संस्कृति के अंतर्गत एक संस्था को पुरस्कृत किया जाएगा।

---

## चौकी पोड़ी पुलिस ने सटटा पटटी लिखते रंगे हाथों पकड़ा

**कवर्धा।** कबीरधाम पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के द्वारा अवैध जुआ, सटटा, आबकारी तथा महिला संबंधी अपराधो पर अंकुश लगाने जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया गया है, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऋचा मिश्रा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला निमितेश सिंह परिहार के मार्गदर्शन पर चौकी प्रभारी पोड़ी संदीप चौबे द्वारा चौकी क्षेत्रान्तर्गत ग्रामो में भ्रमण कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं। इसी तारतम्य में 10.मई को चौकी पोड़ी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बैहरसरी में अवैध धन लाभ अर्जित करने हेतु अंको पर रूपये पैसो का दांव लगाकर हार जीत का सटटा पटटी लिखकर सटटा खिलाते आरोपी प्यारेलाल डहरिया पिता मोतीराम डहरिया उम्र 28 साल, साकिन बैहरसरी एवं दिलीप गोयल पिता रेवाराम गोयल, उम्र 37 साल साकिन सोडा से आठ नग सटटा पटटी एवं 1670 रूपये आरोपी के कब्जे से गवाहो के समक्ष कब्जा पुलिस लिया गया।

---

# कलेक्टर डॉ.एस भारतीदासन ने कोरोना टीकाकरण केंद्रों का अवलोकन किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. एस भारतीदासन ने अनेक टीकाकरण केंद्रों में पहुंचकर यहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय देवेन्द्र नगर, डिग्री गर्ल्स कॉलेज. रायपुर, शासकीय माध्यमिक शाला पुरैना और शासकीय मातृसदन बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ,मंदिर हसौद के टीकाकरण कार्य का अवलोकन किया।उल्लेखनीय है कि रायपुर जिले में 18 से 44 आयु वर्ग के नागरिकों के कोरोना टीकाकरण के लिए केंद्रों की संख्या 8 से बढ़ाकर 18 की गई है । रायपुर जिले में इसी तरह मारुति मंगलम गुढियारी, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (बी.टी.आई.) परिसर अभ्यास पूर्व मा. एवं प्रा. शाला शंकरनगर, सांस्कृतिक भवन चंगोराभाठा, पं.दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम, सामुदायिक भवन कबीरनगर, अडवानी आलिकान उच्चतर माध्यमिक शाला बीरगांव , शासकीय उच्च माध्यमिक शाला सरोरा,दाऊ पोषण लाल चंद्रवंशी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसतराई धरसींवा, पूर्व माध्यमिक शाला बरबंदा धरसींवा,सांस्कृतिक भवन, वार्ड क्रमांक 18, तिल्दा, भारत देवांगन शा.उ.मा. विद्यालय खरोरा, शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय, अभनपुर, शासकीय हरिहर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा और बद्री प्रसाद लोधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय आरंग में टीकाकरण केंद्र बनाए गए हैं। इन टीकाकरण केंद्रों में 4 काउंटर बनाए गए हैं, जो अंत्योदय राशन कार्डधारियों, बीपीएल राशन कार्डधारियों, एपीएल के साथ-साथ फ्रंटलाइन वर्गों के लिए है।

---

## रविवि ने परीक्षा और परीक्षार्थियों के लिए जारी किया गाइडलाइन

**रायपुर।** समय सारणी जारी करने के बाद अब पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय ने परीक्षा और परीक्षार्थियों के लिए गाइडलाइन जारी किया है. सेमेस्टर के साथ ग्रेजुएशन एवं मास्टर डिग्री के अंतिम साल की भी परीक्षा ऑनलाइन आयोजित होगी. प्रदेश में पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त 144 महाविद्यालय के 2,00,000 से ज़्यादा विद्यार्थी परीक्षा देंगे। कुलपति डॉक्टर केशरी लाल वर्मा ने बताया परीक्षार्थियों के लिए सात बिंदुओं में गाइडलाइन जारी किया गया है. इसमें विद्यार्थी अपने सुविधानुसार अपने घर एवं अन्य जगह से परीक्षा दे सकते हैं. परीक्षार्थी अपने उत्तरपुस्तिका परीक्षा केंद्रों से प्रवेश पत्र दिखाकर ले सकते हैं. विद्यार्थी जारी फार्मेट के अनुसार स्वयं उत्तरपुस्तिका बना सकते हैं. वार्षिक परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी का किसी कारणवश प्रवेश पत्र गुम गया है, तो विश्वविद्यालय की वेबसाइट से पुनः डाउनलोड कर सकते हैं। दूसरी ओर ऑनलाइन परीक्षा होने के कारण पुनर्मूल्यांकन को पुनः गणना की पात्रता नहीं होगी. सूचना के अधिकार के तहत कोई भी उत्तर पुस्तिका नहीं दिया जाएगा. इसके अलावा अगर कोई परीक्षार्थी कोरोना संक्रमण से ग्रसित है तो ऐसी स्थिति में उनको आवेदन करना पड़ेगा।

---

# एक कदम सच्ची सेवा की ओर

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



कोरोना संक्रमण की इस भयावह स्थिति में बिखरती साँसों को यथाशक्ति सँभालने और उन्हें लय देने के इस अनुष्ठान में गुण्डरदेही विकासखंड के शिक्षकों की एक टीम अनवरत क्रियाशील है। गुंडरदेही विकासखंड के शिक्षकों ने स्माल एक्शन ग्रुप 'एक कदम सच्ची सेवा की ओर' तैयार कर मात्र 2 दिवस में टीम तैयार कर शिक्षकों एवं समाजसेवियों से आगे आकर सहयोग करने की अपील की। जिसका लाभ मिलता गया और एक बड़ी धनराशि एकत्रित करने में सफल हुए। विपदा की घड़ी में सामर्थ्यानुसार सभी ने अपना सहयोग प्रदान दिया। जिससे प्रथम चरण में कोविड सेंटर खलारी (गुण्डरदेही) में 1 ऑक्सीजन सिलेंडर फ्लोमीटर सहित, 1 ऑक्सीजन कन्संट्रेटर, 15 पल्स ऑक्सीमीटर, 10 वेपोराईजर मशीन का इंतज़ाम कर सोमवार को बीएमओ गुण्डरदेही डॉ.रेणुका प्रसन्नो, तहसीलदार अश्वन पुसाम, थाना प्रभारी रोहित मालेकर को सौंप दिए। आपदा के भयंकर स्वरूप के समक्ष इनके साधन सीमित हैं पर इन्हीं छोटे-छोटे प्रयासों के साथ अपने संकल्प की असीम शक्ति से यह लड़ाई अवश्य जीतेंगे।

हम सब ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि इस महामारी के संकट से ईश्वर सब को सुरक्षित रखें एवं जो कोविड मरीज हैं वे जल्द ही स्वस्थ होकर अपने परिवार जनों के साथ पहले की ही भांति खुशी पूर्वक रहें।

शिक्षको में ओमप्रकाश देवांगन, छविलाल साहू, तामेश्वर साहू, यशवंत चन्द्राकर, भोलेश महतो, सुभाष गजेन्द्र, युगल देवांगन, बुसरा परवीन, नीलम कौर, दीप्ती पाण्डे, शैलेन्द्र ठाकुर, देवेन्द्र हरमुख, श्रवण यादव आदि ने शिक्षक समुदाय की तरफ से अधिकारियो को यह सामान सौंपा।शिक्षको के इस कार्य को देखकर अन्य कर्मचारी भी एवं लोग भी सहयोग के लिए आगे आ रहे है।

---

## डरने या घबराने की जरुरत नहीं, बचने के उपायों की ओर ध्यान देना होगा

# द आईसीएफएआई विवि में कोविड-19 जागरूकता वेबिनार आयोजित

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com



द आई.सी.एफ.ए.आई विश्वविद्यालय कुम्हारी के तत्वावधान में कोविड-19 जागरूकता कार्यक्रम हेतु, एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रुप में डॉक्टर एम.श्रीनिवास राव एम.डी.डी.एन.बी (कॉर्डियोलॉजी) किम्स हास्पिटल (आंध्रप्रदेश) एवं डॉक्टर के सी गुप्ता उपस्थित थे। इन दिनों चल रही महामारी के लिए उन्होंने विशेष तौर पर इसके बचाव के तरीकों पर अपनी बात रखी। कि हमें किन-किन बातों पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। सार्वजनिक स्थानों और भीड़-भाड़ वाले रास्तों पर जाने से बचना चाहिए, कोई भी बिना मास्क के बाहर ना जायें। सामाजिक दूरी का पूरी तरह पालन करें। खाने-पीने का उचित ढंग से पालन हो। बाजार से लायी गई सब्जियों को हल्के गुनगुने पानी में हल्दी ,नमक मिलाकर धोएं। हल्के से या मामूली लक्षण दिखाई देने पर डॉक्टर की सलाह लें। यदि घर में कोई संक्रमित व्यक्ति है तो उसे एक अलग कमरे में आइसोलेशन में रखें, जहाँ टायलेट की उचित व्यवस्था हो। बुखार, सूखी खांसी होने पर खुद से ही दवाइयों का सेवन ना करे, बल्कि डॉक्टर से सलाह लेकर ही उनका उपयोग करें। खाँसते-छींकते समय टिश्यू पेपर का इस्तेमाल करें, फिर उसे बंद कूड़ेदान में डाल दें। समय-समय पर आक्सीजन लेवल और तापमान जरुर चेक करें। ध्यान रहे यह संक्रमण किसी निश्चित आयुवर्ग के लिए नहीं है। इसलिए सावधानी और सर्तकता अत्यंत आवश्यक है। बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। गंभीर लक्षण होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। ज्यादा तनाव ना लें,पर्याप्त नींद लें और पौष्टिक खाने का सेवन करे। सभी आवश्यक और ऐतिहाती कदम उठाए और सबसे जरूरी आत्मविश्वास बनाए रखें। आगे कोविड-19 की जागरूकता पर आपने बताया कि इस समय यह संकट पूरे विश्व में फैला हुआ है। यह संक्रमण की दूसरी लहर है,इसलिए सर्तकता बहुत जरुरी है। इसके सामान्य लक्षणों में सूखी खाँसी, बुखार, शरीर में दर्द, गंध ना आना ,चक्कर आना, साँस फूलना, श्वास लेने में परेशानी, साथ ही आँखों में दर्द, देखे गए हैं। कई बार बिना लक्षणों के भी हम संक्रमित हो सकते हैं। बहुत अधिक ध्यान छोटी-छोटी बातों पर,जैसे छींक आने पर उनका किसी सामान, या आसपास के स्थान पर गिरना, खाँसते समय मुंह को हाथ से ढंकना, जिससे बैक्टीरिया हाथ में रह जाते हैं,और हाथ ना धोने पर आँखों में जा सकते हैं। अधिक भीड़ वाले स्थानों पर इसके बढ़ने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। यदि शरीर की इम्यूनिटी पावर अच्छा है तो संक्रमण की संभावना कम होती है। इसके लिए कुछ बातें ध्यान में रखना चाहिए, जैसे घर में या जहां आप अधिक समय तक रहते हैं वहां खिड़की,दरवाजे खुले होने चाहिए, ताकि शुद्ध हवा की आवाजाही बनी रहे। वैक्सीनेशन समय पर हो। जो व्यक्ति अन्य बीमारियों से ग्रसित हैं वे अपनी दैनिक दवाएं समय-समय पर लेते रहें। जो संक्रमित होकर हास्पिटल से आए है स्वस्थ्य हो चुके हैं,उन्हें अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके बैक्टीरिया लगभग 14, दिनों में कम होना शुरू होते हैं इसलिए सर्तकता जरुरी है। रक्त की जांच समय पर करवानी चाहिए, योगा, फिजियोथेरेपी, साँस को पूरा रोककर रखें, फिर छोड़े, तब भी हम इस संक्रमण की गंभीरता को जान सकते हैं। हृदय की धड़कन का तेज होना, अथवा किसी भी प्रकार का दर्द होना भी संक्रमण का कारण हो सकता है। यह संक्रमण वर्तमान में हवा के द्वारा भी तेजी से फैल रहा है इसलिए इसका भी ध्यान रखना बेहद जरुरी है। इससे बचने के लिए मास्क और स्वच्छता को आगे आने वाले लंबे समय तक जीवन का सबसे अहम हिस्सा बनाना होगा। वेबिनार के इस क्रम में दूसरे वक्ता के रुप में डॉक्टर ए.सी गुप्ता, कृष्णा हास्पिटल, कुम्हारी ने कुछ और महत्वपूर्ण बातों पर प्रकाश डाला। आपने बताया कि इस संक्रमण में श्वास की सर्वाधिक समस्या दिखाई पड़ रही है इसलिए और ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। इस संक्रमण से आसानी से बचाव किया जा सकता है ,जैसे कुछ जरूरी बातें, हमारा इम्यूनिटी सिस्टम ठीक रहे, आक्सीजन की मात्रा 98 से कम ना हो। सामान्य लक्षण हो तो घर में आइसोलेटेड हों यदि गंभीर लक्षण हो तो हास्पिटल ले जाने में देरी ना करें।

---

## नगर पंचायत जैजैपुर में जिला दंडाधिकारी का आदेश का खुलेआम अवहेलना

**जैजैपुर।** नगर पंचायत जैजैपुर में 13 अप्रैल से लाक डाउन जिला कलेक्टर के आदेशानुसार लगाया गया है जहां पर देखने वाली बात यह है कि आज पूरे देश में कोविड-19 वैश्विक महामारी का प्रकोप जारी है। उसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में भी लॉकडाउन जारी किया गया है लेकिन जिला दंडाधिकारी जांजगीर चांपा ने 13 अप्रैल से 15 मई तक की लॉकडाउन का घोषणा किया है। लेकिन नगर पंचायत जैजैपुर में जब से लाक डाउन का आह्वान हुआ है तब रात के समय में दोपहिया वाहनों में 3 से 5 यात्री तक लोग अपने परिजन के यहां आना-जाना कर रहे हैं रात्रि में किसी प्रकार की रोकथाम नहीं होने की वजह से यहां से लोग अपने अपने परिचित के घर खुलेआम आवाजाही कर रहे हैं। लेकिन दिन में जो नगर पंचायत में बैरिकेड बनाया गया है वहां पर भी किसी प्रकार की रोकथाम नहीं हो रही है ,जिससे यात्री अपने बाइक एवं फोर व्हीलर में खुलेआम आ जा रहे हैं। जबकि अन्य जगहों पर प्रतिबंध पूर्ण रूप से लगा हुआ है। लेकिन नगर पंचायत जैजैपुर एक ऐसा जगह है जहां पर रात को मुसाफिर अधिक संख्या में आवागमन कर रहे हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403